CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 17°C

नई दिल्ली, बुधवार 1 अप्रैल 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 358 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2083 | 12 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तराखंड की कानून व्यवस्था हो चुकी है ध्वस्त : राहुल गांधी पेज 2



'सीएसके छोड़ना इमोशनल था': रवींद्र जडेजा खेल टाइम्स



ईरान-इजरायल युद्ध का भारत पर प्रभाव सम्पादकीय



ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने को तैयार ट्रम्प पेज 12

# होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों पर लगेगा टोल, अमेरिका-इजरायल पर तेहरान का कड़ा प्रहार

**तेहरान।** ईरान की संसद की सुरक्षा समिति ने होर्मुज स्ट्रेट के प्रबंधन से जुड़ी एक बड़ी योजना को हरी झंडी दे दी है। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, इस योजना के तहत इस महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते से गुजरने वाले जहाजों से टैक्स (टोल) वसूला जाएगा।

मीडिया के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग के एक सदस्य ने बताया कि इस योजना को आधिकारिक तौर पर मंजूरी मिल गई है। इसमें कई मुख्य बातों पर ध्यान दिया गया है। इनमें स्ट्रेट की सुरक्षा व्यवस्था, जहाजों की सुरक्षा, पर्यावरण का बचाव और पैसों के लेन-देन के नियम शामिल हैं। खास बात यह है कि जहाजों को



**ईरानी संसद की सुरक्षा समिति से मिली मंजूरी**

टैक्स का भुगतान ईरान की मुद्रा रियाल में करना होगा। इस नई योजना में अमेरिका और इजरायल के जहाजों के प्रवेश पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, उन देशों के जहाजों को भी यहां से गुजरने की अनुमति नहीं मिलेगी जो ईरान के खिलाफ एकतरफा प्रतिबंधों में शामिल हैं। यह योजना इस क्षेत्र में ईरान और उसकी सेना की ताकत को और मजबूत करती है। इस रास्ते के लिए कानूनी ढांचा तैयार करने में ईरान ओमान की मदद लेगा। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका- इजरायल गठबंधन के बीच संघर्ष चल रहा है। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक है। दुनिया भर में होने वाली तेल की सप्लाई का एक बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर जाता है। ईरान इस रास्ते पर अपना पूरा नियंत्रण करना चाहता है।

## कुवैत के तेल टैंकर पर हमला, ईरान का एमक्यू-9 ड्रोन गिराने का दावा

**तेहरान।** ईरान की सेना ने दावा किया है कि उन्होंने मंगलवार को इस्फहान के पास एक एमक्यू-9 ड्रोन को निशाना बनाया है। ईरान का दावा है कि ये ड्रोन अमेरिका-इजरायल का है। ईरानी सेना के हवाले से मीडिया ने बताया कि ड्रोन को इंटरसेप्ट कर तबाह कर दिया गया। ईरान ने अमेरिका-इजरायल के अब तक कुल 146 ड्रोन तबाह करने का दावा किया है। एमक्यू-9 रीपर ड्रोन बेहद खास है और इसे आमतौर पर सर्विलांस और हमलों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह एक महंगा ड्रोन है और इस एक ड्रोन की कीमत करीब 3 करोड़ डॉलर के करीब है। ईरान ने कुवैत के तेल टैंकर को निशाना बनाया है।

## अमेरिकी हमलों में दिल्ली आने वाला ईरानी विमान क्षतिग्रस्त

**तेल अवीव।** ईरान में महान एयरलाइंस का एक प्लेन अमेरिकी हमले में क्षतिग्रस्त हो गया। यह विमान मशहद एयरपोर्ट पर खड़ा था और नई दिल्ली आने वाला था। इसका मकसद भारत से दवाइयों और दूसरी जरूरी राहत सामग्री लेकर जाना था। इस हमले से जहाज को ढांचागत नुकसान पहुंचा और उसमें आग लग गई, जिससे आसपास के पानी में तेल फैलने की आशंका है।

# मुजफ्फरनगर में पति-पत्नी व दो बच्चों के शव मिलने से सनसनी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** नगर के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अन्तर्गत मोहल्ला सरवट में एक घर में इतनी भयावह घटना हुई जहां लोगों के रोंगटे खड़े हो गए और नजारा देखने वालों की रूह कांप उठी। मौके पर पहुंची पुलिस भी काफी देर तक घटना को देखकर आश्चर्यचकित रही, क्योकि सरवट के पेंटर के घर में पेंटर और उसकी पत्नी तथा उसके दो मासूम बच्चों के शव पड़े हुए थे।

मैन गेट की अंदर से कुंडी लगने के कारण यह साफ हो रहा था कि मामला आत्महत्या का है। जिस समय आसपास के लोग मौके पर पहुंचे उस समय घर के मुखिया का शव पंखे में लटक रहा था, जबकि मासूम बच्चों की लाशें बैड पर पड़ी थी और पत्नी का शव फर्श पर पड़ा था। मौके पर पहुंचे जनपद के पुलिस मुखिया और तीनों थानों की फोर्स, विधिविज्ञान प्रयोगशाला की टीम, डॉग स्क्वायड ने गहनता से इस मामले की जांच पड़ताल की और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इसके बाद पुलिस ने घर पर सील लगा दी। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मोहल्ला सरवट निवासी 32 वर्षीय इरशाद पुत्र स्व. जरीफ रंगाई पुताई का काम करता था। इरशाद सरवट महमूद नगर के मेम्बर वाजिद का खानदानी भाई भी था। इरशाद के घर में पूरी रात हलचल व विवाद, चिल्लाने और

**पति द्वारा पत्नी व दोनों बच्चों की हत्या कर जान देने की चर्चा**

गाली-गलौज की आवाजें आती रही, लेकिन सवेरे जब लोगों की आंख खुली, तो इरशाद उसकी 30 वर्षीय पत्नी नूरीन पुत्री महबूब उर्फ मंगल और दो वर्ष के आहिल और दो माह की अक्शा का शव पड़ा हुआ था। यह मानों की इस घर का पूरी तरह चिराग बुझ गया या यूं कहा जाए कि किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी के बाद पूरा ही परिवार खत्म हो गया। बताया जाता है कि मंगलवार सवेरे इरशाद के घर से न तो बच्चे बाहर आए और न ही किसी के बोलने की आवाज सुनाई पड़ी। इरशाद के भाई नौशाद ने आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा खटखटाने पर भी कोई हलचल नहीं हुई जब नौशाद ने ऊपर जाकर देखा, तो उसके भाई इरशाद का शव पंखे में फांसी पर लटक रहा था और भाभी का शव फर्श पर पड़ा हुआ था, जबकि भतीजे और भतीजी की लाशें बैड पर पड़ी थी। इसके बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना के कुछ देर बाद ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और एसएसपी संजय कुमार वर्मा, सीओ सिटी, तीनों थाने की फोर्स, विधि विज्ञान प्रयोगशाला और डॉग स्क्वायड टीम ने जांच पड़ताल शुरू की और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### वायुसेना के लिए 1950 करोड़ की लागत से खरीदे जाएंगे माउंटेन रडार

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में हवाई निगरानी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से भारतीय वायुसेना के लिए संबंधित उपकरणों और आवश्यक बुनियादी ढांचे सहित दो 'माउंटेन रडार' की खरीद के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ लगभग 1,950 करोड़ रुपये की लागत से प्रमुख पूंजीगत अधिग्रहण अनुबंध किया है। इस अनुबंध पर (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के अंतर्गत मंगलवार को यहां रक्षा मंत्रालय और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इसे आत्मनिर्भर भारत और मेक-इन-इंडिया के तहत भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### राजस्थान समेत 5 राज्यों में बारिश के साथ गिरे ओले

**नई दिल्ली।** वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने के कारण 5 अप्रैल तक कई राज्यों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट है। सोमवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान समेत 5 राज्यों में बारिश के साथ ओले गिरे। मौसम विभाग के मुताबिक, 16 राज्यों में बारिश की संभावना है। वहीं दिल्ली में मंगलवार सुबह धुंध छाई रही। राजस्थान के 6 जिलों में सोमवार शाम बारिश हुई, जिससे तापमान में 6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मध्य प्रदेश के 8 जिलों में ओले गिरे। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर समेत चार जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। हिमाचल प्रदेश के रोहतांग में बर्फबारी हुई। जबकि शिमला के कुमारसैन में भारी बारिश से स्टोन फ्रूट की फसल को नुकसान पहुंचा। लद्दाख के द्रास में ताजा बर्फबारी से तापमान गिरा।

### बस्तर में 105 हथियार के साथ 33 नक्सली गिरफ्तार

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर रेंज के चार जिलों में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान कुल 33 कैडर (नक्सलियों) को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने इन अभियानों में भारी मात्रा में हथियार, नकदी और सोना भी बरामद किया है। बीजापुर जिले में 25 कैडर को पकड़ा गया।

# राष्ट्रीय PNG अभियान 30 जून तक बढ़ा

## पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा: ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय है सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया के निरंतर बदलते घटनाक्रम के बीच सरकार निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति, सुरक्षित समुद्री संचालन, पश्चिम एशिया क्षेत्र में रह रहे भारतीय नागरिकों को जरूरी सहायता पहुंचाने और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थिरता बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से समन्वित कदम उठा रही है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मंगलवार को पश्चिम एशिया संकट के कारण उपजी स्थिति से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी देते हुए कहा कि गैस वितरण कंपनियों से पीएनजी कनेक्शनों में तेजी लाने के लिए कहा गया और राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0 को 30 जून तक बढ़ाया गया है। मार्च में 3.1 लाख से अधिक कनेक्शनों में गैस आपूर्ति शुरू की गई और 2.7 लाख से अधिक नए कनेक्शन जोड़े जा रहे हैं और गैस आपूर्ति की जा रही



- सरकार ने गैस वितरण कंपनियों से पीएनजी कनेक्शनों में तेजी लाने के लिए कहा
- मार्च में 3.1 लाख से अधिक कनेक्शनों में गैस आपूर्ति शुरू की गई

है वक्तव्य में कहा गया है कि एक मार्च से प्रतिदिन औसतन 50 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है। साथ ही 23 मार्च से अब तक प्रवासी श्रमिकों को 5 किलोग्राम एफटीएल के 3 लाख 20 हजार सिलेंडरों की बिक्री की गई है। अकेले शनिवार को ही 63 हजार सिलेंडर बेचे गए हैं। सरकार ने अफवाहों पर नियंत्रण के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से सही जानकारी प्रसारित करने का आग्रह किया है। वक्तव्य के अनुसार अब तक 959 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की गई और पिछले 24 घंटों में 9 की वापसी हुई है। पूरे भारत में बंदरगाह संचालन सामान्य है और किसी भी प्रकार की भीड़भाड़ की सूचना नहीं है। पश्चिम एशिया संकट के शुरू होने के दिन 28 फरवरी से अब तक 5.72 लाख से अधिक यात्री भारत लौट चुके हैं। समूचे पश्चिम एशिया क्षेत्र में भारतीय मिशनों की हेल्पलाइन चौबीसों घंटे कार्यरत हैं। वक्तव्य में कहा गया है कि देश में सभी रिफाइनरी उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। देश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त भंडार बना हुआ है। रिफाइनरियों से घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है। सरकार ने कहा है कि कुछ क्षेत्रों में अफवाहों के कारण घबराहट में खरीदारी के उदाहरण देखे गए हैं, जिससे खुदरा आउटलेट पर असामान्य रूप से अधिक बिक्री और भीड़भाड़ हुई है। हालांकि देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सरकार ने दोहराया है कि लोग अफवाहों पर विश्वास न करें। अफवाहों पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकारों से भी प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से सही जानकारी प्रसारित करने का अनुरोध किया गया है। उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए डी-पीएनजी और सीएनजी-परिवहन को 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। ग्रिड से जुड़े औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को उनकी औसत खपत की 80 प्रतिशत आपूर्ति की जा रही है। संचालित यूरिया संयंत्रों को आपूर्ति अब उनके पिछले 6 महीनों की औसत खपत के लगभग 70.75 प्रतिशत पर स्थिर है। आपूर्ति बनाए रखने और पाइपलाइन संचालन संतुलन के लिए अतिरिक्त एलएनजी कार्गो और पुनर्गैसीकृत एलएनजी (आरएलएनजी) भी जुटाए जा रहे हैं।

# आईएएस रिंकू सिंह राही ने दिया इस्तीफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कैडर के 2022 बैच के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से उन्हें कोई जिम्मेदारीपूर्ण पोस्टिंग नहीं दी जा रही थी और न ही कोई सार्थक काम सौंपा जा रहा था।

अपने इस्तीफे में राही ने कहा कि वे उप्र राजस्व परिषद से संबद्ध थे, लेकिन वहां उन्हें केवल वेतन मिल रहा था, जनसेवा का कोई

**'काम नहीं, सिर्फ वेतन', सिस्टम पर उठाए गंभीर सवाल**

अवसर नहीं। उन्होंने इसे अपना नैतिक निर्णय बताते हुए कहा कि बिना काम के पद पर बने रहना उनके सिद्धांतों के खिलाफ है। राही ने अपने पत्र में दावा किया कि प्रशासनिक व्यवस्था के भीतर एक समानांतर तंत्र काम कर रहा है, जिसमें ईमानदार अधिकारियों को प्रभावी भूमिका नहीं दी जाती।

# नालंदा के शीतला माता मंदिर में भगदड़, नौ श्रद्धालुओं की मौत

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में मंगलवार सुबह शीतला अष्टमी के अवसर पर शीतला माता मंदिर में भीषण भगदड़ मच गई, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 8 महिलाएं शामिल हैं, जिनकी भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक पुरुष ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।

बाकी घायलों को इलाज के लिए मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में

- मृतकों में आठ महिलाएं भी शामिल
- आश्रितों को 2-2 लाख रुपये मुआवजे का ऐलान

अफरा-तफरी का माहौल रहा। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मंदिर और मेला को बंद करा दिया है तथा स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास जारी हैं। इस हादसे को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की ओर मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख रुपये मुआवजे का ऐलान किया है। वहीं, घायलों के लिए केंद्र सरकार ने 50-50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की। जबकि राज्य सरकार ने घायलों का पूरा इलाज कराने की घोषणा की है। घटना उस समय हुई जब चैत्र माह के आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। मौके पर मेला भी लगा था, जिससे भीड़ और बढ़ गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ को नियंत्रित करने के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे।

# उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बड़ा एक्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में हाल ही में हुई कानून-व्यवस्था से जुड़ी घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राज्य में किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर सोबन सिंह, उप आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 मसूरी, जनपद-देहरादून और प्रभारी कुठालगेट चौकी उपनिरीक्षक ना.पु अशोक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

**देहरादून में कुठालगेट चौकी इंचार्ज व उप आबकारी निरीक्षक निलंबित**

## मुख्य सचिव के बार संचालन में लापरवाही पर कठोर कार्रवाई के निर्देश

मुख्य सचिव ने बार संचालन के नियमों का पालन ना करने वाले बार और अवैध बार संचालकों पर भी कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपनी ड्यूटी को मुस्तैदी से न करने वाले लापरवाह अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शहर के आसपास के क्षेत्रों में खुले होम स्टे पर भी निगरानी किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए होम स्टे की मैपिंग की जाए एवं निगरानी रखी जाए कि ये होम स्टे जो टूरिज्म प्रमोशन के लिए बने थे, कहीं लगातार बार लाइसेंस लेकर इसका दुरुपयोग तो नहीं कर रहे हैं। किरायेदारों और पीजी में रहने वालों का भी सघन सत्यापन अभियान चलाया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेशभर में तत्काल प्रभाव से व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जाए और सभी अवांछित एवं हुड़दंग करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रोड रेज, फायरिंग और देर रात तक चलने वाली अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता आम जनता की सुरक्षा है और इसके लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को पूरी सख्ती और मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। देहरादून में हालिया घटना के बाद संबंधित -शेष पृष्ठ दो पर

S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
Bhopa Road, Muzaffarnagar
Invites Application for
APPOINTMENT OF ASSTT. PROFESSOR
In The Following Courses:
BBA BCA
BFA B.Sc (Comp.Science)
Eligibility & Salary :- As per UGC & University Norms
Interested candidates can mail their resume within 15 days of publishing of the advertisement to :
sdcmsug236@gmail.com
Or Contact: 8937095006

S.D. COLLEGE OF COMMERCE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Invites Application for
APPOINTMENT OF ASSTT. PROFESSOR
In The Following Courses:
B.Sc. (Computer Science)
B.A. (Economics) B.Sc. (Botany)
M.Com. B.Com.
Eligibility & Salary :- As per UGC & University Norms
Interested candidates can mail their resume within 15 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116

## संक्षिप्त समाचार

### युद्ध लंबा चला तो महंगे हो सकते हैं मोबाइल फोन, कंप्यूटर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण मेमोरी और चिपसेट की आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने लगी है और युद्ध लंबा चलने की स्थिति में मोबाइल फोन, कंप्यूटर और हर उस डिवास के दाम बढ़ सकते हैं, जिनमें इनका इस्तेमाल होता है। भारत में नोकिया इंडिया की प्रबंधक विभा मेहरा ने मंगलवार को एक रिपोर्ट जारी करने के बाद संवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर में बताया कि युद्ध के कारण दूसरी चीजों के साथ मेमोरी और चिपसेट की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। अभी डिवाइसों की आपूर्ति को लेकर कोई समस्या नहीं है, क्योंकि पर्याप्त इनवेंटरी उपलब्ध है, लेकिन युद्ध जारी रहा तो मध्यम अवधि (छह महीने से दो साल) में असर दिखने लगेगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल मेमोरी और चिपसेट के दाम बढ़ने लगे हैं।


### कांग्रेस सांसद तिवारी ने कई मुद्दों पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद एवं राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया है कि देश में नफरत और साम्प्रदायिकता को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने मंगलवार को बयान जारी कहा कि कांग्रेस ने हमेशा नफरत के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और देश की एकता एवं अखंडता के लिए बलिदान दिया है। तिवारी ने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार देश को चलना चाहिए, लेकिन भाजपा समाज में विभाजन पैदा कर रही है। जातिवाद और धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का काम कर रही है, जिससे सामाजिक ताना-बाना कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के बयान गैर-जिम्मेदाराना होते हैं और उन्हें अपने शब्दों पर संयम रखना चाहिए।

## सभी किसानों के लिए फार्मर आइडेंटिटी कार्ड जरूरी: शाही

# यूपी में एमएसपी पर होगी रबी फसल की खरीद

शाह टाइम्स ब्यूरो



- किसानों को डीबीटी के माध्यम से होगा सीधा भुगतान
- फसलों की खरीद 2 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक (90 दिनों) की अवधि में की जाएगी, पेट्रोल-डीजल की अफवाह को बताया निराधार

**लखनऊ।** यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने लोक भवन में प्रेस कांफ्रेंस कर किसानों के लिए कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि मूल्य समर्थन योजना (एमएसपी) किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने की केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसे राज्य स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत सरकार चना, मसूर, सरसों और तूर (अरहर) की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर करेगी, जिनमें चना 5875 प्रति कुंतल, मसूर 7000 प्रति कुंतल, सरसों 6200 प्रति कुंतल, तूर (अरहर) की खरीद 8000 प्रति कुंतल की जाएगी। उन्होंने बताया कि फसलों की खरीद 2 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक (90 दिनों) की अवधि में की जाएगी। मंत्री ने बताया कि खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सभी क्रय केंद्रों पर आधार सक्षम पीओएस मशीनें लगाई गई हैं। इससे किसानों की पहचान सुनिश्चित होगी और भुगतान सीधे उनके आधार-लिंक्ड खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से किया जाएगा। इस वर्ष करीब 190 क्रय केंद्र खोले जाने का प्रस्ताव है। गेहूं की खरीद 1 अप्रैल से 15 जून तक होगी, जबकि सरसों, चना और मसूर की खरीद 30 जून तक चलेगी। आवश्यकता पड़ने पर अरहर की खरीद अवधि भी बढ़ाई जा सकती है। मंत्री ने किसानों से अपील की है किप्रदेश में 25 लाख मीट्रिक टन से अधिक खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर फैलाई गई अफवाहों को भी उन्होंने निराधार बताया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक किसानों को 5660.33 करोड़ की क्षतिपूर्ति दी जा चुकी है।उन्होंने बताया कि कि प्रदेश के सभी किसानों के लिए फार्मर आइडेंटिटी कार्ड बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है। 50 लाख किसान यह कार्ड नहीं बनवा सके हैं, जिन्हें 30 अप्रैल 26 तक का समय दिया गया है।

### योगी की मां पर टिप्पणी करने वाला मौलाना बिहार में धरा गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां पर टिप्पणी करने वाले विवादित मौलाना अब्दुल्ला सलीम को उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने पूर्णिया जिले के अमौर थाना क्षेत्र के दलमालपुर गांव में छापेमारी कर हिरासत में लिया है। एसटीएफ उसे लेकर यूपी आ रही है। इस बाबत एसटीएफ के अधिकारियों का कहना है कि उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार नहीं किया गया है, बल्कि एक मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। मौलाना अब्दुल्ला सलीम मूल रूप से बिहार के अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत महलगांव का निवासी है। उस पर आरोप है कि उसने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके परिवार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं।

# मोदी सरकार की स्मार्ट सिटी योजना धोखा साबित: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



- परियोजना के तहत शहरों के समग्र विकास के बजाय सीमित क्षेत्रों में काम कर उसे बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया गया

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने स्मार्ट सिटी परियोजना को लेकर मोदी सरकार पर हमला करते हुए मंगलवार को इसे 'धोखा' करार दिया और कहा कि यह योजना अपने उद्देश्य से भटक गई और आम नागरिकों को इससे कोई फायदा नहीं पहुंचा।

गांधी ने एक बयान में आरोप लगाया कि परियोजना के तहत शहरों के समग्र विकास के बजाय सीमित क्षेत्रों में काम कर उसे बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया गया, जबकि जमीनी स्तर पर बुनियादी सुविधाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा ष्कोई भी शहर तब तक 'स्मार्ट' नहीं हो सकता, जब तक वह अपने नागरिकों को साफ पानी, स्वच्छ हवा और सुरक्षा जैसी बुनियादी गरिमा उपलब्ध नहीं कराता। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत करीब 48 हजार करोड़ रुपये खर्च होने और 97 प्रतिशत परियोजनाओं के पूरे होने का दावा किया गया, लेकिन वास्तविक स्थिति इससे अलग है। सवाल उठाया कि कितने शहरों में वास्तव में ठोस बदलाव आया और लोगों के जीवन में क्या सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि दूषित पानी, खुले सीवर, गिरते पुल और धंसती सड़कें इस योजना की विफलता को उजागर करती हैं।

# उप्र में पेट्रोलियम उत्पादों की कालाबाजारी पर छापे

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सरकार ने 17000 से ज्यादा स्थानों पर की कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने एलपीजी और पेट्रोलियम उत्पादों की कालाबाजारी पर सख्ती दिखाते हुए 12 मार्च से अब तक पूरे प्रदेश में बड़े स्तर पर कार्रवाई की है। सरकार के मुताबिक इस अवधि में 17,581 छापे और निरीक्षण किए गए, जिससे आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में मदद मिली है।

सरकार द्वारा जारी बयान के अनुसार इस कार्रवाई के दौरान 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य सचिव के निर्देश पर सभी जिलों में प्रशासन अलर्ट मोड में है और जिला पूर्ति अधिकारी तथा अन्य अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं, ताकि आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर और ईंधन मिल सके। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स के खिलाफ 33 एफआईआरकी गई हैं, जबकि अन्य मामलों में 189 एफआईआर, 17 गिरफ्तारियां और 224 लोगों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की गई है। सरकार ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। करीब 91,000 किलोलीटर पेट्रोल और लगभग 1.15 लाख किलोलीटर डीजल स्टॉक में उपलब्ध है। राज्य में 12,888 पेट्रोल पंप सक्रिय रूप से संचालित हैं। 27 से 29 मार्च के बीच हजारों किलोलीटर ईंधन की बिक्री दर्ज की गई, जिससे सप्लाई चेन मजबूत बनी हुई है। राज्य में 4,107 गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# अपराधियों को टिकट नहीं मिलेगा: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



- जनहित के प्रति सरकारों की उदासीनता से जनता त्रस्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि चुनाव में किसी भी आपराधिक छवि वाले को पार्टी टिकट नहीं देगी। साथ ही उम्मीदवारों के चयन में सर्वसमाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

रविवार को लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी की अहम बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों को तेज करने पर जोर दिया। बैठक में मायावती ने पार्टी के पिछले दिशा-निर्देशों की समीक्षा करते हुए कहा कि देश और जनहित के प्रति सरकारों की उदासीनता से जनता त्रस्त है और अब वह उम्मीद भरी नजरों से बसपा की ओर देख रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा, मेहनत और लगन के साथ काम करना होगा, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि खासकर उत्तर प्रदेश जैसे बड़े और गरीब राज्य में रोजगार, महंगाई और आजीविका की समस्याएं लगातार गंभीर होती जा रही हैं। सरकारें इन मुद्दों पर ठोस समाधान देने के बजाय केवल वादों और जुमलेबाजी तक सीमित हैं, जिससे आमजन का जीवन और कठिन हो गया है। मायावती ने अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि वैश्विक तनाव, विशेषकर अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण पेट्रोल, गैस और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मेहनतकश वर्ग पर पड़ा है, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं। उन्होंने आत्मनिर्भरता के मुद्दे पर कहा कि यह केवल नारा नहीं बल्कि इसे वास्तविकता में बदलने की जरूरत है। इसके लिए सरकार को दीर्घकालीन और सर्वसम्मति आधारित नीति बनानी चाहिए। उन्होंने 14 अप्रैल को भीमराव अम्बेडकर जयंती को पूरे प्रदेश में मिशनरी भावना से मनाने का आह्वान किया और लखनऊ स्थित अम्बेडकर स्मारक पर बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धांजलि देने की अपील की। आरक्षण व सामाजिक न्याय के मुद्दों पर केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों पर कहा कि बहुजन समाज के हितों की रक्षा के लिए मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति जरूरी है।

### उत्तराखंड की कानून व्यवस्था हो चुकी है ध्वस्त: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि यह अत्यंत चिंता की बात है कि शांति और सुरक्षा की पहचान रखने वाले उत्तराखंड की कानून व्यवस्था भाजपा शासन में ध्वस्त हो गई है और वहां सीमाओं की रक्षा करने वाले सैन्य अधिकारी भी सुरक्षित नहीं हैं। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को एक पोस्ट में उत्तराखंड की राजधानी देहरादून की कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह से देहरादून में अपराध बढ़ रहे हैं, उससे साबित हो गया है कि भाजपा शासन में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। उन्होंने लिखा- देहरादून में मॉर्निंग वॉक पर निकले एक सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर वी के जोशी की दिनदहाड़े निर्मम हत्या साफ बताती है कि उत्तराखंड की कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। सरहद पर देश की रक्षा में जीवन समर्पित करने वाले ही आज अपने शहर में ही असुरक्षित हैं, आम नागरिक और कई समुदाय डर कर जीने को मजबूर हैं। भाजपा राज में सिर्फ अपराधी बेखौफ और महफूज है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कभी शांति और सुरक्षा की पहचान रहा हमारा उत्तराखंड, आज भाजपा के गैर-जिम्मेदार नेतृत्व में हिंसा, हत्या और भय के साए में सिमट कर रह गया है। गौरतलब है कि राजपुर थानाक्षेत्र के जोहड़ी गांव में युवकों के दो गुटों के बीच फायरिग में सुबह की सैर पर निकले सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर जोशी की गोली लगने से मौत हो गई।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 73583.22
निफ्टी 22819.60



सोना 141000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 225000
प्रति किलो



# एक महीने में 11 फीसदी लुढ़का सेंसेक्स छह साल में पहली बार सालाना गिरावट

मुंबई, वार्ता



- रुपये के लगातार गिरने से विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय पूंजी बाजार से पैसा निकाल रहे, अकेले इक्विटी में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की गई है

पश्चिम एशिया संकट के कारण मार्च में प्रमुख सूचकांकों में 11 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है और कोरोना काल के बाद छह साल में पहली बार वित्त वर्ष के दौरान इसने नकारात्मक रिटर्न दिया है।

वित्त वर्ष 2025.26 के आखिरी कारोबारी दिवस पर सोमवार को बीएसई का संसेक्स 71,947.55 अंक पर बंद हुआ। पूरे वित्त वर्ष के दौरान इसमें 5,467.37 अंक यानी 7.06 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। वित्त वर्ष 2019.20 के बाद यह पहला मौका है जब संसेक्स ने नकारात्मक रिटर्न दिया है। कोरोना के कारण लॉकडाउन लगने से मार्च 2020 में शेयर बाजारों में भारी गिरावट रही थी और 2019.20 में संसेक्स 23.80 प्रतिशत टूटा था। खास बात यह रही कि पहले 11 महीने में फरवरी 2026 तक संसेक्स 3,872.27 अंक ऊपर था, लेकिन मार्च में यह 9,339.64 अंक यानी 11.49 प्रतिशत का गोता लगा गया। पश्चिम एशिया संकट के कारण एक तरफ निवेशक बाजार में जोखिम लेने से कतरा रहे हैं, तो दूसरी तरफ रुपया कमजोर होता जा रहा है। रुपये के लगातार गिरने से विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय पूंजी बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। अकेले इक्विटी में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की है। इससे शेयर बाजार में बड़ी गिरावट देखी जा रही है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक मार्च में 2,847.25 अंक यानी 11.31 प्रतिशत लुढ़ककर 22,331.40 अंक पर बंद हुआ। पूरे वित्त वर्ष के दौरान इसमें 1,187.95 अंक (5.05 प्रतिशत) की गिरावट रही। बड़ी कंपनियों के विपरीत मझौली कंपनियों ने मार्च में बड़ी गिरावट के बावजूद पूरे वित्त वर्ष के दौरान सकारात्मक रिटर्न दिया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 421.75 अंक (2.90 प्रतिशत) की बढ़त से साथ 14,983.35 अंक पर पहुंच गया। मार्च में सूचकांक 10.63 प्रतिशत टूटा है। छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप-100 सूचकांक में सालाना 891.90 अंक यानी 5.54 प्रतिशत की गिरावट रही। मार्च में यह 10.19 फीसदी टूटा है। रुपया फिलहाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर है। यह सोमवार को पहली बार 95 रुपये प्रति डॉलर के पार निकल गया।

# ओद्यौगिक विकास में यूपी की बड़ी छलांग

## नौ साल में 17 हजार से ज्यादा नए कारखाने, 16 लाख से अधिक रोजगार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने औद्योगिक विकास के क्षेत्र में बीते नौ वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। अप्रैल 2017 से अब तक प्रदेश में 17,841 नए कारखानों का पंजीकरण हुआ है, जो स्वतंत्रता के बाद 70 वर्षों (1947 से मार्च 2017) में पंजीकृत 14,178 कारखानों से भी अधिक है। सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार इस तरह प्रदेश में कुल पंजीकृत कारखानों की संख्या बढ़कर 32,019 हो गई है। सरकार की 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' नीतियों, पारदर्शी प्रक्रियाओं और मजबूत कानून-व्यवस्था ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। सिगल विडो सिस्टम, ऑनलाइन क्लीयरेंस, भूमि बैंक और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी सुविधाओं के चलते देश-विदेश के निवेशकों ने यूपी की ओर रुख किया है। यही वजह है कि सितम्बर 2023 से अब तक 10,194 नए कारखानों का पंजीकरण हुआ, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में 4,746 इकाइयां जुड़ी हैं। नए पंजीकृत कारखानों में वर्तमान में 16,53,179 लोग कार्यरत हैं। इनमें 15,29,907 पुरुष और 1,23,272 महिलाएं शामिल हैं। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी प्रदेश में सामाजिक आर्थिक बदलाव का संकेत मानी जा रही है। आंकड़ों के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 10,895 कारखाने पंजीकृत हुए हैं। इसके अलावा मध्य यूपी में 3,526, पूर्वी यूपी में 3,205 और बुंदेलखंड में 215 कारखाने स्थापित किए गए हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकार ने क्षेत्रीय असंतुलन को कम करते हुए सभी क्षेत्रों में उद्योगों को बढ़ावा दिया है। प्रदेश में 14,412 कारखाने ऐसे हैं, जहां 100 तक श्रमिक कार्यरत हैं, जबकि 3,213 कारखानों में 101 से 1000 श्रमिक काम करते हैं। वहीं 118 बड़े कारखानों में 1000 से अधिक श्रमिक कार्यरत हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के साथ-साथ बड़े उद्योगों को भी समान रूप से प्रोत्साहन मिला है। एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर, एयरपोर्ट और लॉजिस्टिक हब जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने विकास को गति दी है। अब केवल कृषि आधारित राज्य न रहकर तेजी से औद्योगिक राज्य के रूप में उभर रहा है, जहां उद्योगों के विस्तार से रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था दोनों को मजबूती मिल रही है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# अमित शाह पर कांग्रेस का हमला

## जयराम रमेश ने कहा- गृह मंत्री ने लोकसभा में चमत्कार कर दिखाया

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने लोकसभा में एक चमत्कार कर दिखाया, जब वे 90 मिनट तक लगातार बोलते रहे। इस दौरान उन्होंने एक बार भी अपने पसंदीदा गाली वाले शब्द का इस्तेमाल नहीं किया।

विपक्षी पार्टी की यह टिप्पणी शाह के उस बयान के एक दिन बाद आई, जिसमें उन्होंने घोषणा की थी कि देश अब नक्सलियों से मुक्त हो गया है, क्योंकि माओवादियों की शीर्ष संस्था और केंद्रीय ढांचा लगभग पूरी तरह से खत्म हो चुका है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया था कि उग्रवादियों द्वारा फैलाई गई हिंसा के लंबे दौर को खत्म करने के लिए उसने कुछ भी नहीं किया। लोकसभा में देश को वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से मुक्त कराने के प्रयासों पर हुई बहस का जवाब देते हुए शाह ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कई बार सार्वजनिक रूप से नक्सलियों के हमदर्दों के साथ देखा गया और उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल से माओवादियों के प्रति हमदर्दी दिखाने वाले वीडियो भी पोस्ट किए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड के...** अधिकारियों के निलंबन को इसी सख्ती का उदाहरण बताते हुए उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। उधर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने मंगलवार को सचिवालय में शहर में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर गृह और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने रोड रेज और हुड़दंग की घटनाओं के बढ़ने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसी घटनाओं रोकने के लिए निगरानी बढ़ाए जाने और हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने देहरादून शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों में पुलिस की गस्त बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसएसपी देहरादून को अपने सभी थानेदारों को पीक आवर में गस्त बढ़ाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डे - नाइट पेट्रोलिंग के साथ ही माह्वनग पेट्रोलिंग को भी बढ़ाया जाए। मुख्य सचिव ने बार और रेस्टोरेंट क्लोजिंग के लिए निर्धारित समय को कठोरता से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सप्ताहांत में देहरादून को पार्टी और हुड़दंगियों को अड्डा न बनने दिया जाए, इसके लिए हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

### यूपी में परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की तैयारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बढ़ती बिजली मांग और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनटीपीसी लिमिटेड ने राज्य में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। कंपनी ने इसके लिए प्रयागराज, ललितपुर और सोनभद्र को संभावित स्थल के रूप में चिन्हित किया है। एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) दिवाकर कौशिक के अनुसार अंतिम निर्णय राज्य सरकार द्वारा व्यवहार्यता अध्ययन और आवश्यक मंजूरियों के बाद लिया जाएगा। परियोजना के लिए भूमि और जल संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि बढ़ती ऊर्जा मांग और जलवायु लक्ष्यों को देखते हुए परमाणु ऊर्जा को कोयला आधारित बिजली के विकल्प के रूप में विकसित किया जा रहा है। हालांकि उत्तर प्रदेश जैसे घनी आबादी वाले राज्य में भूमि उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है। संयंत्र के लिए बड़े भू-भाग के अधिग्रहण और पुनर्वास की प्रक्रिया परियोजना के क्रियान्वयन में बाधा बन सकती है। यह प्रस्ताव एनटीपीसी की 2032 तक कुल स्थापित क्षमता को 149 गीगावाट तक पहुंचाने की योजना का हिस्सा है, जिसमें 60 गीगावाट गैर-जीवाश्म स्रोतों से हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। इस बीच कंपनी के उत्तरी क्षेत्र ने 29 मार्च तक 1,10,992 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया है।

# बच्ची से रेप-हत्या के दोषी को फांसी

## समाज को झकझोरने वाला अपराध: पोक्सो कोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज जिले में विशेष पोक्सो कोर्ट ने एक बहुचर्चित मामले में सख्त फैसला सुनाते हुए आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के दोषी मुकेश पटेल को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। यह घटना प्रयागराज के सोरांव क्षेत्र की है, जहां दोषी ने मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी थी।

विशेष न्यायाधीश (पोक्सो) विनोद कुमार चौरसिया की अदालत ने अपने फैसले में कहा कि यह अपराध 'अत्यंत जघन्य' है और 'समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाला' है। अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में कठोरतम सजा देना न्यायसंगत है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि मृत्युदंड का अर्थ है दोषी को फांसी पर लटकाकर मृत्यु देना। फैसला सुनाते समय अदालत ने अभियोजन और बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलों को सुनने के साथ-साथ केस से जुड़े सभी साक्ष्यों और दस्तावेजों का गहन अवलोकन किया। इसके बाद ही दोषी करार देते हुए मृत्युदंड की सजा सुनाई।

### यह था मामला

बता दें कि 3 अक्टूबर 2024 की शाम करीब 6.30 बजे शिवगढ़ चौराहे के पास लगे दुर्गा पूजा पंडाल में गई आठ वर्षीय बच्ची घर लौटते समय लापता हो गई थी। अगले दिन 4 अक्टूबर 2024 को बच्ची का शव गांव के मुन्ना पहलवान के धान के खेत में नग्न अवस्था में मिला। शव पर अत्यधिक क्रूरता के निशान थे, बच्ची के दोनों हाथ-पैर और सारे दांत टूटे थे, मुंह से खून झाग निकल रहा था और निजी अंग बुरी तरह क्षतिग्रस्त था। पोस्टमॉर्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। पीड़िता की मां ने तहरीर दी, जिसमें आरोप लगाया गया कि दोषी मुकेश पटेल ने बच्ची के साथ रेप कर क्रूरता से हत्या कर दी गई। गवाहों के बयानों के आधार पर दोषी मुकेश पटेल की पहचान और गिरफ्तारी हुई। जांच में यह सिद्ध हुआ कि दोषी ने हत्या, रेप और गंभीर यौन उत्पीड़न जैसे जघन्य अपराध किए हैं। जांच में साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर दोषी की गिरफ्तारी हुई और 10 दिसंबर 2024 को आरोप-पत्र दाखिल किया गया। अदालत ने 21 दिसंबर 2024 को आरोप तय किए और साक्ष्य परीक्षण पूरा होने के बाद 26 मार्च 2026 को दोष सिद्धि सुनाई और 30 मार्च 2026 को दंडादेश पारित किया गया।

## काले बादलों ने जमाया डेरा, कई इलाकों में बारिश

**नई दिल्ली।** मंगलवार दोपहर को राजधानी में मौसम फिर से अचानक बदल गया। जहां आसमान में काली घटाओं ने डेरा डाला और हल्की बारिश ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते मौसम में बदलाव आया है। मौसम विभाग ने 31 मार्च को भी दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में अचानक गरज-चमक के साथ बारिश या बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। इस दिन आसमान में बादलों की मौजूदगी बनी रहने का भी अनुमान है। एक और दो अप्रैल को मौसम सामान्य रहेगा, लेकिन बादल नजर आ सकते हैं। वहीं तीन और चार अप्रैल को दिल्ली में गरज चमक के साथ हल्की बारिश या बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है। इस दिन 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवाएं चलने की संभावना है।

# अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़, चार पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड ने अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर चार ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 1 करोड़ 10 लाख रुपये की कीमत के साइकोट्रॉपिक पदार्थ बरामद किए हैं। इसके अलावा साइकोट्रॉपिक पदार्थों की ढुलाई में इस्तेमाल की जा रही दो स्कूटी भी जब्त की गई है। दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि पूर्वी जिले में ड्रग पेडलर्स, कैरियर, सोर्स आदि को पकड़ने के लिए एसीपी ऑपरेशन पवन कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर अरुण कुमार के नेतृत्व में एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड की टीम का गठन किया गया था। इसके बाद टीम ने स्थानीय मुखबिरों को सक्रिय करके और मानवीय खुफिया जानकारी जुटाकर प्रयास शुरू किए।

इसी बीच 25.मार्च को एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड को एक गुप्त सूचना मिली कि ष्मोहम्मद हसनष(23) नाम का एक व्यक्ति, साइकोट्रॉपिक पदार्थ एमडीएमए सप्लाई करने के लिए, प्रीत विहार, के पास आ रहा है। इस सूचना पर टीम ने प्रीत विहार, कोहिनूर होटल के पास, अपना जाल बिछाकर आरोपी मोहम्मद हसन को उसकी स्कूटी पर पकड़ लिया। उसकी तलाशी लेने पर, उसके कब्जे से 7.58 ग्राम एमडीएमए बरामद हुआ। इसके बाद, प्रीत विहार थाने के तहत मामला दर्ज कर तस्कर/कैरियर मोहम्मद हसन को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वह एमडीएमए अपने अफ्रीकी मूल के ष्सोर्सष (स्रोत) से प्राप्त करता था। इसके बाद 27-मार्च की रात को,टीम ने आउटर रिंग रोड, श्रीनिवासपुरी सब-वे के पास, से सोर्सष/डियूफ सोलोमन उर्फ घ्ऑस्कर (27) को स्कूटी पर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उसकी तलाशी लेने पर, उसके कब्जे से 4.43 ग्राम एमडीएमएष बरामद हुआ। उसके एक अन्य साथी, जिसका नाम बेमाह है (30), को भी पकड़ कर कुल 120.18 ग्राम कोकीन (व्यावसायिक मात्रा) और 15.71 ग्राम एमडीएमए (व्यावसायिक मात्रा), एक तौल मशीन, खाली पॉलीथीन के 2 बंडल, एक इलेक्ट्रिक पैकिंग मशीन, टेप, 4710 रुपये नकद, 6 मोबाइल फोन और 2 पासपोर्ट बरामद किए गए।

# क्रिएटिव कैपिटल व इंटरटेनमेंट हब बन रही दिल्ली: कपिल मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, दिल्ली (आईएफएफडी) के समापन दिवस पर भारत मंडपम में फिल्म 'शतक: संघ के सौ वर्ष' एवं लोकमाता देवी अहिल्याबाई की विशेष स्क्रीनिंग को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिल्लीवासियों, फिल्म प्रेमियों और सिनेमा से जुड़े लोगों ने फिल्में देखीं।



दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने फिल्मों के निर्माता-निर्देशकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी फिल्में नई पीढ़ी को अपने राष्ट्र नायकों और उनके महत्वपूर्ण योगदान से परिचित कराती हैं। शतक' फिल्म के जरिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आधारशिला पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार, गुरूजी माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर एवं पूजनीय बाला साहेब देवरस का राष्ट्रनिर्माण में नेतृत्व और योगदान की प्रस्तुति प्रभावशाली ढंग से की गई है। स्वयंसेवकों का देश के आंदोलनों में योगदान एवं देश के मुश्किल समय में पूर्ण समर्पण से किया गया कार्य लोगों को प्रेरित करता है। जम्मू-कश्मीर को देश का हिस्सा बनाए रखने एवं गोवा की स्वतंत्रता में स्वयंसेवकों का सर्वस्व बलिदान संघ के पूर्ण समर्पण की भावना को अभिव्यक्त करता है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्षों की यात्रा, सेवा कार्यों और सामाजिक योगदान को इस फिल्म के माध्यम से व्यापक समाज तक पहुँचाया गया है। कपिल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आरएसएस एवं जनसंघ के राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत कर संकल्पों को सिद्ध किया है।

बगैर भेदभाव गाँव और गरीब का विकास, अंत्योदय को योजनाओं का आधार बनाना, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना और देश के दुश्मनों को गोली का जवाब गोले से देना ऐसे सभी संकल्प पूरे हुए हैं।लोकमाता देवी अहिल्याबाई पर बनी लघु फिल्म की सराहना करते हुए श्री कपिल मिश्रा ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने में असाधारण भूमिका निभाई है। देश भर के मंदिरों के निर्माण, पुनर्निर्माण और संरक्षण में उनका अभूतपूर्व योगदान रहा। इस वीरांगना ने सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कपिल मिश्रा ने कहा कि कई वर्षों के इन्तजार के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर, वाराणसी में काशी विश्वनाथ, उज्जैन में महाकाल, गुजरात में सोमनाथ, उत्तराखंड में केदारनाथ और मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिरों की भव्यता और दिव्यता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ज के कार्यकाल में लौटी है। उनके नेतृत्व में दिल्ली में सरकार बनते ही कांवड़ पूजा, दशहरा, दीपावली एवं छठ पर्व की रौनक बढ़ गई है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली अब क्रिएटिव कैपिटल एवं इंटरटेनमेंट हब बन रही है।

# सीसीटीएनएस लागू करने में दिल्ली पुलिस सबसे आगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक बार फिर टेक्नोलॉजी पर आधारित पुलिसिंग और डेटा गवर्नेंस में अपनी लीडरशिप साबित की है। उसने सीसीटीएनएस प्रगति डैशबोर्ड पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नंबर एक स्थान हासिल किया है।

साथ ही अपने सीसीटीएनएस ऑपरेशन्स के लिए प्रतिष्ठित आईएसओ 9001:2015 क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम (क्यूएमएस) सर्टिफिकेशन भी प्राप्त किया है। दिल्ली के विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) देवेश चंद्रा श्रीवास्तव ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने इससे पहले लगातार तीन महीनों-अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर 2025 में 100% का परफेक्ट स्कोर हासिल किया था और जनवरी 2026 में पहला स्थान हासिल करके अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखा। इसी शानदार निरंतरता को बनाए रखते हुए, दिल्ली पुलिस ने फरवरी 2026 में एक बार फिर पहला स्थान हासिल किया है, जो डिजिटल पुलिसिंग और डेटा मैनेजमेंट में उसकी लगातार उत्कृष्टता को दर्शाता है। यह उपलब्धि श्नवीन न्याय संहिताश को प्रभावी ढंग से लागू करने और अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम तथा इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) के तहत राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म का मजबूती से उपयोग करने के प्रति संगठन की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रगति डैशबोर्ड, जिसकी निगरानी गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो करते हैं अपनी साख को और मजबूत करते हुए, दिल्ली पुलिस को अपने मानकीकृत और सुदृढ़ सीसीटीएनएस कार्यों के लिए आईएसओ 9001:2015 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) प्रमाणन से सम्मानित किया गया है। यह प्रमाणन सीसीटीएनएस (अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और प्रणाली) के कार्यों को व्यापक रूप से कवर करता है, जिसमें एफआईआर, शिकायतें, जाँच रिकॉर्ड जैसे डिजिटल अपराध रिकॉर्ड का पंजीकरण, प्रसंस्करण, सत्यापन और प्रबंधन, तथा अंतर-राज्यीय डेटा साझाकरण शामिल है।



दिल्ली पुलिस के जवानों ने सीसीटीएनएस प्रगति डैशबोर्ड पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नंबर एक स्थान हासिल किया।

## एक नजर

### ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में प्रमाणित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फिलिप मॉरिस इंडिया ट्रेडिंग को ग्रेट प्लेसेज टू वर्क इंस्टीट्यूट द्वारा लगातार पाँचवें साल ग्रेट प्लेस टू वर्क 2026-27 चुना गया गया है। इस सर्टिफिकेशन से प्रदर्शित होता है कि पीएम इंडिया कार्यस्थल पर लगातार एक प्रगतिशील संस्कृति का निर्माण करने पर केंद्रित है, ताकि कर्मचारियों को सबसे बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके। इस बाबत पीएम इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, नवनील कर ने कहा, "ग्रेट प्लेस टू वर्क का सम्मान पाना हमारे लिए गौरव की बात है। यह सम्मान एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है, जिसमें हर व्यक्ति महत्वपूर्ण, सशक्त और प्रतिदिन सबसे बेहतर काम करने के लिए प्रोत्साहित महसूस करे। किंगशुक दास, डायरेक्टर, पीपल एंड कल्चर, पीएम इंडिया ने कहा, "हमें ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में प्रमाणित होने पर बेहद खुशी है ।

### हनुमान जन्मोत्सव यात्रा में अड़चन

**नई दिल्ली।** यमुनापार की श्री हनुमान जन्मोत्सव पर पिछले 35 वर्षों से मंदिर पर काबिज समिति द्वारा ही प्रतिवर्ष भव्य शोभायात्रा का आयोजन धूमधाम से किया जाता है।इस बार भी मंदिर समिति ने 02 अप्रैल बृहस्पतिवार को शोभायात्रा धूमधाम से निकालने का ऐलान किया है। लेकिन इस बार अड़चन यह आ रही है,कि एक अन्य संगठन ने इसी वर्ष से इसी रुट पर समांतर यात्रा निकालने की इजाजत दिल्ली पुलिस से मांगी है।जिसको लेकर दिल्ली पुलिस में भी संशय की स्थिति बन गई है। गौरतलब है,कि यह यात्रा शाहदरा मक्की सराय से शुरू होकर रोहतास नगर, शिवाजी पार्क, मौजपुर,घोंडा, ब्रह्मपुरी मेन रोड, गली नं.10, ब्रह्मपुरी,एक्स ब्लाक ब्रह्मपुरी से होती हुई ई-3, गली नं 6, ब्रह्म पुरी श्री हनुमान मंदिर पर आकर संपन्न होती है। जिसमें इस रुट के लाखों श्रद्धालु श्री हनुमान बाबा के दर्शन कर आरती उतारते हैं। बहरहाल,सनातन धर्म के अनुयायिओं ने इस समस्या के समाधान के लिए यात्रा मार्ग पर केवल मंदिर पर काबिज वर्तमान समिति को परमिशन देने की मांग की है।

### पाचन स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही

**नई दिल्ली।** भारत में पाचन स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिसका मुख्य कारण तेज जीवनशैली, अस्वस्थ खान-पान और लंबे समय तक बैठकर काम करने की आदतें हैं। पाचन समस्याओं के बढ़ते मामलों के बावजूद, कोलोरेक्टल कैंसर जैसे गंभीर जठरांत्र रोगों के प्रति जागरूकता अभी भी कम है। इसे बेहतर तरीके से समझने के लिए, मर्क स्पेशियलिटीज प्राइवेट लिमिटेड ने "जीवनशैली एवं पाचन स्वास्थ्य जागरूकता सर्वेक्षण" के माध्यम से एक राष्ट्रीय स्तर का धारणा अध्ययन (परसेप्शन ऑडिट) किया। इन निष्कर्षों को दिल्ली प्रेस क्लब ऑफ इंडीया आयोजित वार्तालाप में साझा किया गया, जिसमें डॉ. मनीष सिंघल, उपाध्यक्ष, चिकित्सा ऑन्कोलॉजी, यशोदा मेडिसिटी, दिल्ली; डॉ. शेफाली सरदाना, प्रमुख सलाहकार, चिकित्सा ऑन्कोलॉजी (जठरांत्र एवं स्त्रीरोग कैंसर), इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल, सरिता विहार, अपोलो एथेना वूमेन्स कैंसर सेंटर, डिफेंस कॉलोनी, अपोलो हॉस्पिटल, गुरुग्राम; और डॉ. आदित्य सरीन, सलाहकार चिकित्सा ऑन्कोलॉजी, सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली शामिल थे।

### शिक्षा नेक्स्ट की मल्टी-पार्टनर पहल लांच

**नई दिल्ली।** एक बोल्ड, मल्टी-डोनर एवं बहु वर्षीय पहल 'शिक्षानेक्स्ट', जिसका उद्देश्य ऐडटेक एवं एआई का सदुपयोग कर वंचित समुदायों के बच्चों के लर्निंग के परिणामों में सुधार लाना है; हाल ही में नई दिल्ली में भारत सरकार के माननीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और शिक्षा मंत्रालय के सचिव, आईएएस, संजय कुमार ने इस पहल का लॉन्च किया। शिक्षानेक्स्ट रु 170 करोड़ की तीन वर्षीय पहल है, जिसका उद्देश्य देश भर में 13 मिलियन से अधिक बच्चों को 2029 तक टेक्नोलॉजी एवं एआई-इनेबल्ड लर्निंग के अवसरों के साथ सशक्त बनाना है। माइकल एंड सुसन डेल फाउंडेशन की इंडिया हेड, प्राची जैन विंडलास ने कहा कि "जब लर्निंग को बच्चों के अनुकूल बनाया जाता है, तो वे आसानी से सीखकर आगे बढ़ते हैं।

### समावेशी कार्य स्थल बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर दृश्यता दिवस से पहले, वेदांता लिमिटेड , जो भारत की अग्रणी धातु, तेल एवं गैस, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा और तकनीक कंपनी नेएक समावेशी और समान अवसर वाला कार्यस्थल बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। वर्तमान मेंकंपनी के विभिन्न व्यवसायों में 75 ट्रांसजेंडर कर्मचारी कार्यरत हैं। कंपनी ने अपने संचालन, कॉर्पोरेटऔर तकनीकी भूमिकाओं में प्रतिनिधित्व और समावेशन को लगातार बढ़ाया है, जिसे संगठित नीतियोंऔर कार्यस्थल से जुड़ी सुविधाओं (सक्षमता संबंधी पहल) का समर्थन मिला है।वेदांता का ट्रांसजेंडर कार्यबल उसके कई व्यवसायिक इकाइयों में फैला हुआ है, जिनमें वेदांत एल्युमीनियम, हिंदुस्तान जिंक, सेसा गोवा, फेसर और केर्न ऑयल एंड गैस शामिल हैं। 2022 से कंपनी ने ट्रांसजेंडर समुदाय से विशेष भर्ती शुरू की है, जिसके तहत विभिन्न स्थानों पर कर्मचारियों को शामिल किया गया।

## शीला दीक्षित को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ दिल्ली के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री , केंद्रीय मंत्री और राज्यपाल रहीं स्वर्गीय श्रीमती शीला दीक्षित को आज उनकी 88 वीं जयंती पर उनकी पुण्य स्मृतियों को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा शीला दीक्षित ने जन-भागीदारी है दिल्ली का कायाकल्प किया। मेरी दिल्ली मैं ही संवारूं और भागीदारी जैसी जनहितकारी नीतियों ने उन्होंने दिल्ली के सभी नागरिकों को दिल्ली के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, आधार भूत ढांचागत विकास से दिल्ली में फ्लाईओवरों का निर्माण कार्य कराकर शहर के यातायात को गति दी।

# महावीर जन्म कल्याणक संध्या पर भक्तिव उल्लास का अद्भुत संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव की पावन संध्या पर राजधानी दिल्ली में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अलौकिक वातावरण देखने को मिला।

श्री ऑल इंडिया स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित भव्य भजन संध्या का आयोजन जैन भवन, शहीद भगत सिंह मार्ग, गोल मार्केट, नई दिल्ली में किया गया, जिसने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। इस अवसर पर ऑल इंडिया स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल जैन ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा, "भगवान महावीर का 'जियो और जीने दो' का सिद्धांत आज के अशांत और तनावग्रस्त विश्व में मानवता के लिए सबसे बड़ा मार्गदर्शक है। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक का श्रेय ऑल इंडिया स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल जैन एवं राष्ट्रीय चेयरमैन विजय जैन (पानीपत) को जाता है, जिनके कुशल नेतृत्व, दूरदर्शिता और मार्गदर्शन में यह आयोजन भव्यता के साथ संपन्न हुआ।



# वाहन चोर को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस की एए टीएस ने कुख्यात वाहन चोर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसकी निशानदेही पर तीन चोरी की बाइक बरामद की है।आरोपी नजफगढ़ थाने का बीसी है और पहले भी झपटमारी, लूट, वाहन चोरी और आर्म्स एक्ट के ग्यारह मामलों में शामिल रहा है।

दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम जिले के इलाके में दोपहिया वाहनों की चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एसीपी ऑपरेशन, संघमित्रा की देखरेख में इंस्पेक्टर राम कुमार के नेतृत्व में टीम ने सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया और स्थानीय खुफिया जानकारी जुटाई, जिसके परिणामस्वरूप अब्दुल वाहिद (36) नामक एक सक्रिय वाहन चोर की पहचान हुई, जो दिल्ली कैंट उप-मंडल के इलाके में सक्रिय था। उसकी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी गई। इसी बीच 28 मार्च को, एक गुप्त सूचना पर टीम ने त्वरित छापा मारकर अब्दुल वाहिद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक चोरी की बाइक और एक छोटा चाकू बरामद किया गया। बरामद बाइक डाबरी, थाने के तहत चोरी की पाई गई। इसके अलावा, आरोपी की निशानदेही पर, दो और चोरी की बाइक बरामद की गईं।



एनडीएमसी उपाध्यक्ष त्रिवेणी कला संगम में आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए।

# ब्रजपुरी में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ब्रजपुरी हनुमान वाटिका में कांग्रेस का संगठन सर्जन अभियान, संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प राजधानी दिल्ली के ब्रजपुरी स्थित हनुमान वाटिका में कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन सर्जन अभियान के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री हारून यूसुफ, पूर्व कांग्रेस विधायक हसन अहमद एवं पूर्व विधायक मुकेश शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने अपने संबोधन में कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर बृजपुरी वार्ड की निगम पार्षद नाजिया जावेद, ऑब्जर्वर सुरेन्द्र कुमार, ब्लॉक जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, नेहरू विहार वार्ड ब्लॉक अध्यक्ष अलीम अंसारी, मुस्तफाबाद विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गुलफाम सैफी, बृजपुरी वार्ड ब्लॉक अध्यक्ष हाजी वसीम मलिक, दयालपुर वार्ड ब्लॉक अध्यक्ष तारा भैया तथा बृजपुरी वार्ड से पार्षद पति जावेद चौधरी सहित अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी नेताओं एवं पदाधिकारियों ने संगठन सर्जन अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई ।



# एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने महिला कलाकारों को सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पांच दिन की महिला कला कार्यशाला - 'शक्ति', जो भारतीय कला और संस्कृति में महिलाओं की सृजनात्मकता का एक शानदार उत्सव रहा , जिसे नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ( एनडीएमसी) ने त्रिवेणी कला संगम के साथ मिलकर आयोजित किया था, उसका आज एक भव्य प्रदर्शनी के साथ समापन हुआ, जिसमें कार्यशाला के दौरान बनाए गई शानदार कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया।27 से 31 मार्च, 2026 तक त्रिवेणी कला संगम में हुई इस कार्यशाला में देश भर की 20 जानी-मानी महिला कलाकार शामिल हुई, जिन्होंने अलग-अलग तरह के कलात्मक तरीकों से श्शक्तिश के सार को खूबसूरती से दिखाया ख्र जो औरत की ताकत, हिम्मत और सृजनात्मकता की निशानी है।

आखिरी दिन, एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और हिस्सा लेने वाले कलाकारों को उनके शानदार योगदान और कलात्मक प्रतिभा के लिए सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में रामेश्वर ब्रूटा, अमिताभ दास, अमर जी जैसे जाने-माने कलाकार भी शामिल हुए। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए चहल ने इस बात पर जोर दिया कि कला हमेशा से पहचान, विरोध और सामाजिक बदलाव को दिखाने का एक ताकतवर जरिया रही है। उन्होंने कहा कि "शक्ति: कार्यशाला का मकसद आज के जमाने के कलात्मक तरीकों के जरिए भारत में महिलाओं की बदलती भूमिकाख्रअतीत, वर्तमान और भविष्यख्रको खोजना और इनमें दृश्यात्मकता को समझाना है।समापन समारोह में कला के विद्यार्थियों, प्रख्यात कलाकारों और कला प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें त्रिवेणी कला संगम के निदेशक - अमर श्रीधरानी , एनडीएमसी एडवाइजर (कला एवं संस्कृति ) हर्षवर्धन, निदेशक (कला एवं संस्कृति ) - कृतिका चौधरी, के साथ ही एनडीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी और दूसरे खास मेहमान भी शामिल हुए।

## रणनीतिक सहयोग किया

**नई दिल्ली।** मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन, चेन्नई ने भारत में जीनोमिक्स और मल्टी-ओमिक्स रिसर्च को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रेमास लाइफ साइंसेज के साथ एक रणनीतिक सहयोग किया है। इस साझेदारी के माध्यम से वैज्ञानिक खोजों की गति को तेज करने और एकीकृत ओमिक्स दृष्टिकोण के जरिए डायबिटीज जैसी पुरानी बीमारियों के बारे में अधिक सूक्ष्म और गहरी जानकारी प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। डॉ. वी. मोहन ने कहा हम डायबिटीज जैसी जटिल बीमारियों को बेहतर ढंग से समझने और प्रबंधित करने के लिए नैदानिक शोध के साथ अत्याधुनिक तकनीकों को एकीकृत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डॉ. आर. एम. अंजना ने कहा, प्रेमास लाइफ साइंसेज के साथ मिलकर काम करते हुए, हमारा लक्ष्य ऐसे प्रभावशाली समाधान तैयार करना है जो हमारी आबादी के लिए प्रासंगिक हों।

# सामूहिक विवाह संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द वेडिंग कंपनी ने शगुन विवाह उत्सव 2026 के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की, जो आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि की महिलाओं के सुरक्षित और सम्मानजनक विवाह का समर्थन करने वाली दिल्ली की एक भव्य सामूहिक विवाह पहल है। इस समारोह का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम स्थित द जोरा कन्वेंशन सेंटर में किया गया, जिसमें वरमाला, फेरे और विदाई जैसे पारंपरिक रीति-रिवाज संपन्न हुए।



लाडली फाउंडेशन के फाउंडर देवेंद्र शास्त्री ने कहा हमारा काम विवाह समारोह के साथ समाप्त नहीं होता ह। हम कौशल विकास और अवसरों के माध्यम से दुल्हनों की मदद करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं जो उन्हें स्वतंत्र और सम्मानजनक जीवन जीने में मदद करते हैं। इस पहल के बारे में बात करते हुए, द वेडिंग कंपनी के सीईओ पवन गुप्ता ने कहा: ष्शगुन विवाह उत्सव सार्थक शुरुआत के लिए सम्मान, जिम्मेदारी और समाज के एक साथ आने का प्रतीक है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### गैंगरेप पीड़िता की मदद करने वाले किसान नेता को मिली

# जान से मारने की धमकी, पुलिस आयुक्त से सुरक्षा की गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष संदीप कुमार को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। संदीप कुमार पुत्र मनवीर सिंह, निवासी ग्राम रईसपुर, जिला गाजियाबाद ने पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को प्रार्थना पत्र देकर अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, संदीप कुमार समाज के गरीब, शोषित और मजदूर वर्ग की आवाज उठाते रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिनांक 07 मार्च 2026 को गोविन्दपुरम, कविनगर निवासी आंचल तेवतिया के साथ हुए कथित गैंगरेप के मामले में पीड़िता और उसके परिवार को न्याय दिलाने के लिए उन्होंने सहयोग किया। इस मामले में मुकदमा अपराध संख्या 148/2026 विभिन्न धाराओं में दर्ज किया गया है।

संदीप कुमार का आरोप है कि आरोपित आशीष उर्फ पिंकू पुत्र राजकुमार और तुषार कुमार पुत्र राजू सहित उनके कुछ साथी लगातार उनकी रेकी कर रहे हैं और उन्हें मुकदमे से दूर रहने तथा समझौता करने के लिए दबाव बना रहे हैं। प्रार्थी के अनुसार, 28 मार्च 2026 से 29 मार्च 2026 के बीच अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल और व्हाट्सएप कॉल कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी 14 मार्च 2026 और 18 मार्च 2026 को प्रशासन को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक उचित कार्यवाही नहीं हुई है। संदीप कुमार ने आशंका जताई है कि उन्हें और उनके परिवार को गंभीर खतरा है।

पीड़ित किसान नेता ने पुलिस आयुक्त से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए।

# खुला डीजल न मिलने से किसान परेशान

## जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर लगाई गुहार

**गाजियाबाद।** ईरान-इजराइल के बीच रही जंग के चलते भारत में भी डीजल-पेट्रोल को लेकर पंप मालिकों को कुछ गाइडलाइन दी गई हैं। इसे लेकर किसानों का कहना है कि खुला डीजल न मिलने के चलते उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर किसानों ने जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ के नाम ज्ञापन भी सौंपा है। किसानों का कहना है कि खुला डीजल न मिलने के चलते उनकी मशीनरी का काम प्रभावित हो रहा है।

जब वह खुला डीजल न मिलने की वजह पूछते हैं तो पंप प्रबधंकों द्वारा कोई सटीक जवाब भी नहीं दिया जाता है। किसानों ने मांग करते हुए कहा है कि उनकी फसल खेतों में तैयार खड़ी है जिसे काटने के लिए मशीनरी का उपयोग किया जाता है। किसानों का कहना है डीजल न मिलने चलते वे मशीनरी का उपयोग नहीं कर पाएंगे और खेतों में खड़ी फसल बर्बाद हो जाएगी।



उन्होंने मांग की है कि किसानों को खुला डीजल देने की पंप मालिकों को अनुमति दी जाए। ज्ञापन देने वालों में हरिओम त्यागी, संदीप त्यागी, मनोज त्यागी, प्रिंस त्यागी, अनिल कुमार त्यागी आदि शामिल रहे।

# हाऊस टैक्स वृद्धि के विरोध में सौंपा ज्ञापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में नगर निगम घ्द्वारा हाउस टैक्स में की गई अव्यावहारिक वृद्धि को निरस्त कर पूर्व दरों पर संशोधित बिल जारी कराने एवं दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने हेतु ज्ञापन सौपा गया।

ज्ञापन में मांग की गई कि नगर निगम द्वारा आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों पर हाउस टैक्स में की गई लगभग 300% तक की अत्यधिक एवं अव्यावहारिक वृद्धि ने जनपद के आम नागरिकों, व्यापारी वर्ग तथा मध्यमवर्गीय परिवारों को गंभीर आर्थिक संकट में डाल दिया है। यह वृद्धि पूर्णत: जनविरोधी प्रतीत होती है, जिससे व्यापक असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो गई है। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर कर कि दर 5 गुना से बढ़ाकर 10 गुना किया गया है यह सर्वविदित है कि उक्त कर वृद्धि को नगर निगम बोर्ड की बैठक में माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा सर्वसम्मति से निरस्त किया जा चुका है।

साथ ही महापौर द्वारा भी विभिन्न मंचों एवं माध्यमों से यह स्पष्ट आश्वासन दिया गया था कि इस वृद्धि को लागू नहीं किया जाएगा। ज्ञापन देने वाले निम्न पदाधिकारी व व्यापारीगण उपस्थित रह तरुण शर्मा (मेरठ मंडल युवा प्रभारी), कपेश गर्ग (मेरठ महल युवा अध्यक्ष, दिनेशजैन (जिला- चैयरमेन), नितिन श्रीवास्तव (जिला- चेयरमेन), दुश्यन्त गुप्ता (जिला- संयोजक), प्रवीन शर्मा (सुवा- जिलाध्यक्ष), अनिल गुप्ता (युवा-महानगर अध्यक्ष), राजेन्द्र कुमार (अध्यक्ष- सब्जीमडी), श्रीपाल यादव (अध्यक्ष- अध्यक्ष- विधानसभा), नितिन मित्तल (अध्यक्ष भायिलोड), वेदप्रकाश गौतम (अध्यक्ष- डासनागेट) दिनेश शिशोदिया (अध्यक्ष- चौपला मडिर, अरुण गुप्ता (अध्यक्ष- लुहार पूरा पंचवटी), अनिल कुमार राजपुत (अध्यक्ष- शान्तिनगर), योगेश शमी (अध्यक्ष- बाणु विजयनगर, जितेन्द्र चौपड़ा (अध्यक्ष- सामिल एसार), अमित गुप्ता (अध्यक्ष- सादिवावाद विधानसभा) हाजी मनवर (अध्यक्ष-जस्सीपुरा), व्यापार मण्डल आदि उपस्थित रहे।

## गला दबाकर प्रोफेसर दामाद की हत्या

**साहिबाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र में ससुरालियों ने भनेड़ा गांव की पुलिया पर प्रोफेसर दामाद की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्यारोपित शव सड़क किनारे फेंक कर चले गए। प्रोफेसर ने एक वर्ष पहले दूसरे समुदाय की युवती से प्रेम विवाह किया था। पत्नी नौ माह की गर्भवती है। पति से विवाद होने पर पत्नी मायके चली गई थी। दोनों का फैसला कराने की बात कहकर ससुराल पक्ष के लोग प्रोफेसर को घर से बुलाकर ले गए थे। मृतक के भाई ने दो नामजद समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस दो आरोपितों को गिरफ्तार कर अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी है।

# महावीर जयंती के उपलक्ष में निकाली गई शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** महावीर जयंती के उपलक्ष में शोभायात्रा कौशांबी में निकाली गई। शोभायात्रा के स्वागत में क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल मनोज भी उपस्थित रहे। शोभा यात्रा में आए सभी लोगों का स्वागत कौशांबी निवासियों द्वारा किया गया तथा भगवान महावीर जी की आरती भी की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनीष जैन अनुदीप जैन नवनिर्वाचित जयपुरिया एंक्लेव सोसाइटी के महासचिव पवन गुप्ता ऋतु जैन अमिता जैन मुकेश जैन विकास जैन गौरव जैन मोहित जैन नीतू जैन अनुराधा जैन रितिक जैन निशि जैन मंजू जैन वीर बाल जैन शिमला जैन उत्सव जैन मीतू जैन अनीता जैन अजय जैन अनुज जैन रेनू जैन लक्ष्य जैन निखिल जैन प्रणय जैन तमन्ना जैन अध्ययन जैन शुभम जैन वंश जैन गरिमा जैन अरोड़ा राजेंद्र गोयल मुदित दीक्षित धर्मेंद्र सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मानव कल्याण, शांति, अहिंसा दिवस के रूप में आयोजित किया भगवान महाबीर का जन्मोत्सव

**साहिबाबाद।** लोक शिक्षण अभियान द्वारा भगवान महाबीर का जन्मोत्सव मानव कल्याण, शांति, अहिंसा दिवस के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवि अवधेश कुमार मिश्र एडवोकेट रहे और अध्यक्षता डॉ. देवकर्ण चौहान ने की। राम दुलार यादव शिक्षाविद मुख्य वक्ता के रूप में शामिल रहे। सभी साथियों ने जैन धर्म के 24वें तीर्थांकर महाबीर स्वामी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण करते हुए उनके सन्देश को जन-जन में पहुचाने तथा उनके द्वारा दिये गये प्रेरणादायक विचार पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को कैलाश चन्द्र, जगन्नाथ प्रसाद ने भी संबोधित किया। राजेन्द्र सिंह ने पाखंड पर तथा हुकुम सिंह ने गीत के माध्यम से नफरत पर चोट कर सद्भाव और प्रेम का सन्देश दिया। राम दुलार यादव शिक्षाविद ने कहा कि महाबीर स्वामी द्वारा दिये गये उपदेश मानव जाति के कल्याण के लिए आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने सामज में व्याप्त विषमता, हिंसा, कुरीतियों, छुवाछूत, जातिवाद और



धार्मिक पाखंड का घोर विरोध किया, वह मानव द्वारा मानव के शोषण के विरोधी रहे, लेकिन आज विश्व के विकसित देश, विकासशील या अविकसित देशों के संसाधनों की लूट और शोषण कर रहे है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप शामिल रहे, राम दुलार यादव, कैलाश चन्द्र, अवधेश कुमार मिश्र, विजय भाटी एडवोकेट, ताहिर अली, अनिल कुमार मिश्र, रवि चौहान, राजेन्द्र सिंह, ब्रह्म प्रकाश, मुनीव यादव, जगन्नाथ प्रसाद, मौ. सलाम, हरिकृष्ण, प्रेम चन्द पटेल, हुकुम सिंह, फूल चन्द पटेल, अमृत लाल चौरसिया, उधम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# रिहायशी इलाके में शराब ठेकों का विरोध, कॉलोनीवासियों ने स्थानांतरण की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** थाना क्षेत्र के जागृति विहार, गुलघर रोड सेक्टर-23 स्थित रिहायशी इलाके में संचालित शराब के ठेकों को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करते हुए इन ठेकों को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, जागृति विहार में मंदिर के सामने स्थित अविकसित पार्क के पश्चिमी छोर पर अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानें संचालित हो रही हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा है। आरोप है कि यहां शराब पीने वाले लोग खुलेआम पार्क में बैठकर शराब का सेवन करते हैं और मंदिर



आने-जाने वाले श्रद्धालुओं, खासकर महिलाओं व युवतियों पर अभद्र टिप्पणियां करते हैं।

निवासियों ने बताया कि स्कूल व ट्यूशन जाने वाले बच्चों को भी शराबियों द्वारा परेशान किया जाता है, जिससे क्षेत्र में भय का वातावरण बना हुआ है। इतना ही नहीं, कई बार नशे में धुत लोग आसपास के घरों में खाने-पीने या पानी मांगने के बहाने घुस जाते हैं, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कॉलोनीवासियों का यह भी आरोप है कि संबंधित स्थान पर बिना अनुमति के अवैध निर्माण कर दुकानों का संचालन किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो जनआक्रोश बढ़ सकता है और किसी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि आगामी सत्र 2026-27 में इन दोनों शराब ठेकों को रिहायशी क्षेत्र से हटाकर अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल कायम रह सके।

# धूमधाम से मनाया 1008 स्वामी का जन्म कल्याणक शहर में निकाली गई भव्य रथ यात्रा

**गाजियाबाद।** जैन समाज गाजिह्याबाद ने 1008 महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक मनाया धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर रथ यात्रा व कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता अजय जैन ने जानकारी दी कि महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के महामहोत्सव पर श्री जी की रथ यात्रा निकाली गई।

पात्रों का चयन कूपन द्वारा किया गया जिससे कि बड़े छोटे का भेद भाव न रहे जिसका भाग्य जोर मारेगा वही श्री जी के रथ पर श्री जी को लेकर बैठेगा इसी तरह अन्य पात्रों का भी चयन किया गया। भारी संख्या में बैंड, झाँकी, बग्घी, ताशे, श्री जी के दो रथ, दर्जनों घुड़सवार के साथ साथ



भारी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु मौजूद थे। यह शोभा यात्रा श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर कविनगर से निकलकर कविनगर के विभिन्न ब्लॉकों ए, बी, सी, एल, जे, के आई एफ ई ब्लॉक सहित अनेक ब्लॉक से होते हुए वापस कवि नगर जैन मन्दिर पहुंची। कविनगर जैन मंदिर पहुंचने पर श्रीजी का अभिषेक किया गय जिसके बाद उन्हें मंदिर जी में प्रतिष्ठित कर



दिया गया। अजय जैन ने कहा कि रथ यात्रा निकालने से धर्म की प्रभावना बढ़ती है और घर घर तक भगवान पहुँचते हैं जो बुजुर्ग लोग या अपंग लोग मंदिर में आ करके भगवान जी के दर्शन नहीं कर पाते हैं।

उन्हें भी भगवानजी के दर्शन हो जाते हैं। यह बड़े ही सौभाग्य की बात है जो इस रथ यात्रा में शामिल होते हैं। इस अवसर पर अजय जैन के निवास पर महापौर सुनीता दयाल, विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व महापौर आशु वर्मा, अनिल अग्रवाल पूर्व सांसद, ए सी पी सूर्य बलि मौर्य, आयकर आयुक्त दिल्ली स्मिता सिंह, पूर्व आईएएस चंद्र प्रकाश पांडेय, सरबजीत राम सीनियर पीसीएस, डिप्टी कमिश्नर जीएसटी अनिल जैन, जज पी के जैन समेत तमाम शहर व समाज के प्रतिष्ठित लोगों व अधिकारी और नेतागण उपस्थित रहे।

# महानगर अध्यक्ष से मिलने पहुंचे मनोनित पार्षदगण



**गाजियाबाद।** भाजपा महानगर कार्यालय में शपथ ग्रहण के उपरांत सभी नामित पार्षदों ने अपने प्रथम दिवस पर संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी पार्षदगण महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे।

कार्यालय पहुंचने पर पार्षदों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं माल्यार्पण कर इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि संगठन ने सरकार के सामंजस्य के साथआप सभी को जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह सेवा, समर्पण और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने का अवसर है। इस अवसर पर नामित पार्षदों में प्रमुख रूप से प्रदीप चौधरी, सुनील यादव, सरदार परमजीत सिंह पम्मी, भगवत गुप्ता, अंकुश अरोड़ा, महामंत्री प्रदीप चौहान, पंकज भारद्वाज, गौरव चोपड़ा, प्रीति चंद्रा, सुषमा गंगवार, तरुण शर्मा, अशोक भारतीय, बलराम रावल एवं भाजपा पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज ( जू0 डि0 ), जनपद-गाजियाबाद**
**विविध वाद सं0 13 सन् 2026**
**( कम्प्यूटर रजि0 सं0-63 सन् 2026 )**

पार्थ गर्ग पुत्र स्व० लोकेश कुमार साह आयु 21 वर्ष निवासी डी-2/ एस 2 भारत अपार्टमेन्ट नियर रघुनाथ टेम्पल चन्दर नगर तहसील व जिला गाजियाबाद। आधार नं०- 6672 4820 5973

...प्रार्थी/वादी

**बनाम**

मोना गर्ग पुत्री एल सी गर्ग तलाकशुदा पत्नी स्व० लोकेश कुमार साह निवासी एल सी गर्ग बी-145 सैक्टर-15, गौतम बुद्ध नगर।

...विपक्षी/प्रतिवादी

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमानजी, पार्थ गर्ग वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनराशि करीब 4,90,000/-रुपये लगभग स्व० लोकेश कुमार साह, अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया कि वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 03-04-2026 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 19-03-2026 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया।
मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण। प्रार्थना पत्र 4 ग के अनुसार धनराशि करीब 4,90,000/- रुपये है।

**आदेशानुसार**
**मुंसरिम**
**सिविल जज ( जू0डि0 ), गाजियाबाद।**

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा सनशाइन हॉस्पिटल में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा डी. फार्म (डिप्लोमा इन फार्मेसी) के विद्यार्थियों के लिए हरियाणा के फरीदाबाद स्थित सेक्टर-63 के सनशाइन हॉस्पिटल में एक महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक शैक्षणिक भ्रमण का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना तथा उन्हें वास्तविक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली से परिचित कराना था, जिससे वे अपने भविष्य के पेशे के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। वर्तमान समय में स्वास्थ्य एवं औषधि क्षेत्र में तीव्र गति से हो रहे विकास के कारण केवल पुस्तकीय ज्ञान पर्याप्त नहीं माना जाता। एक सक्षम और दक्ष फार्मासिस्ट बनने के लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों को वास्तविक कार्यस्थल की प्रक्रियाओं, चुनौतियों और कार्य संस्कृति का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हो।

इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए इस शैक्षणिक भ्रमण की योजना बनाई गई, ताकि विद्यार्थियों को अस्पताल के वातावरण, कार्यप्रणाली तथा पेशेवर दायित्वों की गहन समझ विकसित हो सके। प्रो. (डॉ.) शालिनी शर्मा निरंतर अनुभवात्मक एवं कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत रहती हैं।



उनका मानना है कि विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना आवश्यक है, ताकि वे उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें। उनके नेतृत्व में संस्थान नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जो विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक होते हैं। इस कार्यक्रम की सफलता में एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के शीर्ष नेतृत्व का मार्गदर्शन एवं सहयोग भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। चांसलर महेंद्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, माननीय प्रो-चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव, प्रो-चांसलर (शैक्षणिक) विमल कुमार शर्मा, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार तथा रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन द्वारा ऐसे शैक्षणिक एवं व्यावसायिक कार्यक्रमों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाता रहा है। उनकी दूरदर्शी सोच एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप संस्थान न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर है, बल्कि विद्यार्थियों को उद्योग के लिए सक्षम एवं प्रतिस्पर्धी बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# डिलीवरी बॉय की हत्या करने वाले बदमाश मुठभेड़ में घायल, दानों के पैर में लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के डाबड़ी इलाके में ताबड़तोड़ चाकूबाजी कर डिलीवरी बॉय की हत्या और तीन अन्य को घायल करने वाले बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है। इस दौरान दोनों तरफ से गोलियां चलीं। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी हैं। बदमाश की पहचान प्रेम शर्मा और रोहित के रूप में हुई है।

घायल बदमाश को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। साथ ही बदमाश की सूचना मिलने पर द्वारका इलाके में अलग अलग जगहों पर टीम लगाकर घेराबंदी कर चेकिंग अभियान चलाया हुआ था। दोनों जगहों पर बदमाश पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली दोनों बदमाश के पैर में लगी, जिसके बाद वह घायल होकर गिर गए।

पुलिस टीम ने मौके पर ही उन्हें पकड़ लिया और इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार एक बदमाश पहले भी एक आपराधिक मामले में शामिल रहा है। दरअसल द्वारका के मधु विहार इलाके में कहासुनी के बाद दो हमलावरों ने एक युवक पर हमला कर दिया। हमलावरों ने बीच बचाव करने आए तीन अन्य लोगों पर भी चाकू से हमला किया और भाग गए। घायल चारों को पास के अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने 30 साल के गो. विंद झा को मृत घोषित कर दिया। वहीं परवेज हुसैन अनीस और रोहित का इलाज चल रहा है। तीनों बयान देने की हालत में नहीं हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि रविवार की रात डाबड़ी थाना पुलिस को मधु विहार राजापुरी में झगड़े में कुछ लोगों के चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, पीसीआर कर्मी चार घायलों को पास के अस्पताल लेकर जा चुके थे। वहां पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि डॉक्टरों ने मोहन गार्डन निवासी गोविंद झा को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। छानबीन में पता चला कि गोविंद झा स्विगी कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करते थे और अपनी पत्नी और 11 साल के बेटे के साथ मोहन गार्डन में रहते थे। वहीं परवेज हुसैन, अनीस और रोहित राजापुरी इलाके में रहता हैं। परवेज अमेजन के वेयर हाउस में काम करता है। अनीस नोएडा में दर्जी और रोहित पहले चिकन शॉप पर काम करते हैं। मौके पर पूछताछ में पता चला कि रोहित का अपने पड़ोस में रहने वाले दो लड़कों से बैग टकराने को लेकर विवाद हो गया। मारपीट में आरोपियों ने रोहित पर चाकू से हमला कर दिया। यह देखकर परवेज और अनीस रोहित को बचाने का प्रयास करने लगे। हमलावरों ने उन दोनों पर भी चाकू से हमला कर दिया। इसी बीच वहां डिलीवरी के लिए गोविंद झा पहुंचे। चाकूबाजी होता देख वह बीच बचाव करने लगे। हमलावरों ने उनके सीने में चाकू गोद दिया।

## मौसम बदलते ही अस्पतालों में बढ़े खांसी व सर्दी-जुकाम के मरीज

**नई दिल्ली।शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मौसम के उतार चढ़ाव के चलते खांसी और सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। खास बात ये है कि यह खांसी जल्दी ठीक नहीं हो रही और कई लोगों को 10 से 15 दिनों तक परेशान कर रही है। बच्चे ही नहीं, बल्कि बुजुर्ग भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। दिल्ली के बड़े अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। सोमवार को सुबह से ही ओपीडी में लंबी कतारें देखने को मिलीं। पर्चा बनवाने से लेकर डॉक्टर से मिलने तक लोगों को काफी समय इंतजार करना पड़ा। सबसे ज्यादा भीड़ मेडिसिन और बाल रोग विभाग में रही।

वायरल संक्रमण के साथ खांसी के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। खांसी 10 से 15 दिनों में ठीक हो रही है। यही नहीं स्थिति ये है कि खांसी को नियंत्रित करने के लिए डॉक्टर एंटी एलर्जिक दवा, नेबुलाइजर का इस्तेमाल करने की बात कह रहे हैं। इस समय बदलते मौसम में इस तरह की बीमारियां आम हैं, लेकिन इस बार खांसी लंबे समय तक बनी रह रही है। मरीजों को राहत के लिए एंटी-एलर्जिक दवाएं दी जा रही हैं और कुछ मामलों में नेबुलाइजर का भी इस्तेमाल करने की सलाह दी जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार, हर साल मौसम बदलने पर इस तरह की समस्याएं बढ़ जाती हैं।

# चोरी हुए मोबाइल उनके असली मालिकों को लौटाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने खोए/चोरी हुए मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटा दिए है।पुलिस ने कुल 75 मोबाइल फोन बरामद किए थे। बरामद किए गए फोन की अनुमानित कीमत सोलह लाख रूपये है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव कुमार यादव ने बताया कि एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार, अंकुर कुमार, जय सिंह, मनीष यादव और सुकराम की सेंट्रल रेंज, अपराध शाखा कमला मार्केट और एईकेसी, सनलाइट कॉलोनी की टीमों द्वारा लगातार प्रयासों, तकनीकी निगरानी, आईएमईआई डेटा के विश्लेषण और निरंतर फील्ड वर्क के माध्यम से विभिन्न स्थानों से लापता/चोरी हुए उपकरणों को ट्रैक करके 75 खोए/चोरी हुए मोबाइल बरामद किए है। इसमें, 65 मोबाइल फोन सेंट्रल रेंज द्वारा और 10 मोबाइल फोन एईकेसी द्वारा बरामद किए गए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत सोलह लाख रूपये है। एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में, 30 मार्च को एक मोबाइल फोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी बरामद मोबाइल फोन उचित सत्यापन के बाद, उनके असली मालिकों को सौंप दिए गए। लाभार्थियों ने अपने खोए/चोरी हुए मोबाइल फोन को बरामद करने में क्राइम ब्रांच टीम की त्वरित कार्रवाई और समर्पित प्रयासों के लिए उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# कहासुनी के दौरान चाकू मारकर हत्या, साला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के नंद नगरी थाने की टीम ने चाकू मारकर हुई हत्या का मामला सुलझाकर आरोपी साले को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकूख्रबरामद किया है। यह हत्या पारिवारिक विवाद को लेकर हुई कहा. सुनी के दौरान हुई थी।

दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि 29 मार्च की रात को जीटीबी अस्पताल से एक घायल व्यक्ति के भर्ती होने की सूचना मिली थी। अस्पताल पहुँचने पर, नीरज (30) वहाँ भर्ती मिला। इसके बाद नंद नगरी थाने के तहत मामला दर्ज कर एसएचओ नंद नगरी आनंद यादव के नेतृत्व में एक टीम ने जाँच शुरू की गई। जाँ च के दौरान, टीम को पता चला कि घायल व्यक्ति को उसके साले ने चाकू मारा था। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत इकट्ठा किए। इसके बाद इकट्ठे किए गए सुरागों के आधार पर टीम ने आरोपी रमेश (20) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी ने अपराध करने की बात स्वीकार की और बताया कि उसने पारिवारिक विवाद को लेकर हुई कहासुनी के दौरान पीड़ित को चाकू मारा था।पुलिस ने उसकी निशानदेही पर, अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया है। बाद में, इलाज के दौरान पीड़ित की चोटों के कारण मृत्यु हो गई।



विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता रोहिणी में श्री दिगंबर जैन महासभा द्वारा आयोजित स्मृति कार्यक्रम में दिल्ली के नागरिकों के प्रति उनकी समर्पित सेवा के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

# महावीर जयंती अंतरात्मा को परखने का दिव्य आह्वानः गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जो सभी जीवों के प्रति करुणा का भाव रखता है, वही वास्तव में भगवान महावीर के इन शाश्वत सिद्धांतों के साथ उनके बताए मार्ग पर चलता है, दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी में श्री दिगंबर जैन महासभा द्वारा आयोजित एक भव्य स्मृति कार्यक्रम में अपने संबोधन की शुरुआत इन्ही शब्दों के साथ की।

महावीर जयंती के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में आध्यात्मिक उत्साह और वैश्विक शांति का सामूहिक आह्वान था। समारोह के दौरान,विजेंद्र गुप्ता ने पूज्य जैन संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया और दिल्ली के नागरिकों के प्रति उनकी समर्पित सेवा के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

श्रद्धालुओं की विशाल सभा को संबोधित करते हुए, विधानसभा अध्यक्ष ने एक प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने 24वें तीर्थंकर के प्राचीन ज्ञान को आधुनिक शासन और सामाजिक सद्भाव के मार्गदर्शक के रूप में प्रस्तुत किया। विजेंद्र गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि महावीर जयंती केवल एक त्योहार नहीं है, बल्कि ष्आत्मनिरीक्षण और अपनी अंतरात्मा को परखने का एक दिव्य आह्वानष है। राजकुमार वर्धमान के जीवन को याद करते हुए, जिन्होंने शाश्वत सत्य के लिए राजसिंहासन का त्याग कर दिया था, अध्यक्ष ने कहा कि भगवान महावीर ने यह सिद्ध किया कि सच्ची वीरता तलवार की धार में नहीं, बल्कि अपने मन को जीतने और क्रोध, लोभ एवं अहंकार पर विजय प्राप्त करने में निहित है। उन्होंने श्अहिंसा परमो धर्मश को पुनर्व्याख्यायित करते हुए कहा कि अहिंसा कायरता नहीं, बल्कि साहस का शिखर है। विधानसभा अध्यक्ष ने 'अनेकांतवाद' (विचारों की बहुलता) के सिद्धांत पर प्रकाश डालते हुए इसे आज के खंडित समाज के लिए एक ष्उपचारात्मक मरहमष बताया।

# भाजपा ने महिला पिंक कार्ड को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम जाल की निंदा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं महामंत्री एवं सांसद कमलजीत सहरावत ने डी. टी.सी. बसों में लागू महिला पिंक कार्ड को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा फैलाये जा रहे भ्रम जाल की कड़ी निंदा की है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष एवं महामंत्री ने दिल्ली की महिलाओं से इस भ्रम जाल से सावधान रहते हुए अपने पिंक कार्ड को अपनी सुविधानुसार खूब प्रयोग करने का आव्हान किया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की विगत कुछ दिनों से आम आदमी पार्टी नेता महिलाओं को भ्रमित करने की को. शिश कर रहे हैं की यदि पिंक कार्ड को एक बस में टैब कर लिया तो अगले एक घंटे तक यह दुबारा टैब नहीं होगा।



वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की यह पूरी तरह दुष्प्रचार है की पिंक कार्ड एक बार प्रयोग किए जाने के बाद एक घंटे तक दुबारा प्रयोग नहीं हो सकता, कल हमारी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने बस बदल बदल कर जा कर देखा और मात्र आधे घंटे में सफलतापूर्वक तीन बार पिंक कार्ड टैब किया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने दिल्ली की महिलाओं से कहा है की वह दिल्ली में कहीं भी डी.टी.सी. की शानदार ई – बसों के साथ ही देवी बसों में पिंक कार्ड अथवा पिंक टिकट लेकर यात्रा करें।

# वायु प्रदूषण पर एनजीटी सख्त केंद्र व राज्यों को दिया नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सहित विभिन्न शहरों में बिगड़ते वायु प्रदूषण के कारण पैदा हो रहे एक जन-स्वास्थ्य संकट का मुद्दा उठाते हुए दायर की गई याचिका पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, गृह मंत्रालय व दिल्ली सरकार सहित विभिन्न राज्यों की सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। एनजीटी ने उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, बंगाल, उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित अन्य को नोटिस जारी किया। पीपल्स चौरियटियर आर्गनाइजेशन द्वारा दायर याचिका पर एनजीटी चेयरमैन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि इसी तरह का एक मुद्दा पहले से ही ट्रिब्यूनल के सामने लंबित है। एनजीटी जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 14 मई तक के लिए स्थगित कर दी।

याचिका में कहा गया है कि भारत लंबे समय से वायु प्रदूषण के एक बिगड़ते संकट का सामना कर रहा है और इसने एक राष्ट्रीय जन-स्वास्थ्य आपातकाल का रूप ले लिया है। यह भी कहा गया है कि विभिन्न शहर प्रदूषित हवा की एक निरंतर फैली चादर में लिपटा हुआ है। हवा में घुल रहे जहरीले प्रदूषकों की मात्रा लगातार राष्ट्रीय मानकों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य स्वास्थ्य सीमाओं से ज्यादा हो रही है। याचिका में कहा गया कि भारत में हवा के प्रदूषण को अब सिर्फ एक मौसमी या किसी खास जगह की समस्या नहीं माना जा सकता, बल्कि यह एक ढांचागत, राष्ट्रीय समस्या बन चुकी है।

## सोनिया गांधी की तबीयत में सुधार,अस्पताल से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली।** सोनिया गांधी के स्वास्थ्य में सुधार होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अब वह अपने घर पर स्वास्थ्य लाभ लेंगी। सोनिया गांधी को बुखार और सिस्टमिक इंफेक्शन के चलते बीते मंगलवार को सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल की ओर से बताया गया कि सोनिया गांधी अब पूरी तरह स्वस्थ हो चुकी हैं और मंगलवार सुबह उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। सर गंगाराम अस्पताल प्रशासन के अनुसार, उन्हें 24 मार्च की रात बुखार की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। उनकी जांच में सिस्टमिक इंफेक्शन की पुष्टि हुई, जिसके बाद उन्हें एंटीबायोटिक्स के जरिए इलाज दिया गया। अस्पताल के चेयरमैन डा. अजय स्वरूप ने बताया कि सोनिया गांधी का इलाज डाक्टरों की एक विशेषज्ञ टीम डा. डी.एस राणा, डा. एस नंदी और डा. अरूप बसु की निगरानी में किया गया।।

# दो अफ्रीकी नागरिक सहित 4 ड्रग तस्कर धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अफ्रीकी नागरिकों के साथ मिलकर राजधानी में ड्रग का कारोबार करने वाले गिरोह का पूर्वी जिले के एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड ने भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह पिछले एक साल से दिल्ली में ड्रग का धंधा कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में दो अफ्रीकी नागरिकों सहित चार ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान अफ्रीकी नागरिक आस्कर, इसके साथी बेमाह व गीता कालोनी निवासी मोहम्मद हसन इसकी महिला रिश्तेदार व मंडावली निवासी रजिया के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से 120.18 ग्राम कोकीन और 15.71 ग्राम एमडीएमए, इलेक्ट्रानिक पैकिंग मशीन, डिजिटल तराजू, छह मोबाइल फोन, दो पासपोर्ट बरामद, चोरी की स्कूटी बरामद की है। पुलिस के अनुसार इनके पास से पकड़ी गई ड्रग की कीमत 1.10 करोड़ रुपये है।

पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार रावल ने बताया कि पुलिस का नश मुक्त अभियान जारी है। 25 मार्च को एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड को सूचना मिली कि प्रीत विहार की झुग्गियों के पास एक युवक ड्रग लेकर आएगा। स्क्वाड के इंचार्ज अरुण कुमार के नेतृत्व में एसआइ संजीव व विकास कांस्टेबल कौशल की टीम बनाई। टीम ने जाल बिछाकर मोहम्मद हसन नाम के व्यक्ति को 7.58 ग्राम एमडीएमए ड्रगके साथ गिरफ्तार किया।



सफाईकर्मी राहुल के पोस्टमार्टमके बाद जीटीबी अस्पताल के शवगृह पर परिजन प्रदर्शन करते हुए।

# सफाईकर्मी के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंगलवार को जीटीबी अस्पताल के शवगृह पर उस समय स्थिति बिगड़ गई, जब राहुल के शव का पोस्टमार्टम किया जाना था और शवगृह पर सैकड़ो लोग इकट्ठा हो गए और न्याय की मांग करने लगे। शवगृह पर स्थानीय विधायक वीर सिंह धिंगान, विधायक कुलदीप कुमार, पार्षद वीर सिंह पंवार, पार्षद मोहिनी जीनवाल और पार्षद मोहिनी जीनवाल पहुंची और सभी ने मृतक को न्याय और आर्थिक मदद दिलवाने की बात कहीं स स्थिति को देखते हुए सीमा. पुरी थाना पुलिस और जीटीबी एन्क्लेव थाना पुलिस मौके पर मौजूद रही, करीब 40-45 पुलिसकर्मी दोनों थानों के एसएचओ सहित मौके पर मौजूद थे। पोस्टमार्टम के बाद जब राहुल का शव उसके परिजनों को सौंपा गया तो उसके परिजनों और परिचितों ने जीटीबी अस्पताल की लाल बत्ती पर शव रखने का प्रयास किया पर पुलिस समझाने पर शव तो हटा दिया लेकिन कुछ समय के लिए वहां प्रदर्शन पर बैठ गए।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था राहुल को मात्र 350 रूपये रोज दिहाड़ी पर नाले की सफाई के काम पर रखा गया था, उसकी मौत की जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई हो और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

# मानसिक स्वास्थ्य व नशीले पदार्थों के सेवन पर वर्कशॉप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्पोर्ट्स फॉर गुड सिटी दिल्ली और स्लम सॉकर और सीमापुरी स्थित कई सामुदायिक संगठनों जिनमें जन सन्देश जीविशा, टीम उप फॉर ट्रांसफोर्मशन , पीएएनएएम , औरबेसिक फॉउंडेशन के सहयोग से, 27 से 29 मार्च तक दिलशाद गार्डन के चटोरी रेस्टोरेंट में श्मानसिक स्वास्थ्य और नशीले पदार्थों के सेवनश पर एक तीन-दिवसीय वर्कशॉप सफलता पूर्वक आयोजित की। इस ट्रेनिंग को झारखंड स्थित संगठन एकजुटश ने संचालित किया, जो अपने सहभागी दृष्टिकोणों के लिए जाना जाता है; इसके सत्रों का नेतृत्व डॉ. सचिन और बिनीत ने किया। इस ट्रेनिंग में कुल 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिनमें स्पोर्ट्स फॉर गुड सिटी दिल्ली टीम के सदस्य और समुदाय के युवा शामिल थे। इस वर्कशॉप ने मानसिक स्वास्थ्य, भावनाओं और नशीले पदार्थों के सेवन के बारे में उनकी समझ को गहरा किया, साथ ही उन्हें ऐसे सकारात्मक व्यवहार और संचार पद्धतियाँ अपनाने में मदद की जो सामुदायिक जुड़ाव के लिए आवश्यक हैं। इस सहभागी प्रशिक्षण में रोल-प्ले, निर्देशित फील्ड सत्र और सामूहिक चर्चाएँ शामिल थीं, जिन्हें दिल्ली समुदाय के लिए सीखने की प्रक्रिया को प्रासंगिक बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। प्रतिभागियों ने इसमें सक्रिय रूप से योगदान दिया, अपने विचार साझा किए और अपने आस-पड़ोस में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और रोकथाम को बढ़ावा देने के लिए रणनीतियाँ विकसित कीं।

## महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में आज महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुख्यालय के निकट एलपीजी संकट और महिलाओं की सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल हुईं।

# उत्तरी जोन के डीसी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** नगर-निगम मे भ्रष्टाचार की जड़ें इस कदर गहरी हो चुकी है कि नगर-निगम मे हो रही अनिमियताओ की जांच के लिए डिस्ट्रिक के जिस बड़े अधिकारी के पास न्याय की आस लेकर लोग पहुंचते है, उसी अधिकारी (डीसी) को विभाग के एक अन्य अधिकारी से रिश्वत मांगने के जुर्म मे सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। दिल्ली नगर निगम के शाहदरा उत्तरी क्षेत्र कार्यरत डिप्टी कमिश्नर अभिषेक मिश्रा और अकाउंट ऑफिसर दिव्यांशु गौतम को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि डीसी अभिषेक मिश्रा और ऑडिट ऑफिसर दिव्यांशु गौतम ने विभागीय जांच के नाम पर लाइसेंस इंस्पेक्टर से 4 लाख की रिश्वत की मांग की थी, जिसके बाद मामले की शिकायत सीबीआई तक पहुंची। सीबीआई ने जाल बिछाकर दोनों अधिकारियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। इस कार्रवाई के बाद नगर निगम महकमे में हड़कंप मच गया है। शुरुआती जांच में भ्रष्टाचार के और भी पहलुओं के सामने आने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल सीबीआई दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है।

## आईटी नियमन- 2021 में बदलाव का नया मसौदा जारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आईटी नियमन- 2021 में बदलाव का नया मसौदा जारी कर दिया है। इससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स सरकारी निर्देशों की अनदेखी नहीं कर सकेंगे। उन्हें निर्देश, गाइड लाइन, एडवाइजरी माननी ही होगी। यदि वो ऐसा नहीं करते हैं तो संबंधित डिजिटल मीडिया कंपनियां सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराई जाएंगी। इससे इन कंपनियों को सेफ हार्बर के तहत मिलने वाली कानूनी ढाल खत्म कर दी जाएगी। आईटी नियमों में सबसे अहम बदलाव यह है कि प्लेटफॉर्म अपने यूजर्स द्वारा पोस्ट किए गए हर कंटेंट के लिए खुद जिम्मेदार होंगे।

# नशे के लालच में बने चोर, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिम जिले में पुलिस ने नशे की लत और जल्द पैसा कमाने की चाहत में वाहनों की चोरी कर रहे तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान मनजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह और पंकज उर्फ हीरा के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन चाकू और चार बाइक बरामद की है। पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त दरादे शरद भास्कर के अनुसार ऑपरेशन कवच के तहत तिलक नगर थाना पुलिस अपराधियों पर निगरानी रखने के लिए इलाके में गश्त कर रही थी। 29 मार्च को पुलिस टीम ने पीर बाबा मजार के पास बाइक से जा रहे एक युवक को पकड़ा। जांच करने पर पता चला कि उसने तिलक नगर से बाइक चुराई है। तलाशी लेने पर उसके पास से एक चाकू भी मिला। पूछताछ में उसकी पहचान तिलक नगर निवासी 26 साल के मनजीत सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने उसके निशानदेही पर एक और बाइक बरामद कर ली, जिसे उसने द्वारका नॉर्थ से चुराई थी। जांच में पता चला कि मनजीत नशे का आदी है और नशे की लत को पूरा करने के लिए वाहनों की चोरी करता था। आरोपी पर पहले से पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं।

दूसरे मामले में तिलक नगर थाना पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक, चाकू और झपटा गया मोबाइल फोन बरामद किया है। 29 मार्च को पुलिस ने गश्त के दौरान एमआरवी स्कूल के पास से बदमाश को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से चाकू, पर्स और मोबाइल फोन मिला। उसकी पहचान तिलक नगर निवासी 27 साल के दिलप्रीत सिंह के रूप में हुई। उसके पास से बरामद एक बाइक तिलक नगर से चोरी की गई थी। पूछताछ में उसने बताया कि जल्द पैसा कमाने के लिए वह वारदात को अंजाम देता था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी पर पहले से चोरी और झपटमारी के 13 मामले दर्ज हैं। तीसरे मामले में पंजाबी बाग थाना पुलिस ने चोरी की बाइक और चाकू के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार बदमाश की पहचान पश्चिम पुरी निवासी 28 साल के पंकज उर्फ हीरा के रूप में हुई। 29 मार्च को गश्त के दौरान पुलिस ने मादीपुर के कूड़ा खत्ता झील पार्क के पास से बदमाश को पकड़ा। उसके पास से एक चाकू और केटीएम बाइक बरामद की गई। बाइक को बदमाश ने पंजाबी बाग से चुराई थी। पूछताछ में पता चला कि वह पेशे से मजदूर है और जल्द पैसे कमाने के लिए वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस के मुताबिक उसके खिलाफ 15 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं

**उत्तर रेलवे**

**सूचना**

**इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इंजीनियर्स (IRSE) के उन अधिकारियों में से सेक्टर विशेषज्ञों के पैनल में शामिल किए जाने हेतु, जो सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड (SAG) या उससे उच्च पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।**

**अधिसूचना संख्या:– डी पी आर पियर रिव्यू/उ.रे./2026 दिनांक: 29.03.2026**

उत्तर रेलवे द्वारा 22.04.2026 को या उससे पहले, सेक्टर विशेषज्ञों के रूप में पैनल में शामिल करने के लिए **"पीएब–11 और 15 के तहत कार्यों के लिए डीपीआर की सहकर्मी समीक्षा हेतु"** तीन साल की अवधि के लिए वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (एसएजी) या उच्चतर पद से सेवानिवृत्त पात्र आईआरएसई अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

उत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **(https://nr.indianrailways.gov.in)** में अधिसूचना में उपलब्ध विधिवत भरा हुआ हस्ताक्षरित आवेदन, विस्तृत प्रारूप, प्रासंगिक सहायक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

सेक्टर विशेषज्ञों को नियुक्त करने की प्रक्रिया अनुबंध–I में दी गई है, और डी.पी.आर. की पीयर रिव्यू प्रक्रिया अनुबंध–II में दी गई है।

**आवेदन करने की प्रक्रिया:** इच्छुक पात्र अधिकारी अनुलग्नक–बी और सी (संलग्न) के अनुसार निर्धारित प्रारूप में घोषणा पत्र के साथ अपने हस्ताक्षरित आवेदन/सीवी जमा करें और इसे निम्नलिखित पते पर भेजें।

अनुबंध– I, II, बी और सी को ऊपर बताए अनुसार उत्तरी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

**आयु सीमा:** – नोटिस जारी करने की तिथि को 75 वर्ष से अधिक नहीं

**पता:** मुख्य अभियंता/नि./मुख्यालय, कार्यालय, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, चर्च रोड, कश्मीरी गेट, दिल्ली–06

**ईमेल:**– **dycectcnr@gmail.com**

**संपर्क विवरण:**– श्री मित्रपाल तंवर, उप मुख्य अभियंता/निर्माण/टी. एवं सी./उ.रे. मो. 9717630243

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1075/26

# बिजली व्यवस्था हुई स्मार्ट, हापुड़ में प्रीपेड मीटर से बढ़ी पारदर्शिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विद्युत वितरण मंडल हापुड़ में स्मार्ट प्रीपेड मीटर प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन तेजी से किया जा रहा है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य उपभोक्ताओं को पारदर्शी, सरल और आधुनिक बिजली सेवा उपलब्ध कराना है। आधुनिक संचार तकनीक और उच्च सटीकता पर आधारित इस प्रणाली के जरिए उपभोक्ताओं को अब अपनी बिजली खपत की रीयल-टाइम जानकारी मिल रही है, जिससे बिजली उपयोग और भुगतान दोनों में पारदर्शिता आई है।

मंडल में अब तक 24,454 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से 19,969 उपभोक्ता सफलतापूर्वक प्रीपेड प्रणाली से जुड़ चुके हैं।



विभाग के अनुसार यह आंकड़ा उपभोक्ताओं के बढ़ते भरोसे और सहभागिता को दर्शाता है। हालांकि, वर्तमान स्थिति में 15,454 उपभोक्ता नेगेटिव बैलेंस में पाए गए हैं, जिन पर कुल 2639 लाख रुपये बकाया है। नेगेटिव बैलेंस का मतलब है कि उपभोक्ता की प्रीपेड राशि समाप्त हो चुकी है और बिजली खपत के अनुसार अतिरिक्त बकाया बन गया है। बकाया राशि को लेकर विभाग ने सख्ती भी शुरू कर दी है। 5,537 उपभोक्ताओं के कनेक्शन अस्थायी रूप से काटे गए, जिनमें से 4,319 उपभोक्ताओं ने रिचार्ज कराकर अपनी आपूर्ति बहाल करा ली है, जबकि 1,218 उपभोक्ता अभी भी रिचार्ज नहीं करा सके हैं। इस कार्रवाई से विभाग को अच्छा खासा राजस्व प्राप्त हुआ है और उपभोक्ताओं में समय पर भुगतान की जागरूकता भी बढ़ी है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर प्रणाली से उपभोक्ताओं को कई सुविधाएं मिल रही हैं। अब उपभोक्ता मोबाइल ऐप 'यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप' के जरिए अपनी दैनिक, मासिक और प्रति घंटे की बिजली खपत और बैलेंस की जानकारी तुरंत देख सकते हैं। इसके अलावा उपभोक्ता केवल उतनी ही बिजली का भुगतान करते हैं, जितनी उन्होंने उपयोग की है, जिससे बिलिंग प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो गई है। प्रीपेड प्रणाली अपनाने पर निर्धारित दरों पर दो प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है। रिचार्ज की सुविधा भी बेहद आसान है, जिसे मोबाइल, यूपीआई, पेटीएम और गूगलपे जैसे माध्यमों से कहीं भी और कभी भी किया जा सकता है। विभाग के अनुसार सुरक्षा धनराशि को भी उपभोक्ताओं के हित में समायोजित किया जा रहा है। यदि किसी उपभोक्ता पर कोई बकाया नहीं है तो उसकी सिक्योरिटी राशि सीधे प्रीपेड बैलेंस में जोड़ दी जाती है। प्रीपेड में परिवर्तन के बाद 30 दिन का ग्रेस पीरियड दिया जाता है। बैलेंस खत्म होने पर भी तीन दिन का इमरजेंसी क्रेडिट मिलता है। इस प्रणाली की खास बात ऑटोमेटिक रिकनेक्शन सुविधा है, जिसमें रिचार्ज करते ही अधिकतर मामलों में बिजली तुरंत बहाल हो जाती है। अधीक्षण अभियंता हापुड़ ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे स्मार्ट प्रीपेड प्रणाली का अधिकतम लाभ उठाएं, समय-समय पर रिचार्ज करें और अपना बैलेंस सकारात्मक बनाए रखें, ताकि निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

# नाले की टूटी पुलिया और जलभराव से हाहाकार, प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर के वार्ड नंबर-1 स्थित मोहल्ला आदर्श नगर की गली नंबर-6 में लंबे समय से जलभराव की समस्या लोगों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछले एक वर्ष से गली में 24 घंटे पानी भरा रहता है और नाले की पुलिया भी टूटी हुई है, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।

मोहल्ले के निवासियों का कहना है कि जलभराव के कारण क्षेत्र में गंदगी फैल रही है और लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया है। इस संबंध में शोषित क्रांति दल के



वरिष्ठ कार्यकर्ता अजब सिंह ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि क्षेत्र दलित समाज का होने के कारण नगर पालिका के अधिकारी समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं। उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही के साथ-साथ भेदभावपूर्ण रवैया भी बताया है। प्रार्थना पत्र में जिलाधिकारी से मांग की गई है कि जलभराव और टूटी पुलिया की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# चैंबर में तोड़फोड, अधिवक्ता ने पत्नी पक्ष पर लगाया हमला करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर पालिका परिषद स्थित कचहरी परिसर में मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक अधिवक्ता के चैंबर में तोड़फोड़ और अभिलेख नष्ट करने का मामला सामने आया। अधिवक्ता ने अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष के कई लोगों पर चैंबर का ताला तोड़कर सामान क्षतिग्रस्त करने, फाइलें फाड़ने और मारपीट करने का आरोप लगाया है।

मेरठ निवासी अधिवक्ता अमन शर्मा के अनुसार उनका अपनी पत्नी पिंकी शर्मा से पारिवारिक विवाद चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि 28 मार्च को उन्होंने पत्नी व उसके परिजनों के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत पुलिस अधिकारियों और मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई थी। आरोप है कि इसी के बाद मंगलवार दोपहर करीब दो बजे उनकी पत्नी अपने परिजनों के साथ नगर पालिका परिसर स्थित उनके चैंबर नंबर-19 पर पहुंची। अधिवक्ता का आरोप है कि उस समय वह सत्र न्यायालय में थे। इसी दौरान आरोपितों ने चैंबर का ताला तोड़ दिया और अंदर रखी मुकदमों से संबंधित फाइलें, कानूनी किताबें व अन्य दस्तावेज बाहर फेंककर नुकसान पहुंचाया। फर्नीचर में भी तोड़फोड़ करने का आरोप है। अमन शर्मा का कहना है कि सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचे तो आरोपितों ने उनके साथ गाली-गलौंच की और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और



स्थिति को नियंत्रित किया। घटना के दौरान कचहरी परिसर में काफी भीड़ जमा हो गई और कुछ लोगों ने इसका वीडियो भी बना लिया, जो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। पीड़ित अधिवक्ता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामला संज्ञान में है और प्राप्त तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कपड़े के कारोबार का रंजिश में कत्ल, हत्याकांड का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना कपूरपुर क्षेत्र में दो दिन पूर्व हुए इबरत खान हत्याकांड का पुलिस ने सफल खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त अवैध पिस्टल, जिंदा कारतूस, मृतक का मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त टीवीएस मोपेड बरामद की है। पुलिस के अनुसार 28 मार्च 2026 को ब्रजनाथपुर शुगर मिल रोड स्थित नहर किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना पर उच्चाधिकारियों, फॉरेंसिक टीम और स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। मृतक की पहचान इबरत खान पुत्र किश्वर खां निवासी ग्राम उरैना, थाना वजीरगंज जनपद बदायूं के रूप में हुई थी, जो



वर्तमान में हापुड़ के मजीदपुरा क्षेत्र में रहकर कपड़ों की फेरी लगाने का काम करता था।

घटना के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में थाना कपूरपुर पुलिस ने मुकदमा संख्या 39/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी तैय्यब पुत्र इब्बन खां निवासी ग्राम उरैना, हाल पता शिवगढ़ी ईदगाह रोड, हापुड़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक इबरत खान करीब ढाई साल से उसके यहां से कपड़ा लेकर फेरी करता था। करीब डेढ़ माह पहले इबरत ने उसका काम छोड़कर खुद का कारोबार शुरू कर लिया, जिससे वह नाराज था। आरोपी ने कई बार उसे अपने साथ काम करने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं माना। इसी बात से आक्रोशित होकर आरोपी ने इबरत को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और मौका पाकर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर एक अवैध पिस्टल .32 बोर, एक जिंदा कारतूस, टीवीएस मोपेड और मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में पीलीभीत की सड़कों पर उतरे व्यापारी

ihyhHkhrA उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के ज़िला अध्यक्ष एमए जिलानी के आह्वान पर मंगलवार को पूरे पीलीभीत जनपद में प्रीपेड स्मार्ट मीटरों के खिलाफ व्यापारियों ने शंखनाद कर दिया। जनपद की सभी तहसीलों और ब्लॉकों में एक साथ प्रदर्शन करते हुए व्यापारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपनी माँगें रखीं।

ज़िला मुख्यालय पर व्यापारियों का नेतृत्व करते हुए एमए जिलानी ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं और व्यापारियों के लिए जी का जंजाल बन गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन मीटरों की रीडिंग सामान्य से बहुत तेज़ है, जिससे बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। व्यापारियों ने जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुँचकर सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने मांग की है कि जब तक स्मार्ट मीटरों की तकनीकी शुद्धता की निष्पक्ष जाँच नहीं हो जाती, तब तक इनकी स्थापना पर रोक लगाई जाए।

# डीएम का निर्देश रिसर्च सेंटर के रूप में विकसित होगी देवीपुरा गौशाला, किया औचक निरीक्षण

'kkg VkbEl lokn nkrk

ihyhHkhrA जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने मंगलवार को देवीपुरा गौशाला का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में निराश्रित गौवंशों हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया गया कि पशु चिकित्सक द्वारा गोवंशों की देखभाल की जा



रही है। देवीपुरा गौशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निमार्णाधीन नाले के कार्य की गुणवत्ता परखी।

उन्होंने कहा कि गौशाला के तालाब को विकसित कर मत्स्य पालन कराया जाएगा। गौशाला में मोरिंगा मॉडल को अपनाया जाएगा, जनपद की समस्त गौशालाओं में मोरिंगा की पौध लगवाई जाएगी। गौशाला को एक रिसर्च सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा ताकि कृषक, छात्र/छात्राएं गौशाला में आकर नई-नई तकनीक को सीख/देख सके। गौशाला की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को गौ माता की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, पशु चिकित्सक, ग्राम प्रधान, फाउंडेशन के पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 7 साल के मासूम को डीप फ्रीजर में किया बंद, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां चोरी के शक में एक सात वर्षीय मासूम बच्चे को दुकानदार ने डीप फ्रीजर में बंद कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 31 मार्च 2026 को एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हुआ, जिसमें एक छोटे बच्चे को दुकान के अंदर डीप फ्रीजर में बैठाकर बंद किया जाता दिखाई दे रहा था। वीडियो सामने आते ही पुलिस हरकत में आई और तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

जांच में पता चला कि ग्राम शेखपुरा खिचरा में स्थित एक डेंटिंग-पेंटिंग की दुकान पर 30 मार्च को यह घटना हुई थी। आरोप है कि सात वर्षीय बच्चे द्वारा दुकान से कुछ सामान उठाने पर दुकान स्वामी आजाद पुत्र जाहिद निवासी बझेड़ा कला, थाना कपूरपुर ने उसे डराने के उद्देश्य से डीप फ्रीजर में बंद कर दिया। हालांकि पुलिस के मुताबिक बच्चे को कुछ ही समय के लिए फ्रीजर में रखा गया था, लेकिन इस कृत्य को लेकर क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना धौलाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और लोग इस तरह की अमानवीय हरकत की कड़ी निंदा कर रहे हैं।

### साइबर अपराधियों पर वार, पुलिस ने 100प्रतिशत रकम वापस दिलाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गढ़मुक्तेश्वर की साइबर क्राइम टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए ठगी का शिकार हुए एक पीड़ित के पूरे एक लाख रुपये वापस कराए हैं। त्वरित कार्रवाई से न केवल पीड़ित को राहत मिली, बल्कि पुलिस की कार्यशैली की भी सराहना हो रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार कस्बा गढ़मुक्तेश्वर स्थित रिफ्यूजी कॉलोनी निवासी राज कुमार साइबर ठगी का शिकार हो गए थे, जिनके खाते से एक लाख रुपये की धनराशि धोखाधड़ी के माध्यम से निकाल ली गई थी। मामला संज्ञान में आते ही थाना गढ़मुक्तेश्वर की साइबर क्राइम टीम ने बिना देरी किए संबंधित बैंक, पेमेंट गेटवे और मर्चेंट से संपर्क स्थापित किया। लगातार समन्वय और त्वरित प्रयासों के चलते टीम ने पीड़ित की पूरी धनराशि एक लाख रुपये शत-प्रतिशत वापस कराने में सफलता प्राप्त की। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित राज कुमार ने हापुड़ पुलिस का आभार जताते हुए टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि समय रहते पुलिस की सक्रियता के कारण उन्हें बड़ी राहत मिली है। थाना प्रभारी ने आमजन से अपील की है कि साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्क रहें, किसी भी अनजान कॉल, लिंक या ओटीपी साझा करने से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर नुकसान को रोका जा सके।

### दुनिया को युद्ध नही बुद्ध के शान्ति की आवश्यकता: ब्रजेश पाठक

y[kuÅA उ0प्र0 के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज कहा कि दुनिया को युद्ध नहीं वरन बुद्ध के शांति के संदेश की आवश्यकता है। पाठक आज डॉ0 आंबेडकर महासभा ट्रस्ट की ओर से उद्यान भवन के सभागार में आयोजित सेमिनार ''विश्व युद्ध के खतरे और बुद्ध की प्रासंगिकता'' विषय पर मुख्य अतिथि के रूप में सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। पाठक ने सनातन धर्म के वसुधैव कुटुम्बकम का जिक्र करते हुए कहा कि हम भारत के लोग सनातन परम्परा में विश्वास रखते हैं, हमारे यहां महिलाएं विभिन्न पर्वो एवं त्योहारों पर पीपल और बरगद के वृक्ष पर धागा बांधती है, उनकी रक्षा की कामना करती है मगर आज दुनिया में जो घटित हो रहा है, वह बहुत चिन्ताजनक है। उन्होने कहा कि पूरी मानवता की रक्षा के लिए भारत को नेतृत्व करना होगा क्योकि भारत भूमि से दुनिया में बुद्ध के शान्ति का संदेश का प्रसार हुआ। सेमिनार में आधार पत्र रखते हुए पूर्व राज्यमंत्री एवं सदस्य विधान परिषद डॉ0 लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि आज दुनिया विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी हुयी है।

# रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह की पत्नी के निधन पर शोक

'kkg VkbEl lokn nkrk

y[kuÅA राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता आदित्य विक्रम सिंह की पत्नी श्रीमती कुमुद सिंह का आज हृदयाघात (हार्ट अटैक) के कारण दुखद निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन की खबर से पार्टी कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई है।

श्रीमती कुमुद सिंह एक सौम्य, सरल एवं सामाजिक प्रवृत्ति की महिला थीं। उनका जीवन परिवार एवं समाज सेवा के प्रति समर्पित रहा।

राष्ट्रीय लोकदल परिवार ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है तथा ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# सेल्फश्वस की बिक्री एवं प्रयोग पर नियंत्रण के लिए सरकार ने किए दिशा-निर्देश जारी

y[kuÅA जनपद के समस्त कीटनाशक विनिर्माता, स्टॉकिस्ट, वितरक (क्पेजतपइनजवते), कम्पनी स्टॉक एण्ड सेल प्वाइंट, थोक एवं फुटकर कीटनाशक विक्रेता, एग्रीजंक्शन, एफ0पी0ओ0, साधन सहकारी समिति एवं पेस्ट कण्ट्रोल ऑपरेटर्स को सूचित किया जाता है, कि भारत सरकार से कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं कीटनाशी अधिनियम 1971 के अन्तर्गत सेल्फॉस के रेगुलेशन के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

एल्यूमीनियम फॉस्फाइड (।स्च्) जिसे आम बोल-चाल भाषा में सेल्फास भी कहा जाता है, जो एक खतरनाक जानलेवा कीटनाशक है जिसके दुर्घटनावश प्रयोग से जीवन खतरे में पड़ सकता है। जिसके लिये भारत सरकार द्वारा सल्फास बिक्री के कड़े नियम बनाये गये हैं।

उक्त जानकारी देते हुये जिला कृषि रक्षा अधिकारी महेश चन्द्र ने आगे बताया कि सेल्फास प्रतिबंधित प्रयोग श्रेणी का रसायन है। एल्युमिनियम फॉस्फाइड से कीट नियंत्रण कार्य केवल सरकार अथवा सरकारी उपक्रमों अथवा सरकारी संगठनों अथवा कीट नियंत्रण संचालकों द्वारा सरकारी विशेषज्ञों या ऐसे विशेषज्ञों की कड़ी निगरानी में ही किए जा सकते हैं जिनकी विशेषज्ञता भारत सरकार के पादप संरक्षण सलाहकार द्वारा अनुमोदित हो, सिवाय एल्युमिनियम फॉस्फाइड 15.12 ग्राम टैबलेट और एल्युमिनियम फॉस्फाइड 6. टैबलेट के साथ ही एल्युमिनियम फॉस्फाइड की 3 ग्राम की 10 और 20 गोलियों की क्षमता वाले ट्यूब पैक का उत्पादन, विपणन और उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। ALP के घरेलू उपयोग और खुले में भंडारण पर पूरी तरह प्रतिबंध है।

अतः इसका प्रयोग केवल सरकारी एजेन्सी या कॉमर्शियल पेस्ट कण्ट्रोल ऑपरेटर के द्वारा ही किया जा सकता है।

किसी अन्य कीटनाशक विक्रेता द्वारा सामान्य उपयोग हेतु विक्रय करने पर उसका कीटनाशक लाइसेन्स भी निरस्त किया जायेगा। प्रतिबंधित प्रयोग श्रेणी के रसायन होने के कारण रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट के साथ दिये गये लेबल एवं लीफलेट का अनिवार्य रूप से पालन करना सुनिश्चित करें। कीटनाशी नियमावली-1971 की धारा-41 के क्रम में जहां भी कीटनाशक बनाए जाते हैं।

# 6 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस

ihyhHkhrA भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर 6 अप्रैल 2026 को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के निमित्त कार्ययोजना बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी गुलशन आनंद रहे।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की बैठक का संचालन जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्टी के संस्थापक सदस्य श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। जिला प्रभारी गुलशन आनंद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का यह 47 वां स्थापना दिवस है यह हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए एक त्यौहार की तरह है इसे हम सभी कार्यकर्ता बड़े हर्षोल्लास के साथ बूथ स्तर तक मनाएंगे और इसमें सजावट और अन्य तैयारियों में सिर्फ स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग किया जाए इसकी विशेष ध्यान रखना है।

जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि पूर्व में भी वे पार्टी का स्थापना दिवस मनाते रहे हैं लेकिन जिलाध्यक्ष के रूप में ये उनका पहला स्थापना दिवस है इसलिए उनके लिए विशेष महत्व रखता है उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम पार्टी के वर्ष के 6 प्रमुख कार्यक्रमों से एक है और हमारा जिला संगठन की नवनियुक्त जिला इकाई मिल जुलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएगी। इस अवसर पर पार्टी के समस्त जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, सभी मोर्चों के अध्यक्ष,पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सोलर आधारित पानी की टंकियां बनी शोपीस

cklxjeÅA नगर पालिका परिषद द्वारा शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर में लाखों रुपये खर्च कर लगाई गईं सोलर आधारित पानी की टंकियां वर्षों से खराब पड़ी हैं। भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत देने वाली यह योजना अब भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ती दिखाई दे रही है। नागरिकों ने मामले में भारी कमीशनखोरी का आरोप लगाते हुए जिला अधिकारी से जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है।

गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, चौराहों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाखों रुपये की लागत से सोलर आधारित पेयजल टंकियां स्थापित कराई गई थीं। इन टंकियों से राहगीरों, विद्यार्थियों, मजदूरों, दुकानदारों तथा आम नागरिकों को गर्मी के दिनों में ठंडा और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने की योजना थी। लेकिन यह महत्वाकांक्षी योजना शुरू होने के कुछ समय बाद ही दम तोड़ती नजर आई।

नागरिकों का आरोप है कि योजना के क्रियान्वयन में भारी कमीशनखोरी हुई है। जिसके चलते ठेकेदार ने घटिया किस्म का सोलर पैनल, फिल्टर सिस्टम और कूलिंग यूनिट लगाई थी। नागरिकों का कहना है कि कई टंकियां स्थापित होने के तुरंत बाद ही खराब हो गई। लेकिन उनकी मरम्मत कराने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नतीजतन लाखों रुपये की सरकारी धनराशि व्यर्थ चली गई और नगरवासियों को सुविधा का लाभ नहीं मिल सका।

नागरिकों ने यह भी बताया कि वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र समेत नगर के कई स्थानों पर ये टंकियां बंद पड़ी हैं। केवल दिखावे का साधन बनकर रह गई हैं। गर्मी का मौसम शुरू होते ही इनकी उपयोगिता और बढ़ जाती है।

# फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

## क्रूज पर नौकरी का देते झांसा, 150 से ज्यादा से की ठगी, प्रोसेसिंग के नाम पर लेते थे 55 हजार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर 63 व साइबर टीम ने संयुक्त टीम ने एक कॉल सेंटर को पकड़ा है। चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये चारो सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर युवाओं को क्रूज पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी कर रहे थे। ये लोग अप्लाई करने वाले युवाओं से मेडिकल फिटनेस चेकअप कराने, वर्क आर्डर व वीजा दिलवाने के बहाने सर्विस चार्ज वसूल करते है।

इनके पहचान नितिन कुमार, सचिन, अमन कुमार और वीरेन्द्र हुई है। सभी की उम्र 20 से 31 साल के बीच की है। इनके पास से 04 लैपटॉप, 11 मोबाइल फोन व 9 अलग-अलग बैंकों के डेबिट कार्ड, 12 हजार रुपए नगद, 09 ऑफिसियल ऑफर लेटर, 03 सैट स्क्रिप्ट और कालिंग शीट बरामद की गई है। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा आर के गौतम ने बताया कि ये लोग एच 90 सेक्टर 63 में सी जोन रिक्यूरमेंट एंड ट्रेनिंग नाम से फर्जी कॉल सेंटर चला रहे थे। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम व अन्य ऐप्प पर कंपनी का प्रचार करते और लुभावने विज्ञापन देते है। जिसमें क्रूज पर नौकरी दिलाने का झांसा देते है। एक बार आवेदन करने वालों को स्क्रिप्ट पढ़कर सुनाते है।

**ट्रैनिंग के नाम पर लेते 45 हजार:** एक बार फंस जाने के बाद लड़के व लड़कियों से किस्तों में मेडिकल चेकअप के नाम पर 10 हजार रुपये व ट्रेनिंग कराने के बहाने 45 हजार रुपये व वर्क आर्डर व वीजा दिलवाने में सहायता करने के नाम पर 25 हजार रुपये ट्रांसफर व कैश के रूप में लेते है। पैसा लेने के बाद ये लोग मोबाइल नंबर बंद कर देते है। साथ ही आफिस अन्य स्थान पर शिफ्ट कर लेते है। ये पैसा अपने साथियों के बैंक खातों में लेते है। जिसे एटीएम की मदद से निकाल लेते है।

# खुलेंगी 25 नई शराब की दुकानें 30 दुकानों का लगेगा ई-लॉटरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिले में शराब व्यवसाय को नई दिशा देते हुए 25 नई देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों का सृजन किया गया है। कुल 30 दुकानों का आवंटन ई-लाटरी के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें नवसृजित 23 देशी मदिरा दुकानें, एक देशी शराब की पुरानी दुकान, दो कंपोजिट शाप, चार माडल शाप समेत कुल 30 दुकानें शामिल हैं। इन 25 दुकानों के सृजन से जिले में कुल दुकानों की संख्या 526 हो जाएगी। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि द्वितीय चरण की ई-लॉटरी प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक आवेदक 6 अप्रैल को द्वितीय चरण के लिए अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। 7 अप्रैल को आवेदन पत्रों की जांच एवं डाटा लाक किया जाएगा। चयनित आवंटियों को देय राशि जमा करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की गई है। लॉटरी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और डिजिटल होगी। इससे योग्य और ईमानदार व्यवसायियों को मौका मिलेगा। नई दुकानों से जिले की आबकारी आय में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। नई दुकानों के सृजन से राजस्व संग्रह में तेजी से इजाफा होगा।

**अल्फा कमर्शियल बेल्ट की मॉडल शॉप भी शामिल:** जिले पहले से मौजूद दुकानों और लाइसेंस के नवीनीकरण के विभिन्न चरणों में अल्फा एक स्थित कमर्शियल बेल्ट की मॉडल शाप में किसी भी खरीदार ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। पुरानी दुकान होने के कारण इस दुकान के लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क करीब 2.18 करोड़ रुपए से अधिक हो गई है।

इस कारण इसका नवीनीकरण नहीं हो सका है। नए सिरे से इसके नवीनीकरण का प्रस्ताव भेज कर शासन स्तर से अनुमति मांगी गई, जिसके बाद नए 25 दुकानों के सृजन के साथ इस दुकान के लाइसेंस नवीनीकरण के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

# निक्की हत्याकांड में आरोपितों को हो सकती है सजा

■ नौ अप्रैल को दर्ज होंगे बहन कंचन के बयान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** चर्चित निक्की भाटी हत्याकांड मामले में जिला जज अतुल श्रीवास्तव की अदालत में सुनवाई चल रही है। नौ अप्रैल को निक्की की बहन कंचन भाटी के अदालत के सामने बयान दर्ज किए जाएंगे। उनके बयान आरोपितों को करनी की सजा दिलाने में बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। फिलहाल मामले में मुख्य आरोपित निक्की का पति विपिन भाटी अभी भी सलाखों के पीछे हैं। पिछले माह अदालत ने उसकी जमानत याचिका निरस्त कर दी थी।

निक्की भाटी के स्वजन के अधिवक्ता दिनेश कलसन और उधम सिंह तोंगड़ के मुताबिक, कासना कोतवाली क्षेत्र के सिरसा गांव निवासी निक्की भाटी की 21 अगस्त 2025 को पति विपिन भाटी समेत अन्य ससुरालीजनों ने ज्वलनशील पदार्थ डाल कर आग लगा दी थी। गंभीर रूप से झुलसी निक्की की अस्पताल में मौत हो गई थी। निक्की की बहन कंचन घटना के समय घर पर ही मौजूद थी। कंचन की तहरीर पर पुलिस ने पति विपिन, सास दया, ससुर सतवीर और जेठ रोहित के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने विवेचना कर चार्जशीट अदालत में दाखिल कर दी थी। सोमवार को अदालत के सामने कंचन के बयान दर्ज किए जाने थे। फिलहाल बयान दर्ज कराने के लिए कंचन को समन नहीं मिला था। इसके चलते वह अदालत के सामने बयान दर्ज कराने उपस्थित नहीं हो सकीं। अदालत ने कंचन को समन जारी करने के निर्देश दिए और मामले की सुनवाई की अगली तारीख नौ अप्रैल निर्धारित की है।

**आरोपित पति को नहीं मिली है जमानत:** बता दें कि मामले में मुख्य आरोपित विपिन भाटी अभी जेल में बंद है। आरोपित पक्ष के अधिवक्ता ने पिछले माह विपिन की जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने विपिन पर लगे आरोपों को गंभीर मानते हुए जमानत देने से मना कर दिया था।

# नोएडा में शुरू किया गया वाटर एटीएम

## 1200 लीटर प्रतिघंटा है क्षमता, 20 लीटर और 1 लीटर के मिलेंगे कार्ड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के लोगों को शुद्ध जन पिलाने के लिए मंगलवार को हरौला सेक्टर-4/5 में वाटर एटीएम शुरू किया गया । इसका उद्घाटन सांसद डॉक्टर महेश शर्मा और विधायक पंकज सिंह ने किया। इस वाटर एटीएम का निर्माण एचडीएफसी बैंक की ओर से सीएसआर फंड के जरिए कराया गया। इस मौके पर प्राधिकरण के जीएम जल आरपी सिंह मौजूद रहे।

इस वाटर एटीएम से लोगों को निशुल्क जल दिया जाएगा। जल विभाग द्वारा वाटर एटीएम रोजाना सुबह 7 बजे से 12 बजे तक और शाम को पांच से आठ बजे तक खुलेगा। अब तक शहर में नौ स्थानों पर वाटर एटीएम लगाया गया है। जहां लगातार लोगों को साफ जल उपलब्ध कराया जा रहा है। इस वाटर एटीएम की क्षमता 1200 लीटर प्रति घंटा है। प्राधिकरण जीएम आरपी सिंह ने बताया कि इस वाटर एटीएम में अल्ट्रा वायलट सिस्टम (यूवी), ओजोनेटर, सेंड फिल्टर, कार्बन फिल्टर के अलावा 5-10 माइक्रो फिल्टर और पेबल फिल्टर के जरिए पानी की गुणवत्ता को बेहतर बनाया गया है। इसके अलावा वाटर एटीएम में हार्डनेस, फ्लूराइड, क्लोराइड व अन्य अशुद्धियों को दूर करने के लिए रिजर्व ओसमोसिस की व्यवस्था की गई है।

**कार्ड से मिलेगा पानी:** इस वाटर एटीएम को जनमानस को वितरण के लिए ऑटो मैटिक कार्ड आपरेटड वेंडिंग मशीन लगाई गई है। जिसकी क्षमता 20 लीटर प्रतिकार्ड है। एक अन्य वेंडिंग मशीन से 1 लीटर ठंडा पानी भी लोगों को मिलेगा।

## एक नजर

### ग्रेनो में बोर्ड बैठक की तैयारी शुरू

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा की बोर्ड बैठक अगले सप्ताह होने की उम्मीद है। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। प्राधिकरण के अधिकारी वार्षिक बजट समेत अन्य प्रस्तावों को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। बैठक में 20 से अधिक प्रस्ताव रखे जाएंगे। आवासीय समेत अन्य संपत्तियों की आवंटन दरों में वृद्धि का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। अगर इस पर मुहर लगती है तो ग्रेटर नोएडा में संपत्ति खरीदना और महंगा हो जाएगा। अधिकारी के मुताबिक संबंधित विभाग अपने प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं। यह बैठक मुख्य रूप से बजट बैठक होगी। इसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा।
यह तय किया जाएगा की किस मद में कितनी धनराशि खर्च की जाएगी। आगामी विकास परियोजनाओं के लिए किसानों से जमीन खरीदने पर जोर दिया जा सकता है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट चालू होने से निवेश की संभावनाएं बढ़ गई हैं। इसके अलावा किसानों और आवंटियों से संबंधित प्रस्ताव भी रखने की तैयारी है।

### घर लौट रहे युवक पर लोहे की रॉड से किया हमला

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दादरी कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर म्यू-2 के समीप जिम करके अपने घर जा रहे युवक के साथ गाली-गलौज कर लोहे की रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि दादरी कोतवाली क्षेत्र के घोड़ी बछेड़ा गांव में कपिल रावल परिवार के साथ रहते हैं। 27 मार्च की सुबह वह सेक्टर म्यू-2 में जिम कर अपने घर जा रहे थे। जिम से कुछ ही दूरी पर गांव के ही निशांत, केशव कलुआ का भांजा और नितिन ने रोक लिया। पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने कपिल के सिर में लोहे की रॉड से प्रहार कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। उपचार के तीन दिन के बाद कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### चालक की संदिग्ध गतिविधियों को देखकर युवती ऑटो से कूदी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के सेक्टर-137 से बुकिंग कर ऑटो में सवार हुई युवती ने चालक पर बदसूलकी करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि चालक की संदिग्ध गतिविधियों को देखकर युवती ऑटो से नीचे कूद गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर-142 थाने की पुलिस के मुताबिक युवती ने बताया कि उसने 25 मार्च को सेक्टर-137 स्थित सोसाइटी से रैपीडो के जरिये ऑटो बुक किया। बुकिंग के बाद चालक ऑटो लेकर मौके पर पहुंचा। युवती ने बताया कि वह जैसे ही ऑटो में सवार हुई तो उसे चालक की गतिविधि संदिग्ध लगी। आरोप है कि ऑटो में एक अन्य युवक भी सवार था। इसके बाद चालक ने तेज गति में इधर-उधर घूमाकर ऑटो को दौड़ाना शुरू कर दिया। युवती डर की वजह से ऑटो से नीचे कूद गई और पुलिस से शिकायत की। इसके बाद आरोपी चालक ऑटो लेकर वहां से भाग गया। पीड़िता का आरोप है कि बुकिंग के बाद भी आरोपी चालक ऑटो में एक युवक को पहले से साथ में बैठाकर लाया था। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पेपर मिल बॉयलर की स्ट्रीम की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के थाना बादलपुर क्षेत्र में स्थित एक पेपर मिल में काम करने वाले कर्मचारी बायलर के भाप की चपेट में आ गया, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने मुआवजे आदि की मांग को लेकर उनके शव को कंपनी के गेट पर रख दिया तथा जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे पुलिस के आला अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत करवाया। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर के मीडिया सेल तथा अन्य मिली जानकारियों के अनुसार थाना बादलपुर क्षेत्र में स्थित एक पेपर मिल में काम करने वाले व्यक्ति धीरज पुत्र रमेश मूल निवासी जनपद जौनपुर हाल निवासी प्रेम विहार छपरौला उम्र 24 वर्ष, काम करते समय 24 मार्च को बॉयलर की स्ट्रीम से झुलस गय। उसे उपचार के लिए दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के परिजन अपनी कुछ मांगों को लेकर उनके शव को लेकर फैक्ट्री के गेट पर पहुंचे। उन्होंने फैक्ट्री के गेट पर शव को रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

# नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम-हरौला में 9वें वाटर एटीएम का किया शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** औद्योगिक शहर नोएडा के निवासियों को गर्मी के मौसम में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में प्रयासरत नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कृष्णा करूणेश के निर्देश पर जल विभाग द्वारा सीएसआर फंड के माध्यम से ग्राम-हरौला, सेक्टर-4/5 के समीप मंगलवार को नवनिर्मित 9वें वाटर एटीएम का उद्घाटन विधायक पंकज सिंह द्वारा किया गया। इस वाटर एटीएम को प्रात: 7 से 12 बजे तक तथा सांय 5 से रात 8 बजे तक प्रतिदिन चलाया जायेगा।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि हरौला क्षेत्र के निवासियों द्वारा इस वाटर एटीएम से आम जनमानस को स्वच्छ शीतल पेयजल आपूर्ति नि:शुल्क प्रदान की जायेगी। इस वाटर एटीएम की क्षमता 1200 लीटर प्रति घंटा है। जो लोगों को आरो के मानक के अनुसार स्वच्छ जल प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि जल विभाग द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिसॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के तहत स्थापित इस एटीएम में कई शुद्धिकरण प्रक्रिया का प्रयोग किया गया है, जिसमें फिल्ट्रेशन कार्य, 5-10 माइक्रीन फिल्ट्रेशन और फिल्ट्रेशन शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त जल की कठोरता, फ्लोराइड, क्लोराइड और अन्य अशुद्धियों को दूर करने के लिए रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) तकनीक का भी उपयोग किया गया है। यह वाटर एटीएम स्वचालित कार्ड संचालित प्रणाली से लैस है, जो प्रति कार्ड 20 लीटर पानी वितरित कर सकता है। साथ ही, एक लीटर ठंडे और शुद्ध पेयजल के लिए अलग से वेंडिंग मशीन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि जल विभाग द्वारा नोएडा क्षेत्र में अब तक 9 अदद् वाटर एटीएम को सीएसआर फंड से निर्मित कर जनमानस को समर्पित किया जा चुका है। इस वाटर एटीएम को प्रात: 7 बजे से 12 बजे तक एवं संध्या 5 बजे से 8 बजे तक प्रतिदिन नि:शुल्क चलाया जायेगा।

# नोएडा में मनाई गई महावीर जयंती

**नोएडा।** नोएडा में मंगलवार को भगवान महावीर की 2624वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर जैन समाज के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। नोएडा के सेक्टर 50 स्थित जैन मंदिर में महावीर जयंती के मौके पर जन्मकल्याणक पर भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नोएडा जैन समाज के श्रद्धालुओं ने अहिंसा, सत्य एवं "जियो और जीने दो" के संदेश का व्यापक प्रसार किया। पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए प्रमुख मार्गों से भव्य पालकी यात्रा निकाली, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण हो गया। यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई पुन: सेक्टर 50 जैन मंदिर पहुंची। वहां भगवान महावीर का विधिवत अभिषेक किया गया। इस पावन अवसर पर विश्व जैन संगठन नोएडा के अध्यक्ष केके जैन ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान महावीर के उपदेश हमें यह प्रेरणा देते हैं कि हम अपने जीवन में अहिंसा, सत्य, त्याग और करुणा को अपनाएं। "जियो और जीने दो" का सिद्धांत केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है, जो समाज में शांति, सद्भाव और सह-अस्तित्व को सुदृढ़ करता है।

उन्होंने सभी से भगवान महावीर के बताए मार्ग पर चलकर एक नैतिक एवं संवेदनशील समाज के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सेक्टर 50 जैन मंदिर के संरक्षक दिनेश जैन, अध्यक्ष प्रदीप जैन, पंकज जैन, राहुल जैन, राजीव जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# पेयजल के 49 करोड़ ही बकाया जमा हुए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में इस वित्तीय वर्ष में करीब 49 करोड़ रुपये ही पेयजल का बकाया बिल जमा हो सका। जबकि, कई बार प्राधिकरण की ओर से नोटिस जारी हो चुके हैं। अब बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटने और आरसी जारी करने की कार्रवाई की जाएगी।अधिकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा में 51 हजार से अधिक पेयजल के कनेक्शन हैं। लगभग 90 बिल्डर सोसाइटियों सहित 29 हजार से अधिक आवंटियों पर 250 करोड़ रुपये बकाया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 76.80 करोड़ रुपये का बिल भेजा गया।

इसके सापेक्ष 31 अप्रैल तक लगभग 49 करोड़ रुपये जमा हुए। आवंटियों को बकाया बिल जमा करने का आखिरी 31 मार्च तक मौका दिया गया था। इसके बाद बकाया बिल पर 12 फीसदी ब्याज लग जाएगा।बिल्डर सोसाइटियों पर सबसे अधिक बकाया है। पूर्व में 101 सोसाइटियों को नोटिस भेजा गया था, जिन पर करीब 150 करोड़ रुपये बकाया है। अंतिम नोटिस जारी किए जाने के बाद भी पिछले कई सालों से लंबित चल रहे बड़े बकाएदारों द्वारा बिल जमा नहीं किया गया। वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि कुछ सोसाइटियां ऐसी भी हैं, जिन्होंने कभी पेयजल बिल जमा ही नहीं किया।

**बीते साल 43 करोड़ रुपये जमा हुए:** बीते साल बड़े बकाएदारों से लगभग 43 करोड़ रुपये की वसूली की गई थी। पेयजल का बिल समय से न जमा किए जाने पर जलापूर्ति में दिक्कत होती है। पेयजल पाइप लाइन के रखरखाव का काम प्रभावित होता है।

**एओए वाली सोसाइटी में सबसे ज्यादा दिक्कत:** अधिकारी के मुताबिक जिन बिल्डर सोसाइटी में अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन (एओए ) का गठन हो गया है,उनमें पानी के बिल को लेकर सबसे ज्यादा दिक्कत है। फ्लैट मालिकों से पेयजल का बिल वसूलने के बाद भी प्राधिकरण में भुगतान नहीं किया जा रहा।

**मीटर लगाने की तैयारी:** पेयजल की बचत के लिए ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी सहित सभी उपभोक्ताओं के यहां मीटर लगाने की तैयारी चल रही है। पायलट परियोजना के रूप में पूर्व में ग्रेटर नोएडा वेस्ट की कुछ सोसाइटियों में वाटर मीटर लगाए गए थे। ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 300 से अधिक ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी हैं।

# रोडरेज के बाद पीड़ित ने ऑटो खड़ा कर जाम लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कस्बे में मंगलवार को रोडरेज के विवाद ने उस समय तूल पकड़ लिया, जब अट्टा गुजरान गांव निवासी सुनील गौतम ने बीएल चौक के बीचोंबीच अपना ऑटो खड़ा कर जाम लगा दिया। इस घटना के चलते करीब 15 मिनट तक यातायात प्रभावित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुनील गौतम का किसी व्यक्ति से रास्ते में विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान दूसरे पक्ष के लोग सुनील के साथ गाली-गलौज और मारपीट कर मौके से फरार हो गए। इससे आक्रोशित होकर पीड़ित ने सरेराह अपना ऑटो चौक के बीच में खड़ा कर दिया और सड़क पर ही शोर करने लगा।

जाम के दौरान वाहन चालक लगातार हॉर्न बजाते रहे, जिससे आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई राहगीर ऐसे थे, जिन्हें जरूरी काम से जल्दी अपने गंतव्य तक पहुंचना था, लेकिन जाम के कारण उन्हें देरी का सामना करना पड़ा। वहीं, बाजार में खरीदारी के लिए आए लोगों को भी काफी दिक्कत हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिसकर्मियों ने काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद सुनील गौतम को ऑटो हटाने के लिए तैयार किया। इसके बाद यातायात सुचारु रूप से शुरू हो सका।

# स्वचालित दो फीडरों से निर्बाध बिजली मिलेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बिजली उपकेंद्र के फीडरों पर स्वचालित रिंग मैन यूनिट (आरएमयू) लगाने का कार्य ट्रायल सफल रहा है। अब जिले के शेष उपकेंद्रों पर भी आरएमयू लगाए जाएंगे। इससे स्वचालित दो फीडरों से उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति मिल सकेगी।जिले में विद्युत निगम के क्षेत्र में करीब 4.75 लाख उपभोक्ता है। बीते महीनों में नोएडा के सेक्टर-20 में पायलट प्रोजेक्ट के तहत आरएमयू लगाकर निर्बाध आपूर्ति दी गई। अधिकारियों के अनुसार अब जिले के करीब दो हजार फीडरों पर आरएमयू लगाए जाएंगे। इसका लाभ यह होगा कि अगर किसी एक फीडर से किसी कारण से आपूर्ति बाधित होती है तो तुरंत ही स्वचालित तरीके से दूसरे फीडर से आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

इस व्यवस्था के तहत उपभोक्ताओं को कुछ मिनट के लिए भी कटौती का सामना नहीं करना पड़ेगा। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता (तकनीकी) विवेक कुमार पटेल ने कहा किसेक्टर-20 बिजली उपकेंद्र से आरएमयू लगाए गए हैं। अब अन्य बिजली उपकेंद्रों पर आरएमयू लगाने का कार्य किया जाएगा।

**230 करोड़ रुपये जारी किए गए:** योजना के तहत बिजली फीडरों पर 230 करोड़ रुपये का बजट भी जारी किया गया है। इस राशि से बिजली उपकेंद्रों के फीडरों पर आरएमयू लगाए जा रहे हैं।

# गलगोटिया यूनिवर्सिटी के छात्रा पर हमला

■ लाठी-डंडे से पीटा, गंभीर चोटें आईं; चार पर केस दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में गलगोटिया यूनिवर्सिटी के एक छात्र पर हमला किया गया है। आरोप है कि कुछ युवकों ने पत्थरों और डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल छात्र का ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मंगलवार को चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बिहार के गया निवासी विपुल वैभव ने पुलिस को बताया कि वह गलगोटिया यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करते हैं। 20 मार्च को वह यूनिवर्सिटी से पढ़ाई पूरी कर दनकौर कस्बे में अपने कमरे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कस्बे में स्थित गौशाला के पास पहले से घात लगाए बैठे रवि राजभर, मोहित त्यागी, प्रियांशु यादव और अभय सिंह ने उन पर अचानक हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने डंडों और पत्थरों से मारपीट की, जिससे उनके पैर में गंभीर चोट आई। हमले के दौरान पत्थर लगने से विपुल के दो दांत टूट गए। आरोप है कि एक हमलावर ने दांतों से उनकी नाक भी काट ली। घायल अवस्था में मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया। विपुल वैभव ने यह भी बताया कि आरोपी पिछले लगभग तीन महीनों से उन्हें परेशान कर रहे थे। सभी आरोपी उसी यूनिवर्सिटी के छात्र बताए जा रहे हैं।

इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि पीड़ित की शिकायत पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# हनुमान जन्म महोत्सव का भव्य आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्रीमद् हनुमत सेवा समिति एवं बाबा नींब करौरी कृपा कुंज के संयुक्त तत्वावधान में

### विशाल भव्य कलश शोभायात्रा से गूंजा नगर

आयोजित तीन दिवसीय हनुमान जन्म महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ।

इस दौरान पूरा नगर जयकारों और भक्ति रस में सराबोर नजर आया। उद्घाटन समारोह शुभम मंडप में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि एमएलसी अशोक कटारिया सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं बजरंग बली के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का पगड़ी व राम-नाम अंकित पटका पहनाकर सम्मान किया गया। अशोक कटारिया ने धार्मिक संस्थाओं द्वारा समाज में जागरुकता फैलाने के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे सनातन संस्कृति के लिए प्रेरणादायक बताया। इसके पश्चात निकाली गई विशाल कलश शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में राम दरबार की आकर्षक झांकियां, सुसज्जित घोड़ा-बग्गी पर विराजमान बजरंगबली के स्वरूप और पीत वस्त्रों में सजे श्रद्धालु मंगल कलश व ध्वज लेकर चलते रहे। पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा, मिष्ठान वितरण और जल सेवा के साथ शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। बिजनौर से आए भजन प्रवाहक संदीप शर्मा बिजनौरी व अन्य कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया, वहीं काशीपुर से आए बॉबी किंग ढोली के निर्देशन में ढोल वादकों ने अपनी प्रस्तुति से पूरे नगर में उत्साह भर दिया। शोभायात्रा का नगर में करीब 87 स्थानों पर स्वागत किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें नगर व आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने बताया कि आगामी दो दिनों तक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



# शिक्षिका सविता रानी को भावभीनी विदाई



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में प्रवक्ता जीव विज्ञान सविता रानी मैडम के सम्मान में भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह का वातावरण भावनाओं और सम्मान से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा देवी ने सविता मैडम को स्मृति-चिन्ह एवं उपहार भेंट कर उनके दीर्घकालीन उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मैडम के कार्यों की सराहना करते हुए विद्यालय के प्रति उनके समर्पण को प्रेरणादायक बताया। इस मौके पर शिक्षिका नीरज, अमृता मैडम आदि ने अपने प्रेरणादायक भाषणों में सविता मैडम के सरल स्वभाव, कर्त्तव्य निष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार की प्रशंसा की। समारोह में सविता मैडम के पति डीके गहलोत ने भी भावुक भाषण दिया। उन्होंने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए सविता मैडम के शिक्षण जीवन से जुड़े अनुभव साझा किए। समस्त स्टाफ ने सविता मैडम के उज्ज्वल एवं सुखमय भविष्य की कामना की।

# यूपीएससी परीक्षा में 662वीं रैंक प्राप्त करने वाली कुमारी चंद्रवाहिनी चौधरी को सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा बिजनौर के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया द्वारा यूपीएससी परीक्षा में 662वीं रैंक प्राप्त करने वाली चंद्रवाहिनी चौधरी को सम्मानित किया गया।



जयवीर सिंह सिसोदिया द्वारा जनपद का नाम रोशन करने वाली ग्राम नांगल जाट निवासी कुमारी चंद्रवा. हिनी चौधरी को सम्मानित करने के लिए उनके निवास स्थान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर उपस्थित सम्मानित व्यक्तियों ने उन्हें सम्मान पत्र भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में ओम प्रकाश सिंह (जिला उपाध्यक्ष), विपुल प्रताप सिंह (जिला अध्यक्ष), महेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके अलावा वरुण, अनीता, अरुण कुमार, अनुज एवं प्रेम कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए और सभी ने मिलकर चंद्रवाहिनी चौधरी की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। सभी उपस्थितजनों ने कहा कि चंद्रवाहिनी चौधरी की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### किसानों ने दिया देर शाम थाने में धरना



**स्योहारा।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता की उड़ीसा में गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही क्षेत्र के किसानों में आक्रोश देखने को मिला। बीती देर शाम स्थानीय किसानों ने विरोध दर्ज कराते हुए थाना परिसर में धरना प्रदर्शन किया। तहसील अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में भाकियू कार्यकर्ता थाने पहुंचे और दरी बिछाकर शांतिपूर्ण धरना शुरू कर दिया। किसानों का कहना था कि यदि उनके नेता को तुरंत रिहा नहीं किया गया, तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। धरने पर मौजूद किसानों ने इसे किसान हितों पर हमला बताते हुए कहा कि किसान नेताओं की आवाज दबाने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की और एकजुटता का प्रदर्शन किया। तहसील अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने बताया कि उड़ीसा में राकेश टिकैत को हिरासत में लिए जाने की सूचना मिलने के बाद किसानों ने विरोध स्वरूप धरना शुरू किया था, हालांकि कुछ ही देर बाद उनके रिहा होने की सूचना प्राप्त हो गई। जिसके बाद देर शाम धरना शांतिपूर्वक समाप्त कर दिया गया। धरने के दौरान क्षेत्र के अनेक किसान व भाकियू पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पदाधिकारियों की घोषणा



**हल्दौर।** नगर में सामाजिक एकता और जनसेवा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महाराजा हरिश्चंद्र वंशीय समिति का गठन किया गया। बैठक में समिति के पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से घोषणा की गई। बैठक की अध्यक्षता डा. संदीप और देवेंद्र ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने और समाजहित के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से सुधीर को अध्यक्ष, प्रवीण को महामंत्री, अभिषेक को कोषाध्यक्ष, संजीव को उपाध्यक्ष तथा सतीश को उपमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अतिरिक्त आशुतोष और पवन को संयुक्त रूप से सांस्कृतिक मंत्री, संदीप व सुमित को निर्माण मंत्री, विभाकर और अजय को लेखा परीक्षक (ऑडिटर), रविंद्र को संचार-प्रचार मंत्री का दायित्व दिया गया। वहीं सुधीश ने भी स्वेच्छा से संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी स्वीकार की। इस मौके पर देवेंद्र ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य मिलकर समाज सेवा के कार्यों को नई दिशा देंगे। महामंत्री प्रवीण ने सभी से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# अपने नेता की रिहाई होने तक डटे रहे किसान थाने पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** उड़ीसा के भुवनेश्वर में 22 मार्च से धरनारत किसानों से मिलने जा रहे भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की गिरफ्तारी के विरोध में संगठन कार्यकर्ता व किसानों ने थाना शिवाला कलां पर धरना प्रदर्शन किया।

पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शिवाला कलां थाने पर धरना देकर राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को उड़ीसा में पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए जाने पर रोष जताया। धरना करीब रात 6 से 11 बजे तक चला। 11 बजे राकेश टिकैत की रिहाई के बाद धरना स्थगित किया गया। धरने पर मास्टर देवेंद्र सिंह, मोनू चौधरी, प्रशांत चौधरी, भूरे सिंह, अनिक चौधरी, मनीष धनकड़, नरेश कुमार, सुशील, रोहतास धनकड़, नेमपाल सिंह, लुद्यान सिंह, योगेश कुमार, सुशील शर्मा, राजेश सैनी, फखरुद्दीन प्रधान, नरेश सिंह, मोहित चौहान, योगेंद्र चौहान, सुभाष चौधरी आदि सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे।

# दीप सर्जन कांवेंट स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दीप सर्जन कांवेंट स्कूल में शैक्षिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में

### परीक्षाफल पाकर बच्चों के खिले चेहरे

कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर राजेंद्र सिंह चौहान ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।



उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। कठिन परिश्रम, निरंतर अभ्यास और अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी ही भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं और अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगे भी इसी लगन के साथ पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के घोषित परिणाम में प्रथम स्थान अल्बीना, नैंसी, अंजलि, विष्णु, प्रियांशी, वंशिका, अलिया एवं ईशा ने प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान पर अवनी, प्रिंस, मयंक, अब्दुल हादी, इल्म, अक्षत, तस्वीर और रितिक रहे। तृतीय स्थान चाहत, माहिया, उर्वशी, प्रतीक, आर्यन, आहिल, शिवराज, आयुष एवं हर्षित ने हासिल किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय स्टाफ ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं में श्री छात्रदेव शर्मा, कल्पना वर्मा, नेहा, प्रीति, सोनी, दीपा, अतिया रहमानी, मदीहा आदि उपस्थित रही। विद्यालय प्रबंधिका श्रीमती अनीता चौहान ने सभी का धन्यवाद किया।

# विश्व संकट के बीच भारत सुरक्षित भाजपा सरकार की नीतियां बनीं मजबूती का आधार : अरुण कुमार वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि वर्तमान में अमेरिका ईरान और इजरायल के बीच चल रहे अंतर्राष्ट्रीय तनाव एवं युद्ध के हालातों से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारत और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश की जनता सुरक्षित एवं स्थिर माहौल में जीवन यापन कर रही है।



उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट के दौर में कई देशों में महंगाई आर्थिक अस्थिरता और सुरक्षा संबंधी चुनौतियां बढ़ी हैं। जबकि भारत सरकार की दूरदर्शी विदेश नीति मजबूत आर्थिक प्रबंधन और प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था के कारण देश की अर्थव्यवस्था संतुलित बनी हुई है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत होने से व्यापार उद्योग और आम जनजीवन सामान्य रूप से संचालित हो रहा है।

अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि भाजपा सरकार ने गरीब, किसान, व्यापारी, युवा और महिलाओं के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। जिनका सीधा लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की समन्वित कार्यशैली के कारण विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं और जनता में विश्वास का वातावरण बना है। उन्होंने आग कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साख लगातार मजबूत हुई है तथा विश्व मंच पर देश की भूमिका प्रभावशाली बनी है।

वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास सुरक्षा और निवेश के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य 'सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास' की भावना के साथ देश और प्रदेश को आगे बढ़ाना है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि विकास और स्थिरता की इस यात्रा में सभी नागरिक सकारात्मक सोच के साथ देशहित में सहयोग करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मजबूत नेतृत्व प्रभावी नीतियों और जनभागीदारी के बल पर भारत हर वैश्विक चुनौती का सामना करते हुए निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहेगा।

# सौफतपुर में लगाया गया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

### 98 रोगियों को दिया गया चिकित्सा सुविधा का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** विवेक कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंसेज एंड हॉस्पिटल बिजनौर द्वारा सौफतपुर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में ग्रामीणों को नि:शुल्क चिकित्सकीय परामर्श, नि:शुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर परीक्षण किया गया। नि:शुल्क औषधि वितरण की सुविधा भी प्रदान की गई। शिविर में 98 रोगियों ने चिकित्सा का लाभ प्राप्त किया। कार्यकम में त्वचा रोग, दौर्बल्य कास, श्वास, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अर्श भगंदर, यकृत, जोड़ों से संबंधित बीमारियों का परीक्षण किया गया। विवेक आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के डा. ज्योति ध्यानी, डा.आकृति गुप्ता, डा. मधुमिता दास, डा. अर्चना सिंह, डा. शावेज अंसारी, डा. हरप्रीत सिंह, आदि मौजूद रहे। कॉलेज के चौयरमेन अमित गोयल ने बताया कि आयुर्वेदिक चिकित्सालय में जटिल से जटिल व्याधियों का इलाज किया जा रहा है, जिसका रोगियों को लाभ लेना चाहिए।




# मिलेनियम स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा 11वीं कक्षा वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

### विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन मीना सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, उप प्रधानाचार्य शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नर्सरी से कक्षा 11वीं परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा। यूकेजी के छात्र मौहम्मद अयान ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर का खिताब अपने नाम किया। चेयरपर्सन मीना सिंह ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनके अभिभावक को आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सतेंद्र कुमार, मंतोष सिंह का विशेष योगदान रहा। अंत में विद्यालय में आए हुए सभी अभिभावकों का प्रधानाचार्य ने आभार व्यक्त किया। सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय शील्ड, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सतीश कुमार, बालेश कुमार, गजेय सिंह, कुशलपाल सिंह, विनोद कुमार, अर्शी अबरार, अंजलि, हिमानी, विधी, शिवानी, वैशाली कश्यप, सचिन, सदफ, स्वलिहा, स्वाति कश्यप, प्रीति शर्मा, विकास कुमार, रोहिताश सिंह, नेहा, महिमा, दीक्षा, अंशिता, रिंकू वर्मा, केशव शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



# फादरसन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषित






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में आज वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा एक से नौ एवं 11 के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अभिभावक- शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों ने शिक्षकों से विद्यार्थियों की प्रगति पर चर्चा की। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए सामाजिक विज्ञान (सोशल साइंस) के प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन भी किया गया। प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा

### सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन

अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया कि वे परिश्रम और लगन से सफलता प्राप्त करें। कार्यक्रम का संचालन आर्शी, कृतिका, अवनी, अबीरा एवं इशिता द्वारा किया गया। जिन्हें अंग्रेजी शिक्षिका दीपिका के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था। सभी विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ मंच संच. ालन कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त किया और इसी उत्साह के साथ आगे भी शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को जारी रखने का संकल्प लिया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति-पत्र दिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता एवं डीएम जसजीत कौर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगनबाड़ी

### नए केन्द्रों का लोकार्पण किया

कार्यकत्री व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र, स्मार्टफोन वितरित किए गए। इस मौके पर सीएम के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण का आयोजन भी किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष एवं डीएम द्वारा आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर जिला स्तर पर 20 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र तथा सही 37 कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन का वितरित किया गया।




उन्होंने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहायिकाओं को शुभकामना दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह नौकरी आपके लिए एक महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसकी उपयोगिता देश सेवा से लेकर छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को पोषण देने का कार्य आप द्वारा किया जाता है, आपके कंधे पर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है इसलिए आपको अपने दायित्व का निर्वहन उचित प्रकार करना है क्योंकि यह देश के विकास के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से सुपोषण, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। कहा कि यह प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी तरह से ऑनलाइन और योग्यता-आधारित रही है।

उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि अपने दायित्व को समझें और पूर्ण जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कुपोषण को दूर करने की जिम्मेदारी को पूरा करें। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन उपलब्ध कराने का मुख्य उद्देश्य आधुनिक संचार सुविधाओं से लेस करते हुए कुपोषण को रोकना और देश के बच्चों को स्वस्थ और शिक्षित बनाना है। डीएम ने बताया कि आज खंड विकास स्तर पर इसी प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजन कर 858 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र तथा 337 कार्य कतरियों एवं मुख्य सेवक सेविकाओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया।

इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह, संयुक्त मजिस्ट्रेट कुनाल रस्तोगी, पालिका चेयरपर्सन इंदिरा सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुबे सहित सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी सहित सुपरवाईजर्स, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

# शहर की पॉश कॉलोनी बुद्धि विहार में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, दो महिलाओं सहित आठ लोग गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** महानगर के थाना मझोला क्षेत्र में पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 पुरुषों और 2 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 30 मार्च की रात को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत की गई।

पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन के नेतृत्व में मझोला पुलिस टीम ने बुद्धि विहार इलाके में एक किराये के मकान पर छापा मारा।पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त मकान में लंबे समय से देह व्यापार संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर दबिश देने पर पुलिस ने सभी आरोपियों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया।

इस संबंध में थाना मझोला में अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार लोगों ने स्वीकार किया कि वह यहां मौज-मस्ती के लिए आए थे। एक आरोपी ने बताया कि इस स्थान पर दिल्ली और अन्य राज्यों से लड़कियों को बुलाया जाता था, जहां पैसे देकर अवैध गतिविधियां कराई जाती थीं। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है, ताकि इसमें शामिल अन्य लोगों तक भी पहुंचा जा सके।छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 17 सेक्स वर्धक गोलियां, 16 कंडोम और 2 खाली रैपर, 76 हजार रुपये नगद तथा 9 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पुलिस का मानना है कि मोबाइल फोन से इस गिरोह के अन्य सदस्यों और ग्राहकों की जानकारी मिल सकती है।इस कार्रवाई में थाना मझोला और एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) की संयुक्त टीम शामिल रही। पुलिस ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए



रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।मुरादाबाद पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि अपने आसपास किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर अपराध पर नियंत्रण पाया जा सके।

# आम के पेड़ व सड़क किनारे खड़े सरकारी पेड़ों की डालियां काटने पर पहुंची वन विभाग की टीम

**चन्दौसी।** तहसील चन्दौसी अन्तर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव राजथल में मंगलवार को गांव के ही एक व्यक्ति ने आम के बाग में खड़े आम के पेड़ की खेत में आ रहीं बड़ी-बड़ी डालियां काट दीं और दूसरी साइड में रोड़ किनारे खड़े सरकारी पेड़ों की डालियां व छोटे छोटे कई पेड़ काट दिये गये। पड़ोसी बाग के मालिक किसान होतेलाल शर्मा ने कुढ़फतेहगढ़ थाने में आम के पेड़ की डालियां काटने की तहरीर दी और वन विभाग में भी शिकायत की। शिकायत पर वन विभाग टीम एवं कुढ़फतेहगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क किनारे खड़े सरकारी व आम के पेड़ों की काटीं गई डालियों व पौधों को देखा। वन दरोगा विकास नेगी ने बताया कि राजथल में आम के पेड़ एवं कुछ सड़क किनारे सरकारी पेड़ों की डालियां एक किसान द्बारा काटीं गई हैं। लकड़ी को सुपुर्दगी में दे दिया गया है और विभाग द्बारा किसान पर विधिक कार्रवाई की जायेगी और जुर्माना भी लगाया जाएगा।

# शराब की लत बनी परिवार की बर्बादी मासूम देवू के सामने मां की मौत





**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव रामनगर कैथल में रामनवमी के दिन हुई दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। मासूम देवू अपनी मां गौरी की मौत का मंजर अब तक नहीं भूल पा रहा है। उसकी मां रोज सुबह उसे तैयार कर स्कूल छोड़ती थी, पढ़ाई की जानकारी लेती थी और उसका पूरा ख्याल रखती थी, लेकिन पिता पान सिंह की नशे की लत ने उसका जीवन उजाड़ दिया। अब देवू को बिना मां के ही जीवन बिताना पड़ेगा। वह गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक का छात्र है। ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती शराबखोरी अब केवल आर्थिक समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह पारिवारिक हिंसा और अपराध का कारण बनती जा रही है। दिनभर मजदूरी कर कमाया गया पैसा शाम होते ही शराब में खर्च हो जाता है, जिससे घरों में आर्थिक तंगी बढ़ती है और विवाद जन्म लेते हैं। यही विवाद कई बार हिंसक रूप धारण कर लेते हैं। रामनगर कैथल जैसी घटनाएं इस कड़वी सच्चाई को उजागर करती हैं कि नशे में व्यक्ति अपना विवेक खोकर अपने ही परिवार के लिए खतरा बन जाता है। अक्सर छोटी-छोटी बातों या दहेज जैसी मांगों को लेकर पत्नियों के साथ मारपीट की घटनाएं सामने आती हैं, जो कई बार हत्या तक पहुंच जाती हैं। इसका सीधा असर बच्चों के भविष्य पर पड़ता है, जहां उनकी पढ़ाई और बुनियादी जरूरतें प्रभावित होती हैं। समाजशास्त्रियों का मानना है कि जब तक ग्रामीण स्तर पर नशामुक्ति अभियान को प्रभावी नहीं बनाया जाएगा और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं किया जाएगा, तब तक ऐसी घटनाओं पर रोक लगाना मुश्किल है। यह घटना न केवल एक परिवार की त्रासदी है, बल्कि समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी भी है।

## एक नजर

### शिक्षा जीवन में सफलता की कुंजी: डॉक्टर ओमराज



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सरस्वती शिशु मंदिर कांठ में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि स्वामी राजूराम जी विद्यालय के प्रबंधक प्रेम कुमार भार्गव और अध्यक्ष डॉक्टर ओमराज सिंह रहे। कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को समानित किया गया डॉक्टर ओमराज सिंह ने बच्चों को जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाया विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का श्स्वागत किया। इस मौके पर उपाध्य्यक्ष संजीव गुप्ता मधु चौहान चौकी प्रभारी और नगर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की शादी में पहुंचकर नव दंपति को दिया आशीर्वाद



**कांठ ( शाह टाइम्स )** संभल के पुलिस अधीक्षक आईपीएस कृष्ण कुमार बिश्नोई की शादी के बीती रात जोधपुर में हुए रिसेप्शन में कांठ क्षेत्र एवं अन्य स्थानों से गए लोगों ने भारी संख्या में भाग लेकर नव दंपति को आशीर्वाद दिया।

रिसेप्शन में पहुंचे लोगों का पुलिस अधीक्षक ने आभार प्रकट किया। रिसेप्शन में पहुंचने वाले लोगों में बिश्नोई सभा उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप बिश्नोई, डॉक्टर छाया बिश्नोई, भाजपा के विधायक सलिल बिश्नोई, भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला महामंत्री राजन बिश्नोई, सेंट पॉल स्कूल के संस्थापक जितेंद्र बिश्नोई, गोवा के पूर्व पुलिस महानिरीक्षक ओमवीर बिश्नोई, कुंवर भूपेंद्र सिंह, डॉ पंकज विश्नोई, बिश्नोई सभा मेरठ के पूर्व अध्यक्ष हरिओम बिश्नोई आदि शामिल थे।

### एसवी चिल्ड्रन एकेडमी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित




**कांठ( शाह टाइम्स )।** विद्यालय प्रांगण में अपनी अपनी कक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को स्कूल के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार बिश्नोई डायरेक्टर गौरव कुमार बिश्नोई व प्रधानाचार्य रविंद्र पंवार द्वारा पुरस्कार प्रदान किये। कक्षा नर्सरी में अवनी, अदीबा व नव्या, कक्षा- एलकेजी में आनंद, सानवी व कुणाल कक्षा- यूकेजी में प्रीति, वंश व युवराज, कक्षा-1 मे अंश, वान्या विश्नोई व खुशी सूर्यवंशी कक्षा-2 मे रोहन, आतिफ व इनाया, कक्षा-3 में अर्पित यशवनी व जिया कक्षा-4 अवनी, भव्या व आस्था, कक्षा-5 में कृतिका, रिया व् अक्ष, कक्षा-6 में आकांक्षा, अर्षितासूर्यवंशी व मानवी पंवार कक्षा-7 में वैष्णवी, जीविका पंवार व आयरा कक्षा -8 में हिमांशु व नितिक्ष को क्रमश: प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर रिपोर्ट कार्ड, शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया । डायरेक्टर गौरव कुमार विश्नोई ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी और कहा कि इस तरह ही बच्चे मेहनत करते हुए आगे बढ़ते रहे और देश का नाम रोशन करे।

### किसी ने बाइक चोरी तो किसी ने मारपीट का कराया मुकदमा दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना कांठ के चकफेरी गांव निवासी मनोज पुत्र गुलाब सिंह का कहना था कि 30 मार्च को रात करीब 7:30 बजे घरेलू बातों को लेकर छत्रपाल पुत्र रघुवा केला पत्नी छत्रपाल पीतम पुत्र छत्रपाल अंकुश पुत्र छत्रपाल ने उसके व उसके परिजनों के साथ मारपीट गाली गलौज की विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देने लगे झगड़े में उसके व उसकी भाभी कंचन माता गुड्डी पत्नी लक्ष्मी के काफी चोट आई जिन्हें लेकर पीड़ित थाने पहुंचा और तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। दूसरी घटना में मोहल्ला फकीर गंज के कुबरपाल का कहना है कि 25 मार्च को 10:00 बजे उसने अपनी बाइक उमरी चौराहा पुलिस चौकी के पीछे दुकान के सामने खड़ी की थी।

कुछ देर बाद वापस आया तो उसे बाइक नहीं मिली पीड़ित ने आसपास तलाश किया और बाइक का पता न चलने पर थाने में तहरीर दी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### बनियाखेड़ा ब्लॉक कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा में पंचायत सहायक कल्याण समिति, संभल की ब्लॉक कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विकासखंड प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह एवं राज्यमंत्री प्रतिनिधि रामपाल सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा के साथ करने का आह्वान किया। समारोह में ब्लॉक अध्यक्ष उमेश कुमार राणा, ब्लॉक उपाध्यक्ष अमन यादव, ब्लॉक कोषाध्यक्ष कु. डौली, ब्लॉक महामंत्री सुधीश यादव, ब्लॉक सचिव खुशमा खान, ब्लॉक मीडिया प्रभारी शेर बाबू, ब्लॉक महासचिव अब्दुल अलीम सहित अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन बहजोई में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को भावभीनी विदाई

**चन्दौसी।** पुलिस लाइन बहजोइ में मंगलवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट करते हुए शॉल ओढ़ाकर और पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके दीर्घ सेवाकाल, निष्ठा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बहजोई, अन्य कर्मचारीगण तथा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिजन भी मौजूद रहे। अंत में सभी ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्त होने वालों में पुलिस उपाधीक्षक संतोष कुमार सिंह (पुलिस कार्यालय), उ0नि0 स0पु0 रविपाल सिंह चौहान (पुलिस लाइन), मुख्य आरक्षी सीताराम (पुलिस लाइन), आरक्षी महेशचन्द्र मिश्रा (डायल 112) तथा फायरमैन मुनेन्द्रपाल सिंह (फायर स्टेशन चन्दौसी) शामिल रहे।



# मौत के मुंह से बच्ची को निकाल लाई मां, बच गई जान

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** कहते हैं कि जिसकी हिफाजत ऊपर वाला करता है उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है ऐसा ही मामला महदूद कलमी गांव में सामने आया गांव के अकरम के घर पर सोमवार की देर शाम तेंदुआ घुस गया और उसने दो साल की बच्ची को उठा लिया। बच्ची की मां ने बताया की बच्ची घर के आंगन में खेल रही थी मेंन गेट बंद था तभी तेंदुआ गेट के नीचे से सरक कर अंदर पहुंच गया और बच्ची को उठाकर भागने की कोशिश की लेकिन गेट बंद होने के कारण बच्ची की चीख सुनते ही परिवार के लोग दौड़ पड़े बच्ची की मां और पिता ने तेंदुए के मुंह से बच्ची को छीन लिया लेकिन तब तक वह घायल हो गई मौका मिलते ही तेंदुआ तो मौके से फरार हो गया परिजन बच्ची को उठाकर उपचार के लिए विवेकानंद चिकित्सक के ले गए जहां उसे अस्पताल भेज दिया गया। बतादे की खादर क्षेत्र में तेंदुए का काफी शोर है सलेमपुर गांव के पास जंगल में मादा तेंदुओं के साथ-साथ शावक भी दिखाई दे रहे हैं किसानों में दहशत है किसान वन विभाग से तेंदुओं को पकड़वाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन उन्हें आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिल रहा है। गांव के लोगों का कहना था कि तेंदुए के डर से वह मुश्किलों से रात गुजार रहे हैं। ग्रामीणों ने अभियान चलाकर तेंदुओं को पकड़वाए जाने की मांग उठाई है।



# महावीर जयंती पर अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड चन्दौसी के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी जयंती धूमधाम से मनाई गई, जिसमें उपस्थित लोगों ने उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य, अहिंसा और त्याग के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने महावीर स्वामी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में बिहार में हुआ था और उन्होंने अपने पूरे जीवन में समाज को सत्य व त्याग का मार्ग दिखाया। योगेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि उन्होंने वैभवपूर्ण जीवन का त्यागकर उपवास और ध्यान के माध्यम से सत्य की खोज की और मोक्ष प्राप्त किया। अशोक कुमार गुप्ता ने उनके द्वारा बताए गए अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य और चोरी न करने के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने की अपील की। कृष्ण गोपाल गुप्ता ने महावीर स्वामी के पंच सिद्धांत: अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह, को समाज के लिए मार्गदर्शक बताया। वहीं ब्रजगोपाल गुप्ता और बृजेश चौहान ने 'जियो और जीने दो' के उनके संदेश को आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी विवेक कुमार ने की तथा संचालन डॉ. जयशंकर दुबे ने किया। इस दौरान विनय अग्रवाल, योगेंद्र मोहन शास्त्री, एड. मुकेश अग्रवाल, एड. संजय गुप्ता, योगेंद्र कुमार वार्ष्णेय, ब्रजनंदन शर्मा, जगदीशचंद्र राणा, सुधीर गुप्ता सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



# वैश्य महासम्मेलन ने किया खाटूश्याम मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की युवा इकाई द्वारा मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष एवं लखनऊ उत्तर के विधायक नीरज बोरा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में खाटूश्याम मंदिर, रामबाग रोड पर भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सायं 5 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में वैश्य समाज के गणमान्य नागरिकों, युवाओं और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। इस दौरान सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया, जिसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। उपस्थित लोगों ने नीरज बोरा के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। युवा जिलाध्यक्ष शिखर गोयल ने कहा कि नीरज बोरा का जीवन समाजसेवा को समर्पित है और उनके मार्गदर्शन में संगठन लगातार प्रगति कर रहा है। वहीं जिला उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा युवा पीढ़ी को सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर गिरीश रतन, प्रदीप अग्रवाल, अमित, अमित अग्रवाल, अन्नू रतन, अर्चित अग्रवाल, जस्टि गुप्ता, उमेश शोली, विशाल गर्ग, अमित मित्तल, तुषार वार्ष्णेय, सार्थक अग्रवाल, अंश गोयल, देव, प्रियंक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन पांडव चरित्र व राजा परीक्षित जन्म का हुआ वर्णन

**चन्दौसी।** नगर के गणेश कॉलोनी में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन वृंदावन से पधारे स्वामी ओमप्रकाश महाराज ने पांडव चरित्र एवं राजा परीक्षित के जन्म का विस्तार से वर्णन किया। महाराज ने बताया कि महाभारत के अनुसार पांडव हस्तिनापुर के राजा पांडु के पाँच पुत्र युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव थे, जिनका जन्म कुंती और माद्री ने देवताओं के आह्वान से प्राप्त किया था। उन्होंने कहा कि पांडव सत्य, न्याय, साहस, शक्ति और एकाग्रता के प्रतीक थे तथा धर्म की स्थापना के लिए कौरवों पर विजय प्राप्त की। युधिष्ठिर को सत्य और धर्म का प्रतीक, भीम को शक्ति और साहस का धनी, अर्जुन को श्रेष्ठ धनुर्धर व श्रीकृष्ण का अनन्य भक्त, नकुल को सुंदर व कुशल अश्वविद्या विशेषज्ञ तथा सहदेव को बुद्धिमान और भविष्यवक्ता बताया गया। महाराज ने पांडवों की विशेषताओं में आपसी प्रेम, एकता, धर्म के प्रति निष्ठा, वीरता, द्रौपदी के प्रति सम्मान और श्रीकृष्ण भक्ति को प्रमुख बताया। इसके पश्चात उन्होंने राजा परीक्षित के जन्म की कथा सुनाते हुए बताया कि उनका जन्म महाभारत युद्ध के बाद अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ से हुआ। युद्ध के बाद अश्वत्थामा ने पांडव वंश को समाप्त करने के उद्देश्य से ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया, जिससे गर्भ में पल रहे बालक पर संकट आ गया। तब उत्तरा की प्रार्थना पर भगवान श्रीकृष्ण ने अपने योगबल से गर्भ में ही बालक की रक्षा की और उसे जीवनदान दिया। इसी कारण बालक का नाम 'परीक्षित' रखा गया। यह कथा धर्म, आस्था और भगवान की कृपा का अद्भुत उदाहरण है, जो मानव जीवन को सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।





# उड़ीसा में राकेश टिकैत की गिरफ्तारी को लेकर कार्यकर्ताओं का कुढ़फतेहगढ़ थाने पर प्रदर्शन



**चन्दौसी।** सोमवार को शाम 05 बजे भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को उडीसा में पुलिस ने नजरबंद कर लिया है जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्तर प्रदेश में थानों पर प्रदर्शन कर विरोध जताया। कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के भाकियू कार्यकर्ताओं ने भी कुढ़फतेहगढ़ थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया और मंडल उपाध्यक्ष रामवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि उड़ीसा सरकार द्वारा हमारे राष्ट्रीय किसान नेता को तुरन्त सम्मान सहित रिहा किया जाए और उड़ीसा के किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाये अन्यथा किसान पूरे देश में अपने सम्मान व अधिकारों के लिए आन्दोलन करेगा। देर रात तक किसानों का प्रदर्शन चला। अधिक समय हो जाने पर कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर, चूल्हा, बर्तन लाकर थाना परिसर में खाना बनाकर खाया और चौधरी राकेश टिकैत की रिहाई की सूचना मिलने पर प्रदर्शन समाप्त हुआ। प्रदर्शन करने वालों में रामवीर सिंह, महावीर सिंह, विमल यादव, जमुना प्रसाद, रामभरोसे सिंह, शिशुपाल सिंह, भोगराम सिंह, ऋषिपाल सिंह, हरिप्रकाश, देवी सिंह, प्रदीप, अनिल यादव, कालीचरन आदि शामिल रहे।



# IPL: गुजरात ने पंजाब को 163 का टारगेट दिया

## शुभमन गिल ने 39, बटलर ने 38 रन बनाए, विजय कुमार वैशाख ने 3 विकेट लिए

**मुल्लांपुर, वार्ता।** आईपीएल के चौथे मैच में गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को 163 रन का टारगेट दिया। मुल्लांपुर में पंजाब ने बालिंग चुनी। गुजरात ने 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 39 और जोस बटलर ने 38 रन बनाए। पंजाब से विजयकुमार वैशाख ने 3 और युजवेंद्र चहल ने 2 विकेट लिए।



अर्शदीप सिंह ने 20वें ओवर में 11 गेंदें फेंकी। ओवर में 4 वाइड और 1 नो-बाल शामिल रहीं। यह आईपीएल के किसी एक ओवर में सबसे ज्यादा गेंदें फेंकने के रिकार्ड की बराबरी रही। 19वें ओवर में विजयकुमार वैशाख ने 2 विकेट लिए। ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने शाहरुख खान को अर्शदीप सिंह के हाथों कैच कराया। शाहरुख 4 रन ही बना सके। वैशाख ने वाशिंगटन सुंदर और ग्लेन फिलिप्स को भी पवेलियन भेजा। 19वें ओवर में गुजरात ने पांचवां विकेट गंवाया। ओवर की पहली बाल विजयकुमार वैशाख ने स्लोअर बाउंसर फेंकी। वाशिंगटन सुंदर ने शाट खेला, लेकिन एक्स्ट्रा कवर्स पोजिशन पर कैच हो गए। वे 18 रन ही बना सके। 18 ओवर के बाद गुजरात ने 4 विकेट खोकर 144 रन बना लिए। टीम से वाशिंगटन सुंदर और शाहरुख खान पिच पर मौजूद रहे। 16वें ओवर में गुजरात ने चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बाल युजवेंद्र चहल ने गुड लेंथ पर फेंकी। जोस बटलर ने आगे निकलकर बड़ा शाट खेला, लेकिन लान्ग आन पर जैवियर बार्टलेट के हाथों कैच हो गए। बटलर ने 38 रन बनाए। 14वें ओवर में गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया। ओवर की आखिरी बाल विजयकुमार वैशाख ने फुलर लेंथ फेंकी। ग्लेन फिलिप्स ने सामने की ओर शाट खेला, लेकिन लान्ग आफ पर मार्को यानसन के हाथों कैच हो गए। फिलिप्स ने 17 गेंद पर 25 रन बनाए। 12वें ओवर में गुजरात टाइटंस ने अपनी सेंचुरी पूरी कर ली। ग्लेन फिलिप्स ने युजवेंद्र चहल के खिलाफ चौका लगाया और टीम के 100 रन पूरे करा दिए। 10वें ओवर में गुजरात ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल युजवेंद्र चहल ने गुड लेंथ पर फ्लाइटेड फेंकी। शुभमन गिल ने स्लाग स्वीप खेला, लेकिन डीप मिड-विकेट पोजिशन पर कैच हो गए। शुभमन ने 39 रन बनाए। युजवेंद्र चहल ने मिडिल ओवर्स में पंजाब को पहला विकेट दिलाया। गुजरात टाइटंस ने 7वें ओवर में पारी का पहला छक्का लगाया। जोस बटलर ने विजयकुमार वैशाख की स्लोअर गेंद को सामने की दिशा में बाउंड्री के बाहर भेज दिया। गुजरात टाइटंस ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। टीम ने 6 ओवर में एक भी छक्का लगाए बिना 54 रन बना लिए। जोस बटलर और कप्तान शुभमन गिल पिच पर मौजूद रहे। वहीं साई सुदर्शन 13 रन बनाकर आउट हुए। चौथे ओवर में पहली बार बालिंग करने आए मार्को यानसन ने पंजाब को पहला विकेट दिलाया। ओवर की चौथी बाल उन्होंने गुड लेंथ पर फेंकी। साई सुदर्शन हवा में शाट खेलने गए, लेकिन मिड आफ पर कैच हो गए। उन्होंने 11 गेंद पर 13 रन बनाए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात ने 3 ओवर में 35 रन बना लिए। शुभमन गिल और साई सुदर्शन हर ओवर में औसतन 12 रन बना रहे हैं। गुजरात टाइटंस के लिए शुभमन गिल और साई सुदर्शन ओपनिंग करने उतरे। दोनों ने अर्शदीप सिंह के खिलाफ पहले ओवर में 9 रन बनाए।

## फखर पर बॉल टैंपरिंग के लिए लगा दो मैच का बैन

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को कन्फर्म किया कि टूर्नामेंट के कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 3 के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद फखर जमान को पीएसएल 2026 के दो मैचों के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। यह आरोप आर्टिकल 2-14 के उल्लंघन से जुड़ा है, जो 29 मार्च को गद्दाफी स्टेडियम में कराची किंग्स के खिलाफ लाहौर कलंदर्स के मैच के दौरान गेंद की हालत बदलने से जुड़ा है।

यह घटना मैच के आखिरी समय में हुई जब ऑन-फील्ड अंपायरों ने लाहौर कलंदर्स पर पांच रन की पेनल्टी लगाई और कराची किंग्स की पारी के आखिरी ओवर से पहले गेंद बदलने का आदेश दिया। फखर पर ऑन-फील्ड अंपायर शाहिद सैकत और फैसल खान आफरीदी के साथ-साथ टीवी अंपायर आसिफ याकूब और चौथे अंपायर तारिक रशीद ने आरोप लगाए। उन्होंने गलती से इनकार किया और आरोप का विरोध करने का विकल्प चुना,

जिसके कारण पूरी डिसिप्लिनरी सुनवाई हुई। सुनवाई करने वाले मैच रेफरी रोशन महानामा ने सबूतों की समीक्षा करने और फखर की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाया। लाहौर कलंदर के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी, टीम डायरेक्टर समीन राणा और मैनेजर फारूक अनवर कार्रवाई के दौरान मौजूद थे। लेवल 3 के नियम तोड़ने पर कम से कम एक मैच का बैन से लेकर ज्यादा से ज्यादा दो मैच का बैन लग सकता है, जिसमें फखर को पेनल्टी की ऊपरी लिमिट दी जाती है। अब वह 3 अप्रैल को लाहौर में मुल्तान सुल्तांस के खिलाफ लाहौर कलंदर्स के आने वाले मैच और 9 अप्रैल को कराची में इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ मैच नहीं खेल पाएंगे।

## आज पावरप्ले का फायदा उठाने का मौका था: वैभव सूर्यवंशी

**गुवाहाटी, वार्ता।** अपने 15वें जन्मदिन के तीन दिन बाद वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 सीजन की शुरुआत 15 गेंदों में अर्धशतक से की, जो इसलिए भी खास था क्योंकि उसी पिच पर चेन्नई सुपर किंग्स सिर्फ 127 रन पर ऑलआउट हो गई थी। सूर्यवंशी ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स की योजना पावरप्ले का पूरा फायदा उठाने की थी, इसलिए उन्होंने आक्रामक अंदाज अपनाया।



राजस्थान की आठ विकेट की जीत के बाद सूर्यवंशी ने कहा कि हमारी योजना थी कि हम पावरप्ले को अच्छी तरह एगजिक्यूट करें। शुरुआत में विकेट थोड़ा धीमा लग रहा था, लेकिन बाद में गेंद पुरानी होने पर बल्ले पर अच्छे से आने लगी। मैं डिफेंस के बारे में भी सोचता हूं, लेकिन आज हमारा प्लान पावरप्ले में खेलने का था। छोटे टारगेट में मैच पावरप्ले में ही तय हो जाता है। अगर बॉलिंग टीम पावरप्ले में अच्छा करती, तो मैच उनके पक्ष में जा सकता था। लेकिन हम सभी ने पूरी तरह अटैक किया और हमारा पावरप्ले अच्छा गया। सूर्यवंशी को पहली ही गेंद पर सीएसके के डेब्यू खिलाड़ी कार्तिक शर्मा ने कैच छोड़ दिया था, जो डीप मिडविकेट पर एक मुश्किल मौका था। उन्होंने पावरप्ले खत्म होने तक 16 गेंदों में 52 रन बना लिए, जिसमें पांच छक्के और चार चौके शामिल थे। आरआर का स्कोर 6 ओवर में 70 रन था। उन्होंने कहा कि आरआर मैनेजमेंट ने उन्हें अपना नेचुरल गेम खेलने की आजादी दी और सीजन से पहले उनकी तैयारी भी अच्छी रही। उन्होंने बस कहा कि हम तुम्हें सपोर्ट कर रहे हैं, तुम अपना नेचुरल गेम खेलो।

## ऋषभ पंत-केएल राहुल में होगी दिलचस्प जंग

### IPL 2026: लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आज हाई-इंटेंसिटी मुकाबला

**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल 2026 में बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाला मुक. ाबला एक हाई-इंटेंसिटी मुकाबला होगा, जिसमें स्टार्स का रीयूनियन, इंडिविजुअल मैचअप और अलग-अलग टैक्टिकल अप्रोच होंगे। दोनों टीमों में मजबूत इंटरनेशनल प्लेयर्स और डायनामिक इंडियन टैलेंट होने के कारण, कल का मैच आम इकाना कंडीशंस में काफी करीबी होने की उम्मीद है,



जो अक्सर स्पिन और डिसिप्लिन्ड बॉलिंग के लिए फायदेमंद होती हैं। एक बड़ी स्टोरीलाइन उन खास प्लेयर्स के रीयूनियन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्होंने पहले ड्रेसिग रूम शेयर किया है। ऋषभ पंत, जो अब लखनऊ सुपर जायंट्स को लीड कर रहे हैं,

अपनी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेंगे, जबकि केएल राहुल, जो एलएसजी के पुराने खिलाड़ी थे, अब दिल्ली कैपिटल्स को रिप्रेजेंट करेंगे। इससे मुकाबले में एक इमोशनल पहलू जुड़ जाता है, क्योंकि दोनों प्लेयर्स लीडरशिप की जिम्मेदारियां निभा रहे हैं और एक-दूसरे के गेम प्लान से अच्छी तरह वाकिफ हैं। एक और मेन थीम एग्रेसिव बैटिंग और स्पिन डॉमिनेंस के बीच की लड़ाई है। निकोलस पूरन से बीच के ओवरों में अपने अटैकिंग स्ट्रोक प्ले से एलएसजी के लिए अहम रोल निभाने की उम्मीद है। दिल्ली कैपिटल्स अपने मुख्य स्पिनर कुलदीप यादव के साथ मुकाबला करेगी, जिनकी वैरिएशन और विकेट लेने की काबिलियत उस पिच पर अहम साबित हो सकती है, जो आमतौर पर धीमे गेंदबाजों को मदद देती है। लखनऊ एक टॉप-हैवी टीम लगती है, जिसके ऊपरी ऑर्डर में काफी फायरपावर है। मिचेल मार्श, एडेन मार्करम, पंत और पूरन का कॉम्बिनेशन धमाकेदार पोटेंशियल देता है। अनुभवी पेसर मोहम्मद शमी और एनरिक नोर्त्जे को शामिल करने से उनका बॉलिंग अटैक मजबूत हुआ है, जो पेस, एक्यूरेसी और डेथ ओवर में एक्सपर्ट हैं। दूसरी ओर, दिल्ली टॉप और मिडिल ऑर्डर दोनों में डेप्थ के साथ ज्यादा बैलेंस्ड बैटिंग यूनिट देती है। नीतीश राणा, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर स्टेबिलिटी और फिनिशिंग स्ट्रेंथ देते हैं, जो टॉप पर केएल राहुल की कंसिस्टेंसी को पूरा करते हैं। अक्षर पटेल के ऑलराउंड योगदान से बैटिंग और बॉलिंग दोनों डिपार्टमेंट में उनकी फ्लेक्सिबिलिटी और बढ़ जाती है।

**खेल विशेष**

### क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 ट्राई-सीरीज में नामीबिया के कप्तान होंगे स्मिट

**विडहोक, वार्ता।** क्रिकेट नामीबिया ने कन्फर्म किया है कि ऑलराउंडर जोहान्स जोनाथन स्मिट आने वाली आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 ट्राई-सीरीज में नेशनल टीम के कप्तान होंगे, जो 2 से 12 अप्रैल तक यहां होगी। नामीबिया वनडे इंटरनेशनल सीरीज में ओमान और स्कॉटलैंड की मेजबानी करेगा, जो वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफिकेशन का एक अहम रास्ता है। स्मिट, जो वाइस-कैप्टन के तौर पर काम कर रहे थे, यह रोल तब संभालेंगे जब लंबे समय से कप्तान गेरहार्ड इरास्मस कप्तानी की ड्यूटी से ब्रेक लेंगे। स्मिट ने कहा कि मैं बस मैदान पर जाकर अपने क्रिकेट का मजा लेना चाहता हूं, और मुझे उम्मीद है कि यह आराम मेरी सबसे ज्यादा काबिलियत को बाहर निकाल पाएगा। मेरा टैक्टिकल इनपुट अभी भी उपलब्ध रहेगा, और मैं टीम को सपोर्ट करने के लिए वहां रहूंगा।

### वर्ल्ड जूनियर वुशु चैंपियनशिप में चीन ने 13 गोल्ड जीते

**तियानजिन, वार्ता।** 10वीं वर्ल्ड जूनियर वुशु चैंपियनशिप छह दिन के कॉम्पिटिशन के बाद यहां खत्म हुई, जिसमें चीन ने 13 गोल्ड और चार सिल्वर मेडल जीतकर मेडल स्टैंडिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। हांगकांग,13 गोल्ड, सात सिल्वर और छह ब्रॉन्ज मेडल के साथ टेबल में टॉप पर रहा, जबकि इंडोनेशिया नौ गोल्ड, 11 सिल्वर और सात ब्रॉन्ज मेडल के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इस साल के इवेंट में 78 देशों और क्षेत्रों के कुल 1,179 पार्टिसिपेंट्स ने हिस्सा लिया, जो इसे टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे बड़ा बनाता है। 16 डेलीगेशन्स ने गोल्ड मेडल जीते, जबकि 29 पोडियम पर पहुंचे, जो इस खेल की बढ़ती ग्लोबल पहुंच और बढ़ते कॉम्पिटिटिवनेस को दिखाता है। इंटरनेशनल वुशु फेडरेशन के सेक्रेटरी-जनरल झांग यूपिग ने कहा कि दुनिया भर के युवाओं के बीच वुशु की पॉपुलैरिटी और असर एक नए लेवल पर पहुंच गया है।

## 'सीएसके छोड़ना इमोशनल था': जडेजा

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टाटा आईपीएल 2026 के अपने पहले गेम में आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की। जियो हॉटस्टार के 'गूगल सर्च एआई मोड मैच सेंटर लाइव' पर बात करते हुए, आरआर के रवींद्र जडेजा ने जियो स्टार एक्सपर्ट अनिल कुंबले और सुरेश रैना से सीएसके से बाहर होने, आरआर की शुरुआती बॉलिंग और टीम की ऑलराउंड ताकत पर अपने विचार साझा किए।



जडेजा ने सीएसके से अपने इमोशनल जाने के बारे में कहा, ष्मुझे पिंक कलर पसंद आ रहा है। पीला रंग थोड़ा पुराना लगने लगा था, लेकिन मैं बस मजाक कर रहा हूं। जाहिर है, सीएसके जैसी फेंच. इजी छोड़ना, जहां मैंने 12-13 साल खेला था, शुरू में थोड़ा मुश्किल था। यह बहुत इमोशनल था। लेकिन मैंने खुद से कहा कि इस तरह के बदलाव भी सफर का हिस्सा हैं। अच्छी बात यह थी कि मैं अब उस टीम के साथ हूं जहां मैंने पहली बार आईपीएल टाइटल जीता था। वह याद हमेशा मेरे साथ रही है, कि अंडर-19 वर्ल्ड कप के बाद, मैंने अपना आईपीएल करियर वहीं से शुरू किया था और अपने पहले ही सीजन में टाइटल जीता था। मैंने उन यादों को एक पॉजिटिव सोच के साथ आगे बढ़ाया है, और मेरा मकसद नए ग्रुप के साथ जितना हो सके उतना सीखना और टीम के साथ अपना एक्सपीरियंस शेयर करना है। गुवाहाटी के विकेट पर और शिवम दुबे का बड़ा विकेट लेने के लिए अपनी लाइन को एडजस्ट करने पर जडेजा ने कहा, ष्विकेट थोड़ा चिपचिपा था, इसलिए यह मेरी तरह की बॉलिंग के लिए सही था। मेरा काम बस सही एरिया में बॉलिंग करना था। जब आप थोड़ी सी मजबूत विकेट पर सही एरिया में बॉलिंग करते हैं, तो बॉल पकड़ती है और धीमी आती है, जो एक बॉलर के तौर पर अच्छा लगता है। पहले ही मैच में बॉलिंग के लिए ऐसी सतह मिलने से एक बॉलर के तौर पर आपका कॉन्फिडेंस बढ़ता है। मैं स्टंप्स पर बॉलिंग करने के बारे में सोच रहा था, क्योंकि मैं चांस लेना चाहता था कि अगर वह मिडिल में न जाए। लेकिन जब उसने मुझे छक्का मारा, तो मैंने तुरंत अपनी स्ट्रेटेजी बदलकर वाइड बॉलिंग कर ली, क्योंकि वह मुझे सीधी लाइन पर मारता रहता। इसलिए, मैंने पांचवें-छठे स्टंप की लाइन पर फिनिश करने का फैसला किया, यह सोचकर कि अगर वह क्रॉस गया, तो शायद उसकी टाइमिंग सही न हो, और वही हुआ, यह हमारे लिए एक बड़ा विकेट था। जडेजा ने शिवम दुबे को आउट करने के बाद अपने जबरदस्त सेलिब्रेशन पर कहा, ष्जब मैं सीएसके के लिए खेलता था।

## सूर्यवंशी भारतीय टी 20 टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं: चावला

**गुवाहाटी, वार्ता।** रियान पराग, गुवाहाटी में वैभव सूर्यवंशी को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए देख रहे थे और बस यही सोच रहे थे, वाह, ए कैसे करता है? वहीं दूसरी ओर पीयूष चावला और अंबाती रायुडू - ईएसपीएन क्रिकइंफो स्टूडियो से मैच देखते हुए सोच रहे थे कि 15 साल के राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के इस बल्लेबाज के लिए भारतीय टीम का बुलावा अब ज्यादा दूर नहीं है। चावला ने कहा कि वह सूर्यवंशी को जल्दी ही ऊपर के स्तर पर देखना चाहेंगे,

जबकि रायुडू थोड़ा सावधान रहे लेकिन बोले कि यह युवा षनिश्चित रूप से दौड़ में शामिल है।ष आईपीएल के बाद भारत को अफगानिस्तान और आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलना है। ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट हिदी शो में रायुडू ने कहा कि सूर्यवंशी, देश के कई युवा खिलाड़ियों से एक स्तर ऊपर दिखते हैं और ऐसी प्रतिभा हैं, जो भारतीय क्रिकेट के लिए जरूर कमाल करेगा। हालांकि कब करेगा, यह नहीं कहा जा सकता, लेकिन भविष्य में जरूर ऐसा होगा। जिस तरह वह बल्लेबाजी कर रहे हैं और जिस आजादी के साथ खेल रहे हैं, यह इस बात का सबूत है कि आरआर मैनेजमेंट ने शानदार काम किया है और उनके लिए चीजों को जिटल नहीं बनाया है। उनकी शॉट-मेकिग और जिस आसानी से वह गेंदबाजों पर आक्रमण करते हैं, इस उम्र में अविश्वसनीय है। रायुडू ने कहा, ष्मेरे हिंसाब से टी20 में उनका पहला बुलावा आ सकता है, बशर्ते अगर उनका आईपीएल बहुत अच्छा जाता है और वह दिखाते हैं कि वह दबाव में भी शांत रह सकते हैं। मत भूलिए, हमारी भारतीय टीम अभी विश्व चैंपियन है और हाल ही में टीम ने टी20 विश्व कप जीता है। इसलिए टीम में जगह बनाना आसान नहीं होगा। मेरे हिंसाब से अभी कुछ खिलाड़ी उनसे आगे हैं, क्योंकि टीमें अगले आईसीसी टूर्नामेंट को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। कई खिलाड़ी हैं जो पिछले दो-तीन साल से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसलिए अगर मैं चयनकर्ता होता, तो वह निश्चित रूप से रेस में होते। लेकिन अभी कई खिलाड़ी उनसे आगे हैं। अगर सूर्यवंशी अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचते हैं, तो चावला मानते हैं कि वह आसानी से ढल जाएंगे। उन्होंने कहा कि यही आईपीएल की खूबसूरती है। 15 साल की उम्र में वह विश्व स्तरीय गेंदबाजों का सामना कर रहे हैं। जब वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाएंगे, तो यह उनके लिए नया नहीं होगा। वह पहले ही 140 की गति वाली गेंदबाजी का सामना कर रहे हैं।

## सुरक्षा प्रोटोकॉल उल्लंघन: शाहीन अफरीदी पर लगा जुर्माना

**लाहौर, वार्ता।** लाहौर कलंदर्स ने 28 मार्च को टीम होटल में सुरक्षा प्रोटोकॉल के कथित उल्लंघन की अंदरूनी जांच के बाद शाहीन शाह अफरीदी पर 1 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया है।

हालांकि, टीम ने इस घटना को ष्पब्लिक बातचीत में असल संदर्भ से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया बताया। इस घटना की रिपोर्ट सामने आने के तुरंत बाद फ्रेंचाइजी ने जांच शुरू की, जिसमें यह पता लगाया गया कि क्या किसी काम ने पाकिस्तान सुपर लीग को चलाने वाले नियमों का उल्लंघन किया है। फ्रेंचाइजी ने कहा कि यह जुर्माना, जिसे अपनी मर्जी से और पहले से किया गया, कदम बताया गया, अनुशासन को मजबूत करने और जवाबदेही दिखाने के लिए लगाया गया था। कलंदर्स की एक रिलीज में कहा गया, 'डिसिप्लिन बनाए रखने और जिम्मेदारी दिखाने के लिए, फ्रेंचाइजी ने शाहीन शाह अफरीदी पर उनकी संलिप्तता के लिए 1 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाकर अपनी मर्जी से और प्रोएक्टिव कदम उठाया है। लाहौर कलंदर्स ने इस मामले पर अपनी राय के साथ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को औपचारिक रूप से एक विस्तृत जवाब भी दिया है।

बयान में आगे कहा गया, फ्रेंचाइजी ने सिक्योरिटी कर्मचारियों की कोशिशों की दिल से तारीफ की, खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों के लिए एक सुरक्षित माहौल पक्का करने में उनकी जरूरी भूमिका को पहचाना।

### कनाडा सुपर 60 सीजन 2,29 सितम्बर से 4 अक्टूबर के बीच वैंकूवर में खेला जाएगा

**वैंकूवर।** कनाडा सुपर 60 लीग, जो दुनिया भर के क्रिकेट जगत में सबसे रोमांचक नई चीजों में से एक है, अपने दूसरे सीजन के लिए 29 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक यहां के मशहूर बीसी प्लेस स्टेडियम में लौटने के लिए तैयार है, जिसका बेसब्री से इंतजार था। एक जबरदस्त डेब्यू सीजन के बाद, जिसने दुनिया भर के फैंस का ध्यान खींचा, कनाडा सुपर 60 इंटरनेशनल क्रिकेट कैलेंडर में एक बड़ा इवेंट बनने की अपनी यात्रा जारी रखे हुए है। लीग पार्टनर युवराज सिंह ने कहा कि पिछले साल के पहले सीजन की सफलता के बाद, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि कनाडा सुपर 60 सीजन 2 के लिए लौट रहा है। फैंस, खिलाड़ियों और दुनिया भर की क्रिकेट कम्युनिटी से मिला रिस्पॉन्स बहुत अच्छा था, और यह साफ था कि दुनिया ने इस बात पर ध्यान दिया।

## मनिका बत्रा ने लिली झांग को हराकर ग्रुप स्टेज में जीत हासिल की

**मकाओ, वार्ता।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला ने मंगलवार को यहां आईटीटीएफ वर्ल्ड कप 2026 के दूसरे दिन अलग-अलग नतीजे दिए। महिला सिगल्स के लिए टेबल टेनिस वर्ल्ड रैंकिग में 47वें नम्बर पर मौजूद मनिका बत्रा ने अमेरिका की दुनिया की 42वें नम्बर की खिलाड़ी लिली झांग पर 3-2 (11-7, 11-2, 14-16, 5-11, 11-6) से जीत दर्ज की।



30 साल की मनिका बत्रा सीधे गेम में मुकाबला अपने नाम करने के लिए तैयार दिख रही थीं, उन्होंने तीसरे गेम में 5-2 की बढ़त बना ली और दो मैच पॉइंट हासिल किए। हालांकि, पूर्व पैन अमेरिकन सिगल्स चैंपियन लिली झांग ने जबरदस्त वापसी की और टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया, फिर गेम जीत लिया। इसी मोमेंटम के साथ, झांग ने चौथा गेम जीत कर मैच को डिसाइडर तक पहुंचा दिया। हालांकि, तीन बार की ओलंपियन बत्रा ने दबाव में वापसी की और अपने आखिरी ग्रुप मैच में जीत हासिल की। आईटीटीएफ वर्ल्ड कप में सभी ग्रुप स्टेज मैच बेस्ट-ऑफ-फाइव गेम्स फॉर्मेट में होते हैं, जिसके बाद नॉकआउट राउंड के लिए बेस्ट-ऑफ-सेवन में बदल जाते हैं। मनिका बत्रा आईटीटीएफ वर्ल्ड कप के पहले दिन ग्रुप 4 में जापान की दुनिया की नम्बर 5 मिवा हरिमोटो से टूर्नामेंट का अपना पहला मैच हार गई थीं। सिर्फ टॉप 16 ग्रुप टॉपर्स ही राउंड ऑफ 16 स्टेज के लिए क्वालीफाई करेंगे। मिवा हरिमोटो और लिली झांग बुधवार को आमने-सामने होंगी, जिसके बाद ग्रुप 4 की विनर का फैसला होगा। महिलाओं के ड्रॉ में भारत की दूसरी खिलाड़ी, श्रीजा अकुला, जो दुनिया में 44वें नम्बर पर हैं, ने ग्रुप 2 में अपने टूर्नामेंट के पहले मैच में पुर्तगाल की ओलंपियन फू यू के खिलाफ पहला गेम जीतकर अच्छी शुरुआत की। हालांकि, श्रीजा अकुला आखिरकार दुनिया की 48वें नम्बर की खिलाड़ी फू यू से 3-1 (8-11, 11-9, 15-13, 11-8) से हार गईं। श्रीजा अकुला बुधवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में दुनिया की नम्बर 2 और ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की वांग मन्यु का सामना करेंगी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 1 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पैचीदा होते हालात

ईरान के साथ अमेरिका-इस्राईल युद्ध अब बेहद खतरनाक मोड़ लेता दिखाई दे रहा है। यह युद्ध कैसे खत्म होगा, आज की तारीख में इसे बताने के लिए कोई भी सक्षम व्यक्ति इस धरती पर मौजूद दिखाई नहीं दे रहा है। यह बेहद खतरनाक स्थिति है। भले ही यह युद्ध ईरान-अमेरिका/इस्राईल के बीच दिखाई दे रहा हो, लेकिन हकीकत यह है कि इस युद्ध की आग में पूरी दुनिया झुलसती दिखाई दे रही है। इसलिए कोई भी मुल्क यह कहकर पल्ला नहीं झाड़ सकता कि इस संघर्ष से उसका कोई लेना-देना नहीं है। यह बेहद अफसोसजनक बात है कि विश्व स्तर पर इस समय कोई भी ऐसा नेता नहीं है, जो आगे बढ़कर सभी पक्षों को शांति की मेज पर लाए। इक्का-दुक्का कोशिशें हो रही हैं, लेकिन वह वास्तव में शांति के लिए कम दिखावे के लिए ज्यादा होती दिखाई दे रही हैं। हाल ही में हुई पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और मिस्र के विदेश मंत्रियों की बैठक भी कोई रंग लाती दिखाई नहीं दे रही है, लेकिन इस अवसर पर मिस्र के विदेश मंत्री ने जो कहा था वह काफी ध्यान देने योग्य है। उनका कहना था कि इस जंग को केवल ट्रम्प ही रोक सकते हैं। असल में इस जंग में जो सबसे बड़ी रुकावट है वह जंग शुरू करने वाले देश ही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर कोई भरोसा करने के लिए तैयार नहीं है और जब तक भरोसा नहीं होगा किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता और न ही किसी से कोई बातचीत का मतलब है। यह बात इस आधार पर की जा रही है कि बातचीत का भरोसा ट्रम्प ने ही तोड़ा है। ईरान का कहना तर्कसगत है कि जब बातचीत हुई है तब-तब अमे. रिका ने उस पर हमला किया है। जब 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया गया तब भी बातचीत का सिलसिला जारी था और खुद ट्रम्प कह रहे थे कि बातचीत सही दिशा में जा रही है। ईरान की तरफ से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही थी। लोगों को भी उम्मीद थी कि यह संकट आराम से टल जाएगा, लेकिन अचानक अमेरिका-इस्राईल ने मिलकर ईरान पर हमला बोला, बल्कि उसके धार्मिक शीर्ष नेता आयातुल्ला अली खामेनेई समेत दर्जनों टॉप सैन्य कमांडर मार दिए गए। यह हमला कहीं से भी उचित नहीं कहा जा सकता। यही कारण है कि आज अमेरिका पूरी दुनिया में अलग-थलग पड़ता दिखाई दे रहा है। कठिन परिस्थितियों में उसका साथ देने वाला नाटो संगठन भी उससे न सिर्फ दूरी बना रहा है, बल्कि उसको यह अतार्किक युद्ध थोंपने के लिए नसीहत भी दे रहा है। भले ही ट्रम्प अपनी खीज मिटाने के लिए नाटो को कागजी शेर, कायर कह रहे हों, लेकिन इससे वास्तविक तथ्यों को नहीं बदल सकते। ट्रम्प भी जानते हैं कि वह इस युद्ध में फंस चुके हैं। हालात इतने बुरे हो चले हैं, कि उन्हें इस युद्ध से बाहर निकलने के लिए पाकिस्तान जैसे देश की मदद लेनी पड़ रही है।

## आजीविका की समस्याएं गंभीर हो रही



उप्र जैसे बड़े और गरीब राज्य में रोजगार, महंगाई और आजीविका की समस्याएं लगातार गंभीर होती जा रही हैं, सरकारें इन मुद्दों पर ठोस समाधान देने के बजाय केवल वादों और जुमलेबाजी तक सीमित हैं, जिससे आमजन का जीवन और कठिन हो गया है, वैश्विक तनाव, विशेषकर अमेरिका- इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण पेट्रोल, गैस और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है, इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मेहनतकश वर्ग पर पड़ा है, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं, आत्मनिर्भरता केवल नारा नहीं , बल्कि इसे वास्तविकता में बदलने की जरूरत है, इसके लिए सरकार को दीर्घकालीन और सर्वसम्मति आधारित नीति बनानी चाहिए, जिसमें सभी दलों को शामिल किया जाए।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# ईरान-इस्राईल युद्ध का भारत पर प्रभाव



ईरान-इजराइल युद्ध केवल दो देशों के बीच सैन्य टकराव भर नहीं है, बल्कि यह वैश्विक राजनीति, ऊर्जा बाजार, व्यापार व्यवस्था और वित्तीय स्थिरता पर गहरा प्रभाव डालने वाला संकट बन चुका है। पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) लंबे समय से विश्व की ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र रहा है, और इसी क्षेत्र में संघर्ष बढ़ने से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। भारत जैसे विकासशील और ऊर्जा आयात पर निर्भर देश पर इसका प्रभाव और भी अधिक गहरा पड़ता है। वर्तमान समय में यह युद्ध केवल सीमित क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रहा, बल्कि इसका असर वैश्विक तेल कीमतों, व्यापार मार्गों, मुद्रा विनिमय दर, निवेश प्रवाह और आम जनता की जीवनशैली तक पहुंच चुका है।

हालिया घटनाओं में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमलों के बाद स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के अनुसार इस संघर्ष ने वैश्विक तेल आपूर्ति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है, जिससे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है और कई देशों की आर्थिक स्थिति पर दबाव बढ़ा है, यह स्थिति भारत के लिए विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है।

भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा तेल और गैस पर निर्भर है। भारत लगभग 85.90 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में जब भी वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो उसका सीधा असर भारत के व्यापार संतुलन, मुद्रा मूल्य और महंगाई पर पड़ता है। ईरान-इजराइल युद्ध के चलते तेल की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला है। रिपोर्ट्स के अनुसार कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच चुकी हैं और भविष्य में 150 डॉलर तक जाने की आशंका जताई जा रही है।

तेल की कीमतों में यह वृद्धि भारत के लिए कई स्तरों पर संकट पैदा करती है। सबसे पहले, भारत का आयात बिल बढ़ जाता है। जब तेल महंगा होता है, तो सरकार को अधिक विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है, जिससे चालू खाता घाटा बढ़ता है। इससे भारतीय रुपये पर दबाव आता है और उसकी कीमत गिरने लगती है। रुपये की कमजोरी का अर्थ है कि भारत को हर आयात के लिए अधिक भुगतान करना पड़ेगा, जिससे महंगाई और बढ़ जाती है।

महंगाई इस युद्ध का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष प्रभाव है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से परिवहन लागत बढ़ जाती है। जब परिवहन महंगा होता है, तो इसका असर हर वस्तु पर पड़ता है खाद्यान्न, सब्जियां, दवाइयां, कपड़े, निर्माण सामग्री आदि सभी महंगे हो जाते हैं। इस प्रकार आम जनता पर सीधा आर्थिक बोझ बढ़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि तेल की कीमतों में हर 10 प्रतिशत वृद्धि भारत की जीडीपी वृद्धि दर को 0.20-0.25 प्रतिशत तक कम कर सकती है।

ईरान-इजराइल युद्ध का दूसरा बड़ा प्रभाव व्यापार पर पड़ता है। भारत का एक बड़ा व्यापार पश्चिम एशियाई देशों के साथ होता है। खाड़ी क्षेत्र से भारत को न केवल तेल मिलता है, बल्कि भारत वहां बड़ी मात्रा में सामान निर्यात भी करता है, जैसेकृबासमती चावल, मसाले, दवाइयां, कपड़ा और इंजीनियरिंग उत्पाद। युद्ध के कारण समुद्री मार्गों में असुरक्षा बढ़ जाती है, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल गुजरता है। इस मार्ग में किसी भी प्रकार की बाधा भारत के व्यापार को सीधे प्रभावित करती है। जब समुद्री मार्ग असुरक्षित होते हैं, तो जहाजों के बीमा और माल ढुलाई की लागत बढ़ जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि भारतीय निर्यातकों की लागत बढ़ जाती है और उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो जाती है। कई बार निर्यात में देरी या रद्दीकरण भी होता है, जिससे भारत के व्यापार घाटे में वृद्धि होती है। इस युद्ध के कारण भारत के कई उद्योगों को नुकसान पहुंचा है। विशेष रूप से वे उद्योग जो तेल पर निर्भर हैंकृजैसे परिवहन, विमानन, रसायन, प्लास्टिक, उर्वरक और विनिर्माण। विमानन क्षेत्र पर इसका सीधा असर पड़ा है क्योंकि हवाई ईंधन की कीमतें बढ़ गई हैं और कई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के मार्ग बदलने पड़े हैं। इससे टिकट महंगे हुए हैं और यात्रियों की संख्या में गिरावट आई है। भारतीय शेयर बाजार भी इस युद्ध से अछूता नहीं रहा। जैसे ही युद्ध की खबरें बढ़ीं, निवेशकों में डर पैदा हुआ और उन्होंने सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख किया, जैसे सोना और अमेरिकी डॉलर। इससे भारतीय शेयर बाजार में गिरावट आई और विदेशी निवेशकों ने पैसा निकालना शुरू कर दिया। इससे बाजार में अस्थिरता बढ़ी और कई कंपनियों के शेयर मूल्य गिर गए। रुपये की कमजोरी एक और बड़ी समस्या है। जब विदेशी निवेशक पैसा निकालते हैं और आयात बिल बढ़ता है, तो रुपये की मांग कम हो जाती है। इससे रुपये की कीमत गिरती है। रूपए के कमजोर होने से आयात और महंगा हो जाता है, जिससे महंगाई का दुष्चक्र शुरू हो जाता है। इस युद्ध का प्रभाव केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी है। महंगाई बढ़ने से आम लोगों की क्रय शक्ति कम हो जाती है। मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग के लिए जीवन यापन कठिन हो जाता है। रोजमर्रा की जरूरतोंकृजैसे खाना, परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्यकृकी लागत बढ़ जाती है। इससे सामाजिक असंतोष भी बढ़ सकता है। भारतीय सरकार के सामने इस स्थिति में कई चुनौतियां हैं। एक ओर उसे महंगाई को नियंत्रित करना है, दूसरी ओर आर्थिक विकास को बनाए रखना है। यदि सरकार पेट्रोल और डीजल पर टैक्स कम करती है, तो उसकी आय द्धतमअ. मदनमत्रः घट जाती है। लेकिन यदि टैक्स नहीं घटाती, तो जनता पर बोझ बढ़ता है। यह एक संत. ुलन बनाने की कठिन स्थिति है। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक को भी ब्याज दरों को लेकर सावधानी बरतनी पड़ती है।

यदि महंगाई बढ़ती है, तो ब्याज दरें बढ़ानी पड़ती हैं, लेकिन इससे निवेश और विकास पर असर पड़ता है। इस प्रकार युद्ध का प्रभाव मौद्रिक नीति पर भी पड़ता है। भारत के निर्यात क्षेत्र को भी इस युद्ध से नुकसान हुआ है। विशेष रूप से वे वस्तुएं जो खाड़ी देशों को निर्यात की जाती हैं जैसे बासमती चावल, मसाले, दवाइयां और वस्त्र उनकी मांग में कमी आई है या आपूर्ति बाधित हुई है। कुछ मामलों में माल नष्ट भी हुआ है या समय पर नहीं पहुंच पाया, जिससे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर खाद्य और उर्वरक की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। युद्ध के कारण आपूर्ति श्रृंखला बाधित होती है, जिससे कृषि क्षेत्र पर भी प्रभाव पड़ता है। भारत जैसे देश, जहां बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है, वहां इसका प्रभाव व्यापक होता है। ईरान-इजरा. इल युद्ध ने यह भी दिखाया है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा कितनी कमजोर है। भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है। इस स्थिति में किसी भी वैश्विक संकट का सीधा असर भारत पर पड़ता है। इसलिए लंबे समय में भारत को वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतोंकृजैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जैव ईंधनकृकी ओर तेजी से बढ़ना होगा।

इस संकट का एक सकारात्मक पहलू भी हो सकता है। यह भारत को आत्मनिर्भर बनने और अपनी ऊर्जा नीति में सुधार करने के लिए प्रेरित कर सकता है। साथ ही, यह भारत को अपने व्यापार मार्गों और साझेदार देशों में विविधता लाने के लिए भी मजबूर कर सकता है। अंततः ईरान. इजराइल युद्ध ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं। एक क्षेत्र में होने वाला संघर्ष पूरे विश्व को प्रभावित कर सकता है। भारत के लिए यह एक चेतावनी है कि उसे अपनी आर्थिक और ऊर्जा नीतियों को अधिक मजबूत और लचीला बनाना होगा। यदि यह युद्ध लंबे समय तक चलता है, तो भारत को गंभीर आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता हैकृजैसे उच्च महंगाई, धीमी आर्थिक वृद्धि, बढ़ता व्यापार घाटा और कमजोर मुद्रा, लेकिन यदि भारत सही नीतिगत कदम उठाता है, तो वह इस संकट को अवसर में भी बदल सकता है। इस प्रकार, ईरान-इजराइल युद्ध केवल एक सैन्य संघर्ष नहीं, बल्कि एक ऐसा वैश्विक आर्थिक संकट है जिसने भारत सहित पूरी दुनिया की आर्थिक संरचना को प्रभावित किया है। आने वाले समय में इस युद्ध की दिशा और अवधि यह तय करेगी कि इसका प्रभाव कितना गहरा और दीर्घकालिक होगा।

**-एस.एम.राव**

# जलवायु परिवर्तन, अंतर्राष्ट्रीय तनाव व बढ़ता संकट

**आजकल वैज्ञानिक 'डिजिटल ट्विन' नामक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसमें कंप्यूटर पर नदी प्रणाली का एक आभासी मॉडल बनाया जाता है, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि जलवायु परिवर्तन का नदी पर क्या असर पड़ेगा। चीन की यांग्त्से नदी घाटी में इस तकनीक का इस्तेमाल जल प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए किया जा चुका है। सिंधु जल संधि कई युद्धों और राजनीतिक तनाव के बावजूद दशकों तक चलती रही।**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार पानी के जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की वजह से दुनिया की जल व्यवस्था दम तोड़ रही है। कई नदियां, ग्लेशियर और भूजल भंडार अपनी प्राकृतिक सीमा से ज्यादा दबाव में हैं, और संभव है कि वे पहले जैसी स्थिति में फिर कभी न लौट सकें।

ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे नदियों का बहाव बदल रहा है। राजनीतिक तनाव इस समस्या को और जटिल बना रहे हैं। कई देशों के बीच पानी बंटवारे से जुड़े समझौते दबाव में आ गए हैं। अप्रैल 2025 में भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया, जो 1960 से सिंधु नदी तंत्र के इस्तेमाल को तय करती थी। दूसरी ओर, अफगानिस्तान कुनार नदी पर एक बड़े जलाशय निर्माण की योजना बना रहा है, जिससे पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी में कमी आ सकती है। इसी बीच भारत और बांग्लादेश के बीच गंगा जल बंटवारे का समझौता भी दिसंबर में खत्म होने वाला है। नया समझौता न होने से नदी पर निर्भर लगभग 63 करोड़ लोग प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, पानी से सम्बंधित पुराने समझौतों को बनाए रखना ही काफी नहीं है बल्कि उन्हें आज की परिस्थितियों के अनुसार ढालना होगा। पहले के समझौते उस समय के स्थिर जल स्तर को ध्यान में रखकर बनाए गए थे। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश, ग्लेशियर पिघलने और नदियों के बहाव के पैटर्न पहले जैसे नहीं रहे। नवीनतम



जानकारी उपलब्ध हो, तो समस्याओं का बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। आजकल वैज्ञानिक 'डिजिटल ट्विन' नामक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसमें कंप्यूटर पर नदी प्रणाली का एक आभासी मॉडल बनाया जाता है, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि जलवायु परिवर्तन का नदी पर क्या असर पड़ेगा। चीन की यांग्त्से नदी घाटी में इस तकनीक का इस्तेमाल जल प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए किया जा चुका है। सिंधु जल संधि कई युद्धों और राजनीतिक तनाव के बावजूद दशकों तक चलती रही। इसका एक कारण यह था कि इसमें विश्व बैंक जैसे तटस्थ मध्यस्थ की भूमिका थी और दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञों की एक संयुक्त समिति भी बनाई गई थी। और पानी से जुड़े ढांचे और परियोजनाओं के लिए साझा वित्तीय व्यवस्था भी रखी गई थी। ऐसी संस्थाओं को और मजबूत होना चाहिए, ताकि वे पूरे नदी क्षेत्र के प्रबंधन में डैटा के आधार पर फैसले ले सकें। नदियों को केवल पानी के स्रोत के रूप में देखने की बजाय उन्हें समग्र प्राकृतिक तंत्र के रूप में समझना होगा। बेहतर जानकारी, आपसी सहयोग और लचीले समझौतों की मदद से अभी भी आने वाले वैश्विक जल संकट को टाला जा सकता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# सोशल मीडिया की बढ़ती लत से दिमागी और सामाजिक प्रभाव

सोशल मीडिया का आगमन पिछले एक दशक में हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफार्मों ने न केवल हमारी संवाद शैली को बदल दिया है, बल्कि हमारी मानसिकता, स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर भी गहरा प्रभाव डाला है। हालांकि, इस तकनीकी प्रगति के साथ-साथ, सोशल मीडिया की लत भी एक गंभीर समस्या बन गई है। इस लेख में हम सोशल मीडिया की लत के स्वास्थ्य पर प्रभावों की गहराई से चर्चा करेंगे।

**सोशल मीडिया की लत: एक परिचय**

सोशल मीडिया की लत को किसी व्यक्ति के सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग करने के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो उनके दैनिक जीवन, कार्यक्षमता, और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। यह लत व्यक्तियों को अपने वास्तविक जीवन से दूर कर देती है और उन्हें एक आभासी दुनिया में सीमित कर देती है।

**सोशल मीडिया का बढ़ता उपयोग**

1. जनसंख्या के विभिन्न आयु वर्ग में प्रभाव

आजकल के युवा और बच्चे सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिता रहे हैं। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि औसतन एक व्यक्ति दिन में लगभग 2-3 घंटे सोशल मीडिया का उपयोग करता है। यह समय न केवल संचार के लिए, बल्कि मनोरंजन, समाचार, और अन्य जानकारी के लिए भी उपयोग किया जाता है।

2. सोशल मीडिया का व्यावसायिक उपयोग

सोशल मीडिया का उपयोग व्यवसायों में भी बढ़ रहा है। कंपनियां अपने उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग कर रही हैं। हालांकि, इस व्यावसायिक उपयोग के साथ-साथ, व्यक्तिगत उपयोग भी बढ़ रहा है।

**अवसाद और चिंता**

सोशल मीडिया की लत से अवसाद और चिंता की समस्याएं बढ़ सकती हैं। जब व्यक्ति दूसरों के जीवन को देखकर अपनी स्थिति की तुलना करते हैं, तो उन्हें असुरक्षा का अनुभव होता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**आत्म-सम्मान में कमी**

सोशल मीडिया पर ष्लाइकष और ष्फॉलोअरष की संख्या से व्यक्ति का आत्म-सम्मान प्रभावित होता है। जब व्यक्ति को अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलती है, तो उनकी आत्मछवि पर बुरा असर पड़ता है।

**शारीरिक स्वास्थ्य**

सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग रात में नींद की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। स्क्रीन की नीली रोशनी और लगातार सूचनाओं के कारण व्यक्ति सोने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**शारीरिक गतिविधियों की कमी**

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से शारीरिक गतिविधियों की कमी होती है। यह वजन बढ़ने, हृदय रोग, और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।

**व्यक्तिगत संबंधों में कमी**

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से व्यक्ति अपने वास्तविक संबंधों की उपेक्षा करने लगता है। इससे पारिवारिक और मित्रता संबंध कमजोर हो सकते हैं।

**सामाजिक अलगाव**

जब व्यक्ति केवल ऑनलाइन बातचीत में ही उलझा रहता है, तो वे वास्तविक दुनिया से अलगाव का अनुभव कर सकते हैं। यह सामाजिक जीवन में कमी का कारण बनता है।

**प्रभावी शोध और अध्ययन**

अनेक शोधों ने सोशल मीडिया के उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित किया है। उदाहरण के लिए, एक अध्ययन में पाया गया कि जिन व्यक्तियों ने रोजाना अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताया, उनमें अवसाद और चिंता के लक्षण अधिक देखे गए।

**डेटा का विश्लेषण**

एक अन्य अध्ययन में, 18 से 24 वर्ष के युवाओं में सोशल मीडिया के उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध को स्थापित किया गया। यह पाया गया कि जिन युवाओं ने अपने आत्म-सम्मान को सोशल मीडिया पर आधारित किया, उनमें अवसाद की संभावना अधिक थी।

**समाधान और उपाय**

सोशल मीडिया के उपयोग को सीमित करना एक प्रभावी उपाय हो सकता है। व्यक्ति को अपनी स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना चाहिए और इसे केवल आवश्यकतानुसार उपयोग करना चाहिए।

**डिजिटल डिटॉक्स**

डिजिटल डिटॉक्स का अर्थ है कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाना। इससे व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य को पुन: सुधारने और वास्तविक जीवन में जुड़ने का अवसर मिलता है।

**जागरूकता कार्यक्रम**

लोगों को सोशल मीडिया के प्रभावों के बारे में जागरूक



करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

**मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं**

मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य के लिए पेशेवर मदद लेने में संकोच नहीं करना चाहिए।

**निष्कर्ष**

सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसकी लत गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें इसे समझदारी से उपयोग करने की आवश्यकता है, ताकि हम इसके फायदों का लाभ उठा सकें और इसके हानिकारक प्रभावों से बच सकें। इस दिशा में उठाए गए कदम न केवल हमारे लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए हमें सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करना चाहिए।

**-स्रोत फीचर्स**



इजरायल। पेटाह टिकवा में ईरानी मिसाइल से प्रभावित स्थल का निरीक्षण करते इजरायली सुरक्षा बल और निवासी।

# इजरायल में फलस्तीनी अपराधियों को 90 दिन में फांसी

## अपील करने का अधिकार खत्म, इजरायली संसद 'नैस्ट' ने एक बेहद विवादास्पद विधेयक को दी मंजूरी

**तेल अवीव।** इजरायल की संसद 'नैस्ट' ने एक बेहद विवादास्पद विधेयक को मंजूरी दी है, जो इजरायली नागरिकों की हत्या के दोषी वेस्ट बैंक के फलस्तीनियों के लिए 'मौत की सजा' अनिवार्य बनाता है। इस समय इजरायल की जेल में 1100 कैदी बताए जाते है जिनमें बच्चों की संख्या 250 है।





■ इसे विशेष स्थिति में 180 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है
■ इस विधेयक की अगुवाई धुर दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने की थी

इस विधेयक की सबसे विवादित बात यह है कि इसमें सजा का दोहरा मापदंड रखा गया है-जहां वेस्ट बैंक के फलस्तीनियों पर सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाकर उन्हें फांसी दी जाएगी, वहीं समान अपराधों के लिए इजरायली नागरिकों (यहूदियों) पर नागरिक अदालतों में मुकदमा चलेगा, जो उन्हें इस कठोर सजा के दायरे से बाहर रखता है। 'द टाइम्स ऑफ इजरायल' की रिपोर्ट के अनुसार, इस विधेयक के तहत सैन्य अदालतों में घातक आतंकी गतिविधियों के दोषी पाए गए वेस्ट बैंक के निवासियों के लिए 'फांसी की सजा' ही मुख्य सजा होगी। न्यायाधीश केवल कुछ अस्पष्ट 'विशेष परिस्थितियों' में ही उम्रकैद की सजा सुना सकेंगे। इसके मुताबिक, सजा सुनाए जाने के 90 दिनों के भीतर फांसी देनी होगी। इसे विशेष स्थिति में 180 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है। 120 सीटो वाली नैस्ट में सोमवार को इस विधेयक के पक्ष में 62 वोट पड़े, जिनमें प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का वोट भी शामिल था। विपक्ष में 48 वोट पड़े और एक सदस्य मतदान से अनुपस्थित रहा। इस विधेयक की अगुवाई धुर दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने की थी। मतदान के बाद बेन ग्विर ने सार्वजनिक रूप से इसका जश्न मनाया और सोशल मीडिया पर लिखा कि हमने इतिहास रच दिया!!! हमने वादा किया था और उसे पूरा कर दिखाया। इस विधेयक की हालांकि व्यापक स्तर पर निंदा की जा रही है और इसे 'भेदभावपूर्ण' बताया जा रहा है। यूरोपीय देशों, मानवाधिकार समूहों और फलिस्तीनी प्राधिकरण ने दो अलग-अलग कानूनी प्रणालियां बनाने के लिए इस कानून की कड़ी आलोचना की है। 'एसोसिएशन फॉर सिविल राइट्स इन इजरायल' इस विधेयक को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दे रही है। उनका तर्क है कि यह कानून संवैधानिक और अधिकार क्षेत्र के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है और राष्ट्रीयता के आधार पर असमान व्यवहार (भेदभाव) स्थापित करता है। विधेयक के समर्थकों ने हमलों के अपने व्यक्तिगत अनुभवों का हवाला देते हुए कहा कि वे इजरायली और फलस्तीनियों के बीच 'आतंक के चक्र' को तोड़ना चाहते हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली ने इस पर 'गहरी चिंता' व्यक्त करते हुए कहा कि इस विधेयक से 'लोकतांत्रिक सिद्धांतों के संबंध में इजरायल की प्रतिबद्धताओं के कमजोर होने' का खतरा है। गाजा पर नियंत्रण रखने वाले हमास ने सोमवार शाम एक बयान में कहा कि इस विधेयक की मंजूरी इजरायली जेलों में बंद फलस्तीनी कैदियों के 'जीवन के लिए खतरा' है। हमास ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से 'अपने कैदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने' का आह्वान किया।

## ईरान के क्षतिग्रस्त परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से आबादी को कोई खतरा नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरान के क्षतिग्रस्त परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से देश की आबादी को कोई खतरा नहीं है। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) के उप प्रमुख मोहम्मद रजा करदान ने यह बात कही है। उन्होंने सोमवार को समाचार एजेंसी आईआरएनए से कहा कि अब तक, नुकसान इस तरह का नहीं है जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य को कोई खतरा हो। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी संभावित नुकसान की रिपोर्ट मिलने के बाद विकिरण सुरक्षा विशेषज्ञ स्थिति का आकलन कर रहे हैं। संगठन ने शुक्रवार को कहा था कि अमेरिका और इजरायल ने दक्षिणी ईरान में 'एलो. केक' के नाम से जाने जाने वाले पाउडर वाले यूरेनियम सांद्रण का उत्पादन करने वाले एक संयंत्र पर हमला किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### यूरोपीय संघ परिषद ने ईरान पर लगे प्रतिबंधों को बढ़ाया

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने कथित मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघनों को लेकर ईरान पर लगे प्रतिबंधों को 13 अप्रैल, 2027 तक बढ़ा दिया है। यूरोपीय संघ परिषद ने यह जानकारी दी। परिषद ने सोमवार को एक बयान में कहा कि परिषद ने आज ईरान में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन के जवाब में यूरोपीय संघ के प्रतिबंधात्मक उपायों को 13 अप्रैल 2027 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। बयान के अनुसार, इन उपायों में ईयू में प्रवेश पर प्रतिबंध और संपत्ति को फ्रीज करना, साथ ही ईरान को दूरसंचार निगरानी उपकरणों के निर्यात पर प्रतिबंध शामिल है।

### यरूशलम में दस धमाकों की आवाज सुनी गई : रिपोर्ट

**यरूशलम।** इजरायल की राजधानी यरूशलम में कम से कम 10 धमाकों की गूंज सुनी गई है। एजेंसी फ्रांस-प्रेस ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने इससे पहले कहा था कि उसने ईरान से दागी गई मिसाइल का पता लगाया है और हवाई सुरक्षा प्रणालियां उन्हें रोक रही हैं। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान और देश के कई हिस्सों पर हमले शुरू किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई में इजरायली क्षेत्र पर हमलों के साथ ही पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।

### हैती में मरने वालों की संख्या 70 तक पहुंचने का अनुमान

**मेक्सिको सिटी।** मध्य अमेरिकी देश हैती के आर्टिबोनिट क्षेत्र में एक गिरोह के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 70 तक पहुंचने का अनुमान है। रेडियो टेली गैलेक्सी ने आर्टिबोनिट के मेयर के हवाले से यह जानकारी दी। हैती की राष्ट्रीय पुलिस ने पहले सोशल मीडिया पर बताया था कि हमले में मरने वालों की प्रारंभिक संख्या 16 थी, जबकि अन्य 10 स्थानीय निवासी घायल हुए थे।

# ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने को तैयार डोनाल्ड ट्रम्प

## ट्रम्प होमुर्ज जलडमरूमध्य खोलने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने सहयोगियों के समक्ष अपनी जिद त्यागी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सहयोगियों से कहा है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य खोले बिना ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने को तैयार हैं। 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' अखबार ने अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प और उनके सहयोगियों ने हाल के दिनों में आकलन किया कि इस अहम जलमार्ग को खोलने का कोई भी अभियान संघर्ष को उनकी तय समय-सीमा (चार से छह सप्ताह) से आगे बढ़ा देगा।

उन्होंने फैसला किया कि अमेरिका को अपने मुख्य लक्ष्य हासिल करने चाहिए और मौजूदा शत्रुता को खत्म करना चाहिए, जबकि साथ ही तेहरान पर कूटनीतिक दबाव बनाना चाहिए ताकि व्यापार का मुक्त प्रवाह फिर से शुरू हो सके। अधिकारियों ने अखबार को बताया कि अगर यह तरीका नाकाम रहता है, तो अमेरिका यूरोप और खाड़ी देशों में अपने सहयोगियों पर दबाव डालेगा कि वे जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की पहल करें। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिनमें तेहरान भी शामिल था, इन हमलों से काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। ईरान के आसपास बढ़े इस तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी रूप से नाकेबंदी हो गई है। यह मार्ग फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार तक तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) की आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है। इस नाकेबंदी ने इस क्षेत्र में तेल के निर्यात और उत्पादन के स्तर को भी प्रभावित किया है। इसके परिणामस्वरूप, दुनिया भर के अधिकांश देशों में ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं।



■ अमेरिका को अपने मुख्य लक्ष्य हासिल करने चाहिए और मौजूदा शत्रुता को खत्म करना चाहिए
■ ईरान के आसपास बढ़े इस तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी रूप से नाकेबंदी हो गई है

## होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहने पर बढेंगी तेल की कीमतें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी बैंक जेपी मॉर्गन के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रूस कासमैन का मानना है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य एक और महीने के लिए बंद रहता है, तो तेल की कीमतें आसमान छूने के साथ 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। ब्रिटिश समाचार पत्र 'द टाइम्स' ने अर्थशास्त्री कासमैन के बयान के हवाले से कहा कि ऐसी स्थिति में, यदि होर्मुज जलडमरूमध्य एक और महीने तक बंद रहता है, तो तेल की कीमतें लगभग 150 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती हैं और ऊर्जा आपूर्ति पर निर्भर औद्योगिक उपभोक्ताओं को कमी का सामना करना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका-इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान की राजधानी तेहरान सहित देश के विभिन्न ठिकानों पर हमले शुरू किए थे, जिससे भारी क्षति हुई और नागरिक हताहत हुए थे। ईरान पे इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले कर रहा है। इस बीच, फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजारों में तेल और तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति के लिए एक प्रमुख मार्ग-होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से होने वाला नौपरिवहन प्रभावी रूप से ठप हो गया है।

## नासा के चंद्रमा मिशन आर्टेमिस-II के लिए उल्टी गिनती शुरू

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बुधवार को भेजे जाने वाले अपने चंद्रमा मिशन आर्टेमिस-II के लिए मंगलवार से उल्टी गिनती शुरू कर दी है। नासा ने आज एक अपडेट में कहा कि परीक्षण उड़ान के लिए उल्टी गिनती फ्लोरिडा में एजेंसी के कैनेडी स्पेस सेंटर में चल रही है, जहां चार अंतरिक्ष यात्री अपने कंसोल पर पहुंच रहे हैं। आर्टेमिस II आर्टेमिस कार्यक्रम के तहत नासा का पहला चालक दल वाला मिशन है, जिसे इसे फ्लोरिडा में एजेंसी के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। इसे एक अप्रैल को शाम 6:24 बजे (भारतीय समयानुसार 2 अप्रैल सुबह 3.54 बजे) लॉन्च किया जाना है। इसमें नासा के तीन और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी के एक अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा के चारों की यात्रा और वापसी की लगभग 10 दिनों की यात्रा के लिए भेजा जा रहा है। इस अभियान में एजेंसी पहली बार मानव यात्रियों को ले जाने के लिए ओरियन अंतरिक्ष यान की जीवन रक्षक प्रणालियों का भी परीक्षण करेगी, जिससे भविष्य के चालक दल वाले आर्टेमिस मिशनों के लिए आधार तैयार हो सकेगा। उल्टी गिनती आधिकारिक तौर पर शुरू होने के साथ, इंजीनियर 'फ्लाइट हार्डवेयर' को पावर दे रहे हैं, संचार लिक की जांच कर रहे हैं और रॉकेट के क्रायोजेनिक सिस्टम को ईंधन भरने के लिए तैयार कर रहे हैं।

# ट्रम्प के नाम पर होगा फ्लोरिडा एयरपोर्ट का नाम

■ उनके घर के नजदीक यह हवाईअड्डा, पहले राष्ट्रपति होंगे जिनके कार्यकाल में नाम बदलेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम बदलकर राष्ट्रपति ट्रम्प के नाम पर रखने का फैसला लिया गया है। फ्लोरिडा के गवर्नर रान डीसैंटिस ने एक बिल पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम बदलकर 'प्रेसिडेंट डोनाल्ड जे. ट्रम्प इंटरनेशनल एयरपोर्ट' किया जा रहा है।

फ्लोरिडा सरकार के फैसले के बाद अब इस नाम को लागू करने के लिए फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) को औपचारिक प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके बाद फ्लाइट चार्ट, नेविगेशन सिस्टम और एयरपोर्ट साइनेज में बदलाव किया जाएगा। एफएए की मंजूरी मिलने पर 1 जुलाई से यह नाम लागू हो सकता है। ऐसा होने पर ट्रम्प पहले ऐसे राष्ट्रपति होंगे, जिनके कार्यकाल के दौरान ही उनके नाम पर एयरपोर्ट रखा जाएगा। पाम बीच इंटरनेशनल अमेरिका का नौवां ऐसा कमर्शियल एयरपोर्ट बन जाएगा, जिसका नाम किसी राष्ट्रपति पर होगा। यह एयरपोर्ट ट्रम्प के मार-ए-लागो एस्टेट के बेहद करीब है, जो उनका मुख्य निवास है। अमेरिका में किसी एयरपोर्ट का नाम बदलना सिर्फ एक प्रशासनिक फैसला नहीं होता, बल्कि इसमें स्थानीय, राज्य और फेडरल तीनों स्तरों पर प्रक्रिया शामिल होती है। अमेरिका के ज्यादातर एयरपोर्ट स्थानीय सरकार या एयरपोर्ट अथारिटी के नियंत्रण में होते हैं। सबसे पहले सिटी काउंसिल एयरपोर्ट बोर्ड नाम बदलने का प्रस्ताव पास करती है। अगर एयरपोर्ट राज्य के अधिकार में है, तो गवर्नर या स्टेट लेजिस्लेचर की मंजूरी जरूरी होती है। हालांकि कुछ मामलों में सिर्फ स्थानीय मंजूरी ही काफी होती है, लेकिन बड़े एयरपोर्ट के लिए राज्य का रोल अहम होता है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) अमेरिका में एयरपोर्ट संचालन पर नजर रखने वाली प्रमुख संस्था है। नाम बदलने के बाद एफएए को आफिशियल अपडेट भेजा जाता है। सभी एयर ट्रैफिक सिस्टम, मैप्स और डेटाबेस में नाम अपडेट होता है। हालांकि एयरपोर्ट का कोड आमतौर पर नहीं बदला जाता। इसे बदलना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि इससे इंटरनेशनल एविएशन सिस्टम प्रभावित होता है। फ्लोरिडा एयरपोर्ट का कोड भी बदला जा रहा है। अमेरिकी सांसद ब्रायन मस्ट ने एयरपोर्ट का तीन अक्षरों वाला कोड पीबीआई से बदलकर डीजेटी करने का प्रस्ताव भी रखा है, जो ट्रम्प के नाम के शुरुआती अक्षर हैं।

# किसी भी आक्रमणकारी के काट देंगे पैर: ईरान

## अमेरिका के संभावित जमीनी हमले को लेकर ईरान की चेतावनी

**तेहरान।** ईरान ने मंगलवार को एक बार अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी। उसने कहा कि अगर कोई देश उस पर हमला करता है, तो उसकी सेना उसे कड़ा जवाब देगी।

तेहरान में इस्लामी रिवाल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) के खातम अल-अनबिया मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जोलफाघरी ने कहा, ईरान की सशस्त्र सेनाएं देश पर हमला करने वाले किसी भी हमलावर के पैर काट देंगी। ईरानी सरकारी मीडिया प्रेस टीवी ने यह जानकारी दी। प्रेस टीवी के मुताबिक, रूस के चेचन लड़ाके भी जरूरत पड़ने पर ईरान में तैनाती के लिए तैयार हैं, खासकर अगर अमेरिका जमीनी हमला करता है। इस बीच, वाल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान को खत्म करने पर विचार कर रहे हैं। भले ही होर्मुज जलडमरूमधय बंद ही क्यों न रहे। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने अपने सहयोगियों से कहा कि वह ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान को चार से छह हफ्तों के भीतर कम करने के लिए तैयार हैं, चाहे होर्मुज जलडमरूमधय पूरी तरह बंद ही क्यों न रहे। इस फैसले से इस अहम जलमार्ग पर तेहरान का नियंत्रण बढ़ सकता है। इसे फिर से खोलने के लिए कूटनीतिक प्रयासों पर ज्यादा फोकस किया जाएगा। ट्रम्प ने संकेत दिया कि ईरान की नौसेना और मिसाइल क्षमता को कमजोर करने जैसे बड़े लक्ष्य हासिल किए जा चुके हैं, इसलिए अब इस संघर्ष को खत्म किया जा सकता है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रम्प का मानना है कि समुद्री अभियान में लंबे समय तक उलझे बिना अपने मुख्य सैन्य लक्ष्यों को हासिल करके अमेरिका जीत का दावा कर सकता है।

■ रूस के चेचन लड़ाके भी जरूरत पड़ने पर ईरान में तैनाती के लिए तैयार हैं

## डब्लूटीओ मंत्रिस्तरीय सम्मेलन रहा बेनतीजा

**याओउंडे (कैमरून)।** विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन सोमवार को गतिरोध के साथ समाप्त हो गया। ब्राजील और तुर्की ने इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर सीमा शुल्क से मिलने वाली छूट को 2030 के अंत तक बढ़ाने के अमेरिका समर्थित समझौते को रोक दिया। पिछले 28 वर्षों से मिली यह छूट देशों को डिजिटल वस्तुओं पर टैरिफ लगाने से रोकती है, जो वैश्विक ई-कॉमर्स का प्रमुख आधार है। ब्राजील ने डब्ल्यूटीओ में व्यापक सुधारों का आह्वान किया और चेतावनी दी कि नियमों पर आधारित व्यापार प्रणाली अभूतपूर्व दबाव में है।

# अमेरिकी सैनिक के आने का 'इंतजार' कर रहे: ईरान

■ अमेरिका कथित तौर पर हफ्तों से ईरान में सीमित जमीनी अभियानों की तैयारी कर रहा है

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को धमकी देते हुए कहा है कि वह क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों के जमीनी आक्रमण का जोरदार जवाब देने के लिए तैयार है और उनके आने का 'इंतजार' कर रहा है।

यह चेतावनी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी 'प्राथमिकता ईरान में तेल लेने की होगी'। अमेरिका कथित तौर पर हफ्तों से ईरान में सीमित जमीनी अभियानों की तैयारी कर रहा है, जिसमें खर्ग द्वीप और होर्मुज जलडमरूमध्य के पास तटीय स्थलों पर छापेमारी शामिल है। ईरानी मीडिया के अनुसार, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के खातम अल-अंबिया मुख्यालय के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों के आने पर सशस्त्र बल कड़ा जवाब देंगे। रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका ने एक सीमित आक्रमण की तैयारी की है जिसमें विशेष अभियान बलों और पारंपरिक पैदल सेना दोनों द्वारा छापेमारी शामिल हो सकती है।

## यूरोपीय संघ का ईंधन आयात बिल 14.9 अरब डॉलर बढ़ा: रिपोर्ट

**मॉस्को।** यूरैक्टिव ने एक गोपनीय राजनयिक दस्तावेज के हवाले से कहा है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण यूरोपीय संघ को ऊर्जा आयात के बिल में 13 अरब यूरो (14.9 अरब डॉलर) की अतिरिक्त लागत चुकानी पड़ी है। ऊर्जा मंत्रियों की मंगलवार को होने वाली ऑनलाइन बैठक से पहले ब्रुसेल्स ने यूरोपीय संघ के देशों को भेजे दस्तावेज में कहा कि 28 दिनों के संघर्ष ने संघ के जीवाश्म ईंधन आयात बिल में पहले ही 13 अरब यूरो जोड़ दिए हैं। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किए थे।

# पाकिस्तान में सरकारी स्कूल पर हमला

## उग्रवादियों ने झंडा फहराया, सेना के साथ मुठभेड़ में नौ उग्रवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक सरकारी स्कूल पर उग्रवादियों ने हमला कर दिया। इस हमले के बाद सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम नौ उग्रवादी मारे गए।

पाकिस्तान पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सोमवार को उग्रवादियों ने खैबर जिले के बारा तहसील के आका खेल इलाके में स्थित गवर्नमेंट हाई स्कूल ख्वाजा मीर कलाय पर हमला कर दिया। हमलावरों का मकसद स्कूल भवन पर कब्जा करना था। हमले के दौरान उग्रवादियों ने स्कूल से पाकिस्तान का राष्ट्रीय धवज उतारकर अपनी झंडा फहरा दिया। इसकी सूचना मिलते ही पाकिस्तानी सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और उग्रवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों ने नौ उग्रवादियों को मार गिराया और स्कूल पर दोबारा कब्जा हासिल कर लिया। इसके बाद स्कूल पर फिर से पाकिस्तान का राष्ट्रीय धवज फहरा दिया गया। अभी तक किसी उग्रवादी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। उग्रवादियों ने हमले के दौरान स्कूल पर कब्जे और झंडा फहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी जारी किया था, जिसका उद्देश्य प्रचार करना बताया जा रहा है। हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर सर्च आपरेशन शुरू किया, ताकि किसी भी फरार उग्रवादी और उनके सहयोगियों को पकड़ा जा सके। फिलहाल स्कूल परिसर को पूरी तरह सुरक्षित घोषित कर दिया गया है और हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं।



■ पाक सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और उग्रवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई

## पाक में भारी बारिश के कारण 11 लोगों की मौत, 49 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भारी वर्षा के कारण कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें 10 बच्चे और एक महिला शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ए हादसे बन्नू, उत्तरी वजीरिस्तान और कोहाट जिलों में हुई, जहां भीषण वर्षा के कारण छतों के गिरने और कई घरों को आंशिक क्षति पहुंचने की खबरें हैं। वर्षाजनित हादसों में 49 लोग घायल भी हुए हैं। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार तक प्रांत के कई जिलों में रुक-रुक कर वर्षा होने का अनुमान जताया है। अधिकारियों ने लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने और उचित सुरक्षा सावधानी बरतने की सलाह दी है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक),CHD(होम्योपैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर),ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108